# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, मंगलवार 29 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 112 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 23.2 |
| डालटनगंज | 29.8 | 24.5 |
| धनबाद | 30.7 | 26.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### ऑपरेशन महादेव... सावन के तीसरे सोमवार को शिव ने खोला तीसरा नेत्र और कश्मीर घाटी में हुई मुठभेड़

# पहलगाम के गुनहगार मूसा फौजी समेत 3 आतंकियों को सेना ने किया ढेर

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है. ठीक तीन महीने बाद पहलगाम में 26 मासूमों की बेरहमी से हत्या करने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया है. तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों हाशिम मूसा फौजी, सुलेमान, यासिर और अली के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें से सुलेमान और यासिर पहलगाम हमले में शामिल थे. पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर हाशिम मूसा (जो पहले पाकिस्तानी सेना का सिपाही था) को आखिरकार भारतीय सेना ने मार गिराया है. यह एनकाउंटर सोमवार को श्रीनगर के लिडवास इलाके में हुआ. अब इस मुठभेड़ की तस्वीरें सामने आई हैं. हाशिम मूसा को न सिर्फ पहलगाम हमले का साजिशकर्ता माना जाता था, बल्कि वह सोनमर्ग टनल हमले का भी जिम्मेदार था.



श्रीनगर के लिडवास इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पहलगाम आतंकी हमले में शामिल टीआरएफ के तीन आतंकियों को मार गिराया. इस ऑपरेशन को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया. सुरक्षाबल इलाके में पहले से सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, जब इन आतंकियों का पता चला. मुठभेड़ में तीनों आतंकी मारे गए. लिडवास श्रीनगर का बाहरी और घना जंगलों वाला क्षेत्र है, जो त्राल से पहाड़ी रास्ते के ज़रिए जुड़ता है. इस इलाके में पहले भी टीआरएफ की आतंकी गतिविधियों की खबरें आती रही हैं. इसी दौरान सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक और संयुक्त ऑपरेशन दाछीगाम फॉरेस्ट के ऊपरी हिस्सों में भी जारी है. यह वही क्षेत्र है जहां जनवरी में भी टीआरएफ का एक ठिकाना ध्वस्त किया गया था. बता दें कि दाछीगाम में सोमवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान अचानक गोलीबारी हुई थी, जिससे इलाके में तनाव फैल गया था. इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया और ऑपरेशन को तेज कर दिया था. सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि जंगलों में अभी भी टीआरएफ के और आतंकी छिपे हो सकते हैं. दाछीगाम जंगल को पहले से ही टीआरएफ का मुख्य हाइडआउट माना जाता है. इसी ग्रुप ने हाल ही में एलओसी के पास लैंड माइन ब्लास्ट की जिम्मेदारी भी ली थी, जिसमें एक जवान शहीद हुआ था और तीन घायल हुए थे. स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ऑपरेशन के चलते घरों में ही रहें और क्षेत्र से दूर रहें. इलाके में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती है और ऑपरेशन अभी भी जारी है.

#### पहलगाम और सोनमर्ग हमले : क्या हुआ था?

- **पहलगाम हमला (22 अप्रैल 2025):** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बाइसरन घाटी में पांच आतंकियों ने 26 पर्यटकों पर हमला किया था. इनमें ज्यादातर हिंदू थे. एक ईसाई पर्यटक व एक स्थानीय मुस्लिम भी मारा गया. हमले में एम4 कार्बाइन और एके-47 का इस्तेमाल हुआ. द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जो लश्कर का मोहरा है, ने पहले जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में इनकार कर दिया.
- **सोनमर्ग टनल हमला (2024):** सोनमर्ग के जेड-मोर्ह टनल के पास हुए इस हमले में सात लोग मारे गए, जिसमें छह मजदूर और एक डॉक्टर शामिल थे. यह हमला भी लश्कर से जुड़े आतंकियों ने अंजाम दिया था. हाशिम मूसा का नाम इसमें सामने आया था.

#### हाशिम मूसा कौन था

**हाशिम मूसा, जिसे सुलैमान शाह मूसा फौजी भी कहा जाता है, लश्कर-ए-तैयबा का एक खतरनाक कमांडर था. उसकी कहानी कुछ इस तरह है...**

- पिछला बैकग्राउंड: हाशिम मूसा पाकिस्तान की स्पेशल सर्विस ग्रुप का पैरा-कमांडो था, जो एक खास ट्रेनिंग वाली सेना इकाई है.
  लश्कर में शामिल: 2022 में वह भारत में घुसपैठ कर लश्कर में शामिल हो गया. कई हमलों की साजिश रची.
- **हमलों का मास्टरमाइंड:** पहलगाम हमले की प्लानिंग और एग्जिक्यूशन में उसकी बड़ी भूमिका थी. वह बाइसरन घाटी में 15 अप्रैल से मौजूद था और सात दिन तक रेकी (जासूसी) की थी.
- **सोनमर्ग कनेक्शन:** सोनमर्ग टनल हमले में भी उसने नेतृत्व किया था, जिसमें सात लोगों की जान गई थी.
- **छिपने की जगह:** वह दाचीगाम और लिडवास के जंगलों में छिपा हुआ था, जहां से वह पाकिस्तान भागने की फिराक में था.

हाशिम मूसा को पकड़ने या मारने के लिए सेना ने 10 लाख रुपए का इनाम रखा था, क्योंकि वह कई हमलों (जैसे गंदरबल और बारामुला) में शामिल था.

#### क्या खास था इस ऑपरेशन में?

- स्वदेशी तकनीकः सेना ने स्वदेशी ड्रोन और रडार का इस्तेमाल किया, जो जंगलों में छिपे आतंकियों को ढूंढने में मददगार रहा.
- सटीकताः नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सावधानी बरती गई.
- लंबी रणनीतिः 96 दिन तक चले इस ऑपरेशन में जासूसी, घेराबंदी और सटीक हमले शामिल थे.
- ड्रोन ने रात में भी आतंकियों की गतिविधियां देखीं. थर्मल कैमरे ने उनकी गर्मी का पता लगाया. आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए रोबोट का इस्तेमाल हुआ.

**ऑपरेशन महादेव और लिडवास एनकाउंटर**: पहलगाम हमले के 96 दिन बाद शुरू हुआ ऑपरेशन महादेव हाशिम मूसा को खत्म करने में सफल रहा. यह मिशन ऐसे चला. **तैयारी:** सेना ने ड्रोन, थर्मल इमेजिंग, और मानव खुफिया (ह्यूमिंट) से हाशिम की लोकेशन ट्रैक की. लिडवास के जंगलों में उसकी मौजूदगी का पता चला.

**एनकाउंटर:** 28 जुलाई 2025 की सुबह सेना ने इलाके को घेर लिया. हाशिम और उसके दो साथियों ने गोलीबारी शुरू की, लेकिन 6 घंटे की मुठभेड़ के बाद तीनों मारे गए.

**हथियार और सबूत:** मुठभेड़ में एके-47, ग्रेनेड, और आईईडी बरामद हुए. हाशिम के पास से पाकिस्तानी पासपोर्ट और सैटेलाइट फोन भी मिला, जो आईएसआई से संपर्क दिखाता है.

**तस्वीरें:** लिडवास एनकाउंटर की तस्वीरें सामने आईं, जिसमें मारे गए आतंकियों के शव और हथियार दिख रहे हैं. ये तस्वीरें सेना की कामयाबी का सबूत हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### दिव्या देशमुख बनीं शतरंज विश्व विजेता

**नयी दिल्ली।** दिव्या देशमुख ने सोमवार को ग्रैंडमास्टर और हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर महिला शतरंज विश्व कप का फाइनल मुकाबला जीत लिया. कोनेरू हम्पी के पास वापसी का एक छोटा सा मौका था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं और दिव्या ने काले मोहरों पर एक शानदार जीत दर्ज की. नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था.

### भारतीय शिक्षा समागम का आज होगा उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को यहां भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2025 का उद्घाटन करेंगे. शिक्षा मंत्रालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य इस एक दिवसीय विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है. शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य एनईपी 2020 की उपलब्धियों की समीक्षा करना और भविष्य की रूपरेखा तैयार करना है.

### 'डॉग बाबू' के नाम बना निवास प्रमाण पत्र रद्द

**पटना।** मसौढ़ी में 'डॉग बाबू' नाम से जारी निवास प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया गया है. सोमवार को यह जानकारी प्रशासन ने दी है. इसके साथ ही संबंधित अफसर और कर्मी पर डीएम ने केस दर्ज करवाया है. प्रशासन के एक्स पर जानकारी दी गयी कि मसौढ़ी क्षेत्र में कुत्ता बाबू के नाम से निवास प्रमाण पत्र जारी हुआ है. मामला संज्ञान में आते ही उक्त प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया गया है. साथ ही, संबंधित लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### पाकिस्तान ने मानी हार, ट्रंप को भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुना दी खरी-खरी

# महाराज ऑपरेशन सिंदूर रोक दीजिए

एजेंसियां। नयी दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तय चर्चा की शुरुआत करते हुए जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत की सैन्य कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी, उनके हैंडलर और ट्रेनर मारे गए, तभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी सीट से खड़े हो गए और सवाल पूछा- फिर आपने ऑपरेशन रोका क्यों? राहुल के इस सवाल के बाद विपक्षी सांसदों ने भी सदन में शोर मचाना शुरू कर दिया. लेकिन राजनाथ सिंह ने संयमित लहजे में कहा-मुझे पूरा बोलने दीजिए, मैं हर सवाल का जवाब देने को तैयार हूं.

**सभी लक्ष्य पूरे हो चुके थे, इसलिए रोका ऑपरेशन:** राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी और विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऑपरेशन किसी दबाव में नहीं रोका गया. भारत ने सैन्य कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि तय किए गए सभी रणनीतिक लक्ष्य पूरे हो चुके थे. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, परीक्षा में परिणाम मायने रखता है, यह नहीं कि पेंसिल टूट गई थी. रिजल्ट यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने अपने सभी सैन्य लक्ष्य हासिल किए. राजनाथ ने जोर देकर कहा कि भारतीय सेना ने उन आतंकियों और उनके समर्थन करने वालों को ही टारगेट किया जो भारत पर हमलों में शामिल थे. पाकिस्तान की धरती पर बनीं टेरर नर्सरीज़ को नष्ट करना इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य था. दरअसल, जब 7 मई से 13 मई तक ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था तो उस वक्त अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आकर यह ऐलान कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हो गया है. ट्रंप ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का दावा भी किया था, जिसका भारत कई मंचों से खंडन कर चुका है. भारत की यह शुरू से नीति रही है कि वह दो पक्षों के बीच किसी तीसरे की मध्यस्थता से खारिज करता रहा है. राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सदन को फिर से आश्वस्त करना चाहता हूं कि अपने राजनीतिक जीवन में जान बूझकर कभी भी असत्य न बोलूं इसकी भरपूर कोशिश की है. मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तान पर करारा हमला किया तो पाकिस्तान ने हार मार ली. पाकिस्तान के डीजीएमओ ने कहा महाराज बहुत हो गया अब रोक दीजिए.



#### पाकिस्तान ने सीजफायर की गुहार लगाई

रक्षा मंत्री ने दावा किया कि जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया तो पड़ोसी देश पूरी तरह से घबरा गया. भारतीय वायुसेना की तीव्र हवाई कार्रवाई, थल सेना के जवाबी प्रहार और नौसेना के हमले की संभावना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. उन्होंने बताया कि 10 मई को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय डीजीएमओ को फोन कर सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की. फिर 12 मई को औपचारिक बातचीत के बाद दोनों देशों ने कार्रवाई पर विराम लगाने का निर्णय लिया.

#### ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं, स्थगित हुआ है

राजनाथ सिंह ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर रोका नहीं गया, बल्कि स्थगित किया गया है. उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान की ओर से दोबारा कोई हिमाकत होती है, तो यह ऑपरेशन फिर से शुरू किया जाएगा. हमारा उद्देश्य युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि आतंकवाद को पालने-पोसने वालों को सबक सिखाना था.

**विपक्ष ने गलत सवाल पूछे, फिर भी मैं जवाब देने को तैयार:** रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वो बार-बार पूछते हैं कितने विमान गिरे, लेकिन कभी यह नहीं पूछा कि हमने दुश्मन के कितने विमान गिराए. उन्होंने कहा, अगर सवाल पूछना है तो पूछिए- क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा? जवाब है- हां, पूरी तरह. उन्होंने कहा कि जब लक्ष्य बड़े होते हैं, तो छोटी बातों में उलझना देश की सुरक्षा और सैनिकों के उत्साह को नुकसान पहुंचा सकता है. रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए. पूरा ऑपरेशन महज 22 मिनट में समाप्त हो गया. हमने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा. सेना ने हमारी माताओं और सिंदूर का बदला लिया. राजनाथ सिंह ने अंत में कहा कि उन्होंने कभी राजनीति को शत्रुतापूर्ण नजरिए से नहीं देखा. आज हम सत्ता में हैं, कल विपक्ष में भी हो सकते हैं. जनता ने जब हमें विपक्ष सौंपा था, तब भी हमने जिम्मेदारी से भूमिका निभाई थी.

### गौरव गोगोई का सरकार से तीखा सवाल

## आतंकी पहलगाम में कैसे आए?

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने लोकसभा में कहा कि राजनाथ सिंह ने बहुत सारी जानकारी दी, लेकिन रक्षा मंत्री के रूप में यह नहीं बताया कि आतंकवादी पहलगाम में कैसे आए. राष्ट्रहित में ये सवाल पूछना हमारा कर्तव्य है. देश जानना चाहता है कि पहलगाम हमले को 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन यह सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में नहीं ला पाई है. कांग्रेस सांसद ने कहा, हम राजनाथ सिंह जी से जानना चाहते हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए गए. हमें यह सिर्फ जनता को ही नहीं, बल्कि अपने जवानों को भी बताना होगा, क्योंकि उनसे भी झूठ बोला जा रहा है. गोगोई ने कहा, पूरा देश और विपक्ष पीएम मोदी का समर्थन कर रहे थे. अचानक 10 मई को हमें पता चला कि युद्धविराम हो गया है. क्यों? हम मोदी से जानना चाहते थे कि अगर पाकिस्तान घुटने टेकने को तैयार था, तो आप क्यों रुके और किसके सामने आत्मसमर्पण किया? अमेरिकी राष्ट्रपति ने 26 बार कहा है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को युद्धविराम की घोषणा करने के लिए मजबूर किया.



## कश्मीर तो वो लोग गए, जिन्हें तफरीह करनी थी : ललन सिंह

केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि कश्मीर तो वो गए, जिन्हें तफरी करनी थी. देश के प्रधानमंत्री को तो एक्ट करना था. प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गए. वहां भी पीएम मोदी ने कहा कि घटना से मर्माहत हूं, इसका जवाब कल्पना से परे पाकिस्तान को मिलेगा. मधुबनी में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का उनका जो संकल्प था, पहली बार देखा कि कुछ देर अंग्रेजी में भाषण दिया. उन्होंने दुनिया को दृढ़ इच्छाशक्ति का संदेश दिया. छह और सात मई की मध्य रात्रि में हमारे सैनिकों ने नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. आपने देखा होगा टीवी पर, आतंकियों के जो आका थे, वह रो रहे थे.



### बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# पहचान के लिए राशन, आधार व वोटर कार्ड को भी शामिल करें

एजेंसियां। नयी दिल्ली

बिहार मतदाता सूची संशोधन पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग के निर्देश दिया कि राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर कार्ड को पहचान के लिए शामिल करें. कोर्ट ने कहा कि जालसाजी का खतरा उन 11 डॉक्यूमेंट में से किसी के लिए भी बना हुआ है, जिन्हें उसने अनुमति दी ह.। इससे पहले आयोग ने राशन कार्ड सहित तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खारिज करने के लिए जालसाजी का हवाला दिया था. कोर्ट ने कहा कि आयोग ने राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को इसलिए खारिज किया था क्योंकि उनमें जालसाजी का खतरा था लेकिन ये खतरा उन 11 दस्तावेजों में भी है, जिन्हें आयोग ने स्वीकार किया है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार के मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आधार और ईपीआईसी जैसे दस्तावेज जमा करने की अनुमति दी जाए. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'सरकारी दस्तावेजों के साथ सच्चाई जुड़ी होती है. आप इन दो दस्तावेजों के साथ आगे बढ़ें. आप इन दो दस्तावेजों (आधार और ईपीआईसी) को शामिल करेंगे, जहां भी आपको जालसाजी मिलेगी, वो केस-टू-केस आधार पर होगा. पृथ्वी पर किसी भी दस्तावेज को जाली बनाया जा सकता है. अगर कोई गड़बड़ी होती है तो उसे बाद में देखा जाएगा.

#### ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक से इंकार

जस्टिस कांत ने आयोग से कहा कि 'सामूहिक बहिष्कार' के बजाय 'सामूहिक समावेशन' होना चाहिए. मतलब ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल किया जाना चाहिए. हालांकि, कोर्ट ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से मना कर दिया. अंतिम फैसला कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर निर्भर करेगा जस्टिस कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विस्तृत सुनवाई नहीं की क्योंकि जस्टिस कांत को चीफ जस्टिस के साथ एक मीटिंग में जाना था. कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि मामले की जल्द सुनवाई होगी. याचिकाकर्ताओं में से एक, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने वोटर लिस्ट पर रोक लगाने की मांग की थी. उन्होंने कहा कि इससे लगभग 4.5 करोड़ लोगों को परेशानी होगी.

### जांच रिपोर्ट और कमेटी पर जस्टिस यशवंत वर्मा उठा रहे थे सवाल

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- तो उसी समय क्यों नहीं आए कोर्ट?

**नयी दिल्ली।** कैश कांड मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा से सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपनी याचिका के साथ जांच कमेटी की रिपोर्ट भी लगाइए, उसके बाद मामला सुनेंगे. जस्टिस वर्मा ने जांच के लिए बनाई गई तीन जजों की कमेटी के गठन पर भी सवाल उठाए हैं, जिस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर उनको आपत्ति थी तो वह उसी समय क्यों कोर्ट नहीं आए. तीन जजों की कमेटी की रिपोर्ट में जस्टिस यशवंत वर्मा को घर से कैश मिलने का दोषी ठहराया गया था, जिसके खिलाफ जस्टिस वर्मा ने याचिका दाखिल की और रिपोर्ट को अमान्य करार देने की मांग की है. जस्टिस यशवंत वर्मा ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की इस सिफारिश का भी विरोध किया है, जिसमें उन्होंने यशवंत वर्मा को तत्काल पद से हटाने की बात कही थी.

### नौकरी पर संकट : टीसीएस करेगी अपने 12,000 कर्मचारियों की छंटनी, बढ़ेगा विवाद

# सरकार की है नजर, आईटी स्टॉक्स में भारी गिरावट

शुभम संदेश डेस्क

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने 12000 कर्मियों की छंटनी करने की योजना बनाई है. यह आंकड़ा कंपनी के कुल वर्कफोर्स का करीब 2% है. कंपनी के अनुसार, जिन कर्मियों के कौशल अब कंपनी की बदलती तकनीकी जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें हटाया जाएगा. एफआईटीई (फोरम फार आईटी इंप्लाईज) ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है. इस बीच, टीसीएस की ओर से 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद के घटनाक्रम पर सरकार की कड़ी नजर है. सूत्रों ने बताया कि आईटी मंत्रालय पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और कंपनी के संपर्क में है. मंत्रालय चिंतित है और वह इसके मूल कारणों को समझने के लिए इसकी जांच करेगा. यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी, टीसीएस, 12,261 कर्मियों, यानी अपने वैश्विक कार्यबल के दो प्रतिशत, की छंटनी करने वाली है. इसका सबसे ज़्यादा असर मध्यम और वरिष्ठ स्तर पर पड़ेगा.



**टीसीएस के फैसले से आईटी के शेयरों में गिरावट :** इधर टीसीएस के इस फैसले के कारण सोमवार को शेयर बाजार में खासतौर पर आईटी सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट दर्ज हुई. टीसीएस के शेयर 1.76 फीसदी गिरकर 3080, एचसीएल टेक के शेयर 1.60 फीसदी गिरकर 1466.30 रुपये और विप्रो के शेयर 3.55 फीसदी गिरकर 250 रुपये पर कारोबार कर रहे थे. इसके अलावा मिडकैप आईटी स्टॉक्स में दबाव देखने को मिल रहे हैं.

**टीसीएस की तिमाही रिपोर्ट - राजस्व में गिरावट :** टीसीएस की पहली तिमाही में रेवेन्यू में 3.3% की गिरावट आई है. वहीं अंतरराष्ट्रीय बिक्री भी 0.5% घटी है. रिपोर्ट के अनुसार, उपकरण और सॉफ्टवेयर लागत घटकर बिक्री का 1.14% रह गई है. मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने टीसीएस पर खरीद की सिफारिश बरकरार रखी है और 3,850 का लक्ष्य मूल्य निर्धारित किया है. यानी मौजूदा स्तर से 14% बढ़त की संभावना है.

**टीसीएस में अभी 6.13 लाख से अधिक कर्मचारी:** बता दें कि टीसीएस में इस समय करीब 6,13,069 कर्मचारी कार्यरत हैं. यह कंपनी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध है. यह टाटा ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनियों में से एक है और वैश्विक स्तर पर सॉफ्टवेयर सेवाएं और कंसल्टिंग प्रदान करती है. कंपनी के हालात अब ठीक नहीं हैं.

#### जबरन इस्तीफा मांगा जाए तो करें श्रम आयुक्त के पास शिकायत

एफआईटीई ने कहा है कि टीसीएस किसी वित्तीय संकट में नहीं है. स्थिर मुनाफे के दौरान छंटनी केवल लाभ को बढ़ाने की कोशिश है. कंपनी को कर्मचारियों को जबरन इस्तीफा देने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए. फोरम ने प्रभावित कर्मचारियों को यह सलाह दी है कि स्वेच्छा से इस्तीफा न दें. हर संवाद (ईमेल, कॉल, मीटिंग नोट्स) दर्ज करें. जबरन इस्तीफे की स्थिति में अपने राज्य के श्रम आयुक्त के पास शिकायत दर्ज करें. एफआईटीई से भी तुरंत संपर्क करें.

# सपा, कांग्रेस चुप, एनडीए सांसदों ने उठाई अखिलेश की पत्नी डिंपल के लिए आवाज

एजेंसियां। नयी दिल्ली

अखिल भारतीय इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी और सांसद डिंपल यादव के लिए अमर्यादित टिप्पणी की. उनकी टिप्पणी पर सपा और कांग्रेस जहां खुलकर कुछ बोलने से बच रहे, तो वहीं भाजपा नीत एनडीए सांसदों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया. सांसदों ने प्लेकार्ड लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान सांसदों ने नारे बाजी भी की. कहा- नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे. नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान. सांसदों ने हाथ में जो कार्ड ले रखा था, उसमें लिखा था-बेशर्मी की कैसी चाल, पत्नी के अपमान पर नहीं सवाल. इस विरोध प्रदर्शन में अनुराग ठाकुर समेत कई महिला सांसद भी शामिल थीं.



**भाजपा प्रवक्ता ने भी उठाए सवाल :** उधर, भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, यह दुख की बात है कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वोट बैंक की मजबूरियों के कारण मौलाना द्वारा डिंपल यादव के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर चुप हैं. आज देशभर की महिलाएं गुस्से में हैं क्योंकि वे इंडी और खासकर अखिलेश यादव से सवाल पूछ रही हैं कि अगर आप अपनी पत्नी के सम्मान के लिए खड़े नहीं हो सकते, अगर आप महिलाओं के सम्मान के लिए खड़े नहीं हो सकते, तो आप यूपी में बेटियों की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं. उधर, सपा सांसद इकरा हसन ने मौलाना रशीदी की टिप्पणी पर कहा, महिला जनप्रतिनिधि, सबसे बड़ी पंचायत की सदस्य पर ऐसी टिप्पणी बेहद शर्मनाक है. ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. इनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए.

## बोकारो जिले के तेतुलिया जमीन घोटाला मामले में दो आरोपितों से जेल में ईडी की पूछताछ

**शुभम संदेश। रांची**

बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में हुए जमीन घोटाले के आरोपित इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से सोमवार से बिरसा मुंडा जेल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ शुरू कर दी है. ईडी को पीएमएलए अदालत ने हुसैन बंधुओं से पूछताछ के लिए 28 से 30 जुलाई तक का समय दिया है. पीएमएलए अदालत के आदेश पर ईडी अधिकारियों की एक टीम आज बिरसा मुंडा जेल पहुंची और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूछताछ शुरू की. दोनों आरोपित फिलहाल जेल में बंद हैं.

दरअसल, आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) पहले से इस लगभग 107 एकड़ वन भूमि घोटाले की जांच कर रही है. लेकिन ईडी ने भी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दोनों को आरोपित बनाया है.

उल्लेखनीय है कि पीएमएलए अदालत ने ईडी को इससे पहले पूछताछ के लिए एक दिन का समय दिया था. लेकिन अदालत की ओर से दिया गया समय पर्याप्त नहीं होने की वजह से ईडी ने अदालत में दोबारा आवेदन दिया था. ईडी के आनेदन में कहा गया कि मामले की जांच के दौरान मिले पैसों के अवैध लेन-देन से संबंधित सबूत के आधार पर दोनों आरोपितों से पूछताछ और उनका बयान दर्ज करना जरूरी है. इसके बाद अदालत ने दोनों आरोपितों से 28 जुलाई से तीन दिनों तक जेल में पूछताछ की अनुमति दी. साथ ही पूछताछ के दौरान आरोपितों को दिन में एक बार अपने वकील से 15 मिनट के लिए मिलने की भी अनुमति दी गई है. दोनों आरोपितों को आदालत के आदेश पर सीआईडी ने 12 जुलाई को जेल भेज दिया था. तबसे दोनों रांची के बिरसा मुंडा कारागार (जेल) में बंद हैं.

### झारखंड डीजीपी नियुक्ति मामले में अब सुप्रीम कोर्ट में 19 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

## बाबूलाल और डीजीपी ने रखा पक्ष, सरकार का पक्ष बाकी

**शुभम संदेश। रांची/दिल्ली**





अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्त करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अनजारिया की पीठ में बाबूलाल और डीजीपी की ओर से पक्ष रखा गया. वहीं राज्य सरकार की ओर से वकील कपिल सिब्बल के दूसरे कोर्ट में होने की वजह से थोड़ा समय मांगा गया. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई के लिए 19 अगस्त की तिथि निर्धारित की. प्रकाश सिंह बनाम केंद्र के मामले में प्रकाश सिंह की ओर से आईए दायर किया गया था. अधिवक्ता प्रशांस भूषण ने प्रकाश सिंह का पक्ष पेश करते हुए कहा कि राज्य सरकारों द्वारा डीपीजी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश का उल्लंघन किया जा रहा है. इसलिए डीजीपी की नियुक्ति के लिए वही प्रक्रिया लागू कर दी जाये, जिस प्रक्रिया के तहत सीबीआई के निदेशक की नियुक्ति होती है.

दरअसल डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अवमानना याचिका दायर कर चुनौती दी है. इस मामले में बाबूलाल मरांडी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि झारखंड में राज्य सरकार ने पहले जिस अधिकारी को प्रभारी डीजीपी बनाया, उसे ही डीजीपी नियुक्त कर दिया गया. सरकार द्वारा नियुक्त किए गए डीजीपी को चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान हटा दिया था. लेकिन चुनाव के बाद फिर उसी अधिकारी को नियुक्त कर दिया गया.

डीजीपी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई लंबित नहीं है और प्रकाश सिंह मामले में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसके मुताबिक, उनकी नियुक्ति बिल्कुल जायज है. वहीं राज्य सरकार की ओर से बहस के लिए समय (पास ओवर) मांगा गया. जबकि केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित वरीय अधिवक्ता ने बाबूलाल मरांडी की ओर से दी गई दलील को सही ठहराते हुए नियुक्ति पर सवाल उठाया. इस मामले में केंद्र सरकार ने अन्य प्रतिवादी राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.

### न्यायालय की अवमानना कर अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर किया गया नियुक्त

बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्त करने को चुनौती दी थी. इसमें मुख्य सचिव सहित अन्य को प्रतिवादी बनाया गया था. याचिका में कहा गया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार के मामले में दिये गये दिशा निर्देश के खिलाफ की गयी है. अनुराग गुप्ता को नियुक्त करने के लिए यूपीएससी के पैनल से नियुक्त किये गये डीजीपी को गलत तरीके से पद से हटाया गया. सुप्रीम कोर्ट ने किसी डीजीपी को पद से हटाने के लिए जो शर्त निर्धारित की है, उसका उल्लंघन किया गया. इसलिए अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्ति करना न्यायालय की अवमानना है.

### राज्यपाल ने उच्च शिक्षा में सुधार के लिए कुलपतियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

## शैक्षणिक कैलेंडर का कड़ाई से पालन करें, दूरदराज के इलाकों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें : गंगवार

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. बैठक का उद्देश्य राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना और गुणवत्ता में सुधार लाना था. राज्यपाल ने इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, ताकि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और समयबद्ध परीक्षा-परिणाम व्यवस्था सुनिश्चित करें.

**परीक्षा समाप्ति के एक माह के अंदर परिणाम घोषित करना अनिवार्य :** राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि हर विश्वविद्यालय को परीक्षा समाप्ति के एक माह के भीतर परिणाम घोषित करना अनिवार्य होगा. इसके साथ ही शैक्षणिक कैलेंडर का कड़ाई से पालन करने और समय पर दीक्षांत समारोह के आयोजन के निर्देश भी दिए गए. उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड का ग्रास एनरौलमेंट रेशियो (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है, जिसे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.

**विश्वविद्यालयों की रैंकिंग सुधारें, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर फोकस:** बैठक में विश्वविद्यालयों की रैंकिंग सुधारने, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस अपनाने पर भी जोर दिया गया. सभी विश्वविद्यालयों को समय पर वित्तीय अंकेक्षण कर उसकी रिपोर्ट राजभवन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया.

**प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनाने पर जोर:** प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनाने, छात्रावास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था और एंटी-रैगिंग सेल की सक्रियता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया. खराब सीसीटीवी को बदलकर एएमसी कराए जाने के निर्देश दिए गए.

### कुलपति सिर्फ प्रशासक नहीं, बल्कि शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता बनें

कुलपतियों को सिर्फ प्रशासक नहीं बल्कि शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता बनने का आह्वान करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सोच और प्रयास ही राज्य की उच्च शिक्षा को नई दिशा दे सकते हैं. उन्होंने शोध कार्यों की गुणवत्ता, मौलिकता और नवाचार पर भी विशेष बल दिया. साथ ही, कुछ शिक्षकों की कक्षाएं न लेने की शिकायतों को गंभीर विषय बताते हुए सभी शिक्षकों से नियमित कक्षा लेने और कुलपतियों से प्रेरणादायक कक्षाएं आयोजित करने का निर्देश दिया.

### कौशल विकास, बेहतर इंटर्नशिप और उद्योगों के साथ साझेदारी बढ़ाने की जरूरत

राज्यपाल ने कौशल विकास, बेहतर इंटर्नशिप और उद्योगों के साथ साझेदारी बढ़ाने की आवश्यकता जताई. विद्यार्थियों से ऑनलाइन फीडबैक प्रणाली के माध्यम से नियमित प्रतिक्रिया लेने का भी सुझाव दिया गया. रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया गया. आवश्यकतानुसार शिक्षकों का स्थानांतरण न करने तथा जो जहां नियुक्त हैं, वहीं रहने के निर्देश दिए गए.

### मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर दिया जोर

बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ स्थानों पर महाविद्यालय तो हैं, लेकिन विद्यार्थी नामांकन नहीं करा रहे हैं. इस संदर्भ में कुलपतियों को स्वयं जाकर वहां माहौल बनाने और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने का निर्देश दिया गया. मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विशेष जोर दिया गया, ताकि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिले. साथ ही, सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में यदि छात्रों की रुचि कम है, तो उन्हें बंद करने का भी सुझाव दिया गया.

### 'एक व्यक्ति – एक पद' के सिद्धांत को अपनाया जाए

राज्यपाल ने 'एक व्यक्ति – एक पद' के सिद्धांत को अपनाने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन उपलब्ध कराने और लंबित न्यायिक मामलों के त्वरित समाधान के लिए गैर–क्रियाशील अधिवक्ताओं को बदलने की भी बात कही. बैठक में विश्वविद्यालयों के पास स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट और मास्टर प्लान होना आवश्यक बताया गया. निर्माणाधीन भवनों के अनुश्रवण के लिए कमेटी गठित करने और जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण के लिए उच्च शिक्षा विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए गए. राज्यपाल ने कुलपतियों से आह्वान किया कि वे दूरदर्शिता, सक्रियता और विवेकपूर्ण निर्णयों के माध्यम से झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ बनाएं. उन्होंने कहा कि तीन माह बाद पुन: समीक्षा बैठक कर प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा. साथ ही उन्होंने कुलपतियों को उनकी सहायता के लिए नि:संकोच संपर्क करने का विश्वास दिलाया. यदि सभी मिलकर कार्य करें, तो झारखंड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य बन सकता है.

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार

**शुभम संदेश।रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रांची पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. गिरफ्तार आरोपित का नाम नित्यानंद पाल बताया गया है. एक वरीय अधिकारी ने सोमवार को गिरफ्तारी की पुष्टि की है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ने नशे की हालत में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी. फोन करने वाले ने संजय सेठ से कहा था कि उसने कई लोगों की हत्या की है और अब मंत्री की बारी है। इसके बाद धमकी देने वाले ने एक मैसेज भी भेजा, जिसमें लिखा था आप पर गोली चलेगी. धमकी मिलने के बाद संजय सेठ ने तत्काल रांची और दिल्ली पुलिस को सूचित किया. सूचना मिलते ही रांची पुलिस सक्रिय हो गई और डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया.

इस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले आरोपित को धनबाद से गिरफ्तार किया है.आरोपित नशे की हालत में अक्सर किसी न किसी को फोन पर धमकी देता रहता था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### झारखंड में सामान्य से 56% अधिक बारिश दर्ज

**रांची।** झारखंड में अब तक सामान्य से 56 प्रतिशत अधिक बारिश रिकार्ड की गई है. यह आंकड़ा मौसम विभाग का 1 एक जून से 27 जुलाई तक का है. विभाग के अनुसार झारखंड में 467.4 के मुकाबले 727 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है. राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम में सामान्य से 130 मिमी अधिक दर्ज की गईं है. वहीं रांची में 99 प्रतिशत, सरायकेला खरसावां में 111 प्रतिशत, पश्चिमी सिंहभूम में 81 प्रतिशत, पलामू में 80 प्रतिशत, लातेहार में 98 प्रतिशत, खूंटी में 71 प्रतिशत और रामगढ़ में 70 प्रतिशत बारिश रिकार्ड की गई है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी राज्य के विभिन्न जिलों में मध्यम से हल्के दर्ज की बारिश होने की संभावना है. सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही बादल छाए रहे. कई स्थानों पर बारिश भी हुई. सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.8 मिमी, जमशेदपुर में 30.7, 31, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

### हत्या मामले में हैदर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व पार्षद शबाना खान के पति रिंकू खान की हत्या के आरोपित और जेल में बंद हैदर को जमानत दे दी है. हैदर को रांची सिविल कोर्ट से उम्रकैद की सजा हुई थी. हाईकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और अम्बुज नाथ की दो सदस्यीय पीठ में हैदर की याचिका पर सुनवाई हुई. आरोपित की ओर से पेश वकील की दलील सुनने के बाद पीठ ने हैदर को जमानत दे दी. उल्लेखनीय है कि पैसे के लेनदेन को लेकर पूर्व पार्षद शबाना खान के पति रिंकू की 23 मार्च 2022 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. रांची सिविल कोर्ट ने इस मामले में आरोपित अयूब सहित हैदर अली और फिरदौस उर्फ बबलू को उम्रकैद की सजा सुनाई है. इससे पहले इसी मामले में जेल में बंद मुर्शीद अयूब को भी उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है.

### प्रवीण प्रभाकर बने आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष दीपक महतो और संजय मेहता को महासचिव का पद



**रांची।** वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर को आजसू पार्टी का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दीपक महतो को केंद्रीय महासचिव और संजय मेहता को केंद्रीय महासचिव–सह–प्रवक्ता नियुक्त किया गया है. आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने संगठन विस्तार करते हुए पार्टी, युवा आजसू तथा छात्र आजसू के कई पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है. महतो ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दी हैं. पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि बसंत महतो, कुमुद वर्मा एवं चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया गया है. मुन्नू अख्तर को हजारीबाग जिला सचिव बनाया गया है. सहिस ने बताया कि ऋतुराज शाहदेव को आजसू छात्र संघ का केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मो कैफ को युवा आजसू का दक्षिणी छोटानागपुर सह प्रभारी तथा संजय साहू को रांची जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है.

### झारखंड में आईपीएस अफसरों की कमी

## केंद्र ने डेपुटेशन पर भेजने के लिए दो बार भेजा रिमाइंडर

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड कैडर में आईपीएस अधिकारियों की कमी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है. केंद्र में झारखंड कैडर के आईपीएस के लिए 34 स्वीकृत पद हैं. इसके बावजूद वर्तमान में केवल 24 अधिकारी ही तैनात हैं. यानी केंद्र में अभी भी 10 अधिकारियों की कमी है, जिससे राज्य में पुलिस प्रशासन पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है.

**बार-बार मंत्रालय भेज रहा रिमाइंडर:** इस गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय के अपर सचिव (पुलिस-1) ने 24 दिसंबर 2024 को झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए उपयुक्त अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था. इसके बाद 10 मार्च 2025 को मंत्रालय ने फिर से मुख्य सचिव को रिमाइंडर जारी किया.

### सभी राज्यों को अपने अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजना अनिवार्य




मंत्रालय द्वारा झारखंड के मुख्य सचिव को बार–बार आईपीएस अधिकारियों को सेंट्रल डेपुटेशन पर भेजने का अनुरोध करना, इस का स्पष्ट संकेत है कि झारखंड सरकार के पास पर्याप्त संख्या में आईपीएस अधिकारी नहीं हैं, जिन्हें केंद्र सरकार की सेवा में भेजा जा सके. जबकि नियमों के तहत, हर राज्य को केंद्र के लिए एक निश्चित संख्या में अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजना होता है, लेकिन झारखंड में आईपीएस अधिकारियों की पहले से ही कमी होने के कारण यह अनिवार्यता पूरी नहीं हो पा रही है.

### झारखंड कैडर के 24 आईपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

- संपत मीणा
- संजय लाठकर
- नवीन कुमार सिंह
- बलजीत सिंह
- आशीष बत्रा
- साकेत कुमार सिंह
- कुलदीप द्विवेदी
- अभिषेक
- अनुप टी मैथ्यू
- राकेश बंसल
- अनीश गुप्ता
- एम तमिलवाणन
- पी मुरुगन
- जया रॉय
- अखिलेश वॉरियर
- अंशुमन कुमार
- प्रशांत आनंद
- हरि लाल चौहान
- प्रियंका मीणा
- सुभाष चंद्र जाट
- आर रामकुमार
- विनीत कुमार
- के विजय शंकर
- शुभांशु जैन

### 4 से पारा शिक्षक करेंगे विधानसभा का घेराव

## रसोईया रहेंगी सामूहिक अवकाश पर

**शुभम संदेश। रांची**

राज्य के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) और स्कूलों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली रसोइया आगामी दिनों में विधानसभा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करने जा रहे हैं. अपनी मांगों को लेकर झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा और झारखंड विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ ने आंदोलन का ऐलान किया है.

**पारा शिक्षकों की प्रमुख मांगें**

संघ के प्रतिनिधि विनोद तिवारी ने बताया कि पारा शिक्षकों की मुख्य मांगों में शामिल हैं:

- समान कार्य के लिए समान वेतन
- बर्खास्त किए गए 2000 पारा शिक्षकों की सेवा बहाली
- अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना
- सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को 65 वर्ष तक बढ़ाना



**पारा शिक्षक 4 से 7 अगस्त तक जिलेवार विधानसभा का घेराव करेंगे:**

- 4 अगस्त: हजारीबाग, रामगढ़, पाकुड़, पलामू, गढ़वा, लातेहार
- **5 अगस्त:** गिरिडीह, खूंटी, लोहरदगा, गोड्डा, दुमका, कोडरमा
- **6 अगस्त:** चतरा, रांची, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां
- **7 अगस्त:** गुमला, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, साहेबगंज, बोकारो

**रसोइयों की मांगें और प्रदर्शन**

झारखंड विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने बताया कि रसोइयों की मुख्य मांगें हैं:

- उचित वेतनमान
- 10 लाख का बीमा कवर
- ईपीएफ और पेंशन की सुविधा

प्रदर्शन के दौरान संबंधित जिले की रसोइया सामूहिक अवकाश पर रहेंगी, जिससे मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित हो सकती है.

**प्रदर्शन की तिथियां**

**4 अगस्त:** हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, कोडरमा, धनबाद
**5 अगस्त:** पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां
**6 अगस्त:** रांची, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार
**7 अगस्त:** गुमला, सिमडेगा, पलामू, गोड्डा, साहेबगंज, दुमका, जामताड़ा, देवघर, गढ़वा

## रांची में होटल ताज के लिए 6 एकड़ भूमि की हुई लीज

### नवंबर में हो सकता है शिलान्यास

**शुभम संदेश। रांची**



राजधानी रांची में होटल ताज खुलने का रास्ता साफ हो गया है. राज्य सरकार के नगर विकास विभाग ने सोमवार को होटल ताज के निर्माण के लिए जमीन की लीज ताज प्रबंधन के नाम कर दी है. यह प्रक्रिया दोपहर करीब 12 बजे रजिस्ट्री कार्यालय में पूरी हुई, जहां नगर विकास विभाग और ताज ग्रुप के अधिकारी मौजूद थे.

**60 वर्षों के लिए दी गई लीज:** होटल ताज दुनिया की प्रतिष्ठित 5 स्टार होटलों में अग्रणी है. रांची में होटल ताज का निर्माण धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी कोर कैपिटल क्षेत्र में किया जाएगा. होटल का शिलान्यास नवंबर में होने का अनुमान है. फिलहाल लीज 60 वर्षों के लिए दी गई है. इसके लिए सरकार को लगभग 4 करोड़ 20 लाख रुपये का राजस्व स्टांप और फीस के रूप में ताज ग्रुप की ओर से दिया गया है.

**24 जुलाई 2024 को हुआ था सरकार और आईएचसीएल के बीच एमओयू :** उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई 2024 को झारखंड सरकार और टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स लिमिटेड (आईएचसीएल) के बीच होटल खोलने को लेकर एमओयू किया गया था. एमओयू कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे.

### होटल खुलने से लोगों को मिल सकेगा रोजगार

ताज होटल को लेकर पिछले दिनों जो जानकारी सामने आयी थी, उसके मुताबिक होटल की ऊंचाई करीब 27 मीटर होगी और 40 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज में इसका निर्माण होगा. वहीं होटल में करीब 200 कमरे होंगे. इसके अलावा इसमें बैक्वेट हॉल, वेलनेस सेंटर, स्वीमिंग पुल और गार्डन जैसी सुविधाएं होंगी. सरकार को अनुमान है कि होटल ताज खुलने से शहर के करीब 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार मिल सकेगा.

### 400 करोड़ की लागत, 200 कमरों का होगा ताज होटल

होटल ताज को लीज पर दी गई जमीन का कुल क्षेत्रफल 6 एकड़ है. इसके निर्माण पर करीब 400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और होटल का निर्माण कार्य चार साल में पूरी होने की उम्मीद है.

### डिजिटल कमाई करने वालों पर आयकर विभाग रखेगा नजर

## इनफ्लुएंसर्स को कमाई का देना होगा विस्तृत ब्योरा

**शुभम संदेश। रांची**

अब सोशल मीडिया के ज़रिए पैसे कमाने वालों को आयकर विभाग से अपनी इनकम छुपाना मुश्किल होगा. आयकर विभाग ने आईटीआर-3 और 4 में बड़ा बदलाव करते हुए इन फॉर्मों में पांच नई पेशेवर श्रेणियों (कोड) को जोड़ा है. जिसका सीधा असर अब सोशल मीडिया सोशल मीडिया मंच और यूट्यूब से कमाई करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर, यूट्यूबर), वायदा एवं विकल्प ट्रेडर, कमीशन एजेंट, सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों समेत अन्य व्यक्तियों पर भी पड़ेगा.

अब इन्हें अपनी आय के स्रोत का विस्तृत ब्योरा देना होगा और उससे जुड़े फॉर्म भी भरने होंगे. कई ऐसे पेशेवर अपनी आय की जानकारी देते समय 'अन्य' श्रेणी का चुनाव करते थे. जिससे विभाग के लिए यह जानना मुश्किल हो जाता था कि पेशेवर वास्तव में किस व्यवसाय से अपनी आय अर्जित कर रहा है. लेकिन अब नये कोड जारी होने के बाद यह समस्या ही खत्म हो जाएगी. आयकर विभाग अब इनपर बेहतर तरीके से नज़र रख पाएगा. जिससे कर की चोरी को रोका जा सकेगा.

### इन्हें अब देना होगा विस्तृत ब्योरा

- जो लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूट्यूब पर कंटेंट बनाकर, उत्पादों का प्रमोशन या विज्ञापन करके कमाई करते हैं. इनके लिए 16021 नाम से एक नया पेशेवर कोड पेश किया गया है.
- शेयर बाजार में वायदा और विकल्प ट्रेडिंग से आय कमाने वाले.
- विभिन्न प्रकार के कमीशन से आय प्राप्त करने वाले.
- सट्टा व्यापार से होने वाली आय वाले.
- **इन श्रेणियों से जुड़े अन्य व्यवसाय करने वाले :** अब इन पेशेवर को अपनी इनकम और टैक्स के अनुमान के हिसाब से आईटीआर–3 या आईटीआर–4 (सुगम) में से कोई एक फॉर्म चुनना होगा. ये नई कैटेगरीज़ फॉर्म के ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह के सॉफ्टवेयर में जोड़ दी गई हैं.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 29 जुलाई 2025 । श्रावण शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 112 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## श्रावणी मेला : सावन के तीसरे सोमवार को 4 बजे सुबह से शुरू हुआ भक्तों का रेला

# जलार्पण के लिए कांवरिए 15 किमी लंबी लगी लाइन में लगे रहे, प्रशासन मुस्तैद

**शुभम संदेश। देवघर**

राजकीय श्रावणी मेला 2025 के तीसरे सोमवार को बाबा नगरी देवघर भक्ति और आस्था के सैलाब में मिला. अहले सुबह 4:06 बजे मंदिर के पट खुलते ही लाखों शिवभक्तों के लिए जलार्पण का सिलसिला शुरू हो गया. करीब 15 किलोमीटर लंबी लाइन में कांवरिए अरघा से जलार्पण के लिए घंटों इंतजार करते देखे गए. बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर परिसर से लेकर कुमैठा तक की पूरी रूटलाइन शिवभक्तों के बोल बम और 'बाबा एक सहारा' के जयघोष से गूंज रहा है. हर जगह कांवरियों का जत्था कतारबद्ध होकर धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार कर रहा है. शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है और वे निरंतर आगे बढ़ते हुए बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने को आतुर दिख रहे हैं.



प्रशासन द्वारा की गई व्यापक व्यवस्थाओं के बीच कांवरिया बेहतर रूप से अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं. सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो. देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग पूरी रात मेला क्षेत्र का दौरा करते रहे. उनके साथ अतिरिक्त आईपीएस अधिकारी दीपक पांडेय और मनोज स्वर्गियारी ने भी व्यवस्थाओं की समीक्षा की. सभी प्रशासनिक शिविरों, सूचना केंद्रों और स्वास्थ्य इकाइयों को अलर्ट पर रखा गया है.

**रैफ और सीआरपीएफ को मंदिर परिसर की जिम्मेदारी, पुलिस बल तैनात :** भारी भीड़ को नियंत्रित करने और जलार्पण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को मंदिर परिसर की कमान सौंपी गई है. वहीं बाहरी अरघा में कांवरियों की कतारों को नियंत्रित करने के लिए झारखंड पुलिस के जवान तैनात हैं. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी उमा भवन और अन्य प्रमुख स्थलों पर 24 घंटे अलर्ट पर हैं.

## सावन की तीसरी सोमवारी पर सूर्य मंदिर धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सीदगोड स्थित सूर्य मंदिर धाम में भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की अगुवाई में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर सुल्तानगंज से लाए गए पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक किया. हर वर्ष की तरह इस बार भी यह परंपरा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ निभाई गई, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या को देखते हुए पहली बार मंदिर परिसर में अर्घ्य प्रणाली का प्रयोग किया गया, जिससे भक्तों को व्यवस्थित ढंग से जल चढ़ाने की सुविधा मिल सकी.



भव्य कलश यात्रा हरि मंदिर के पास से शुरू हुई और सूर्य मंदिर तक पहुंची. यात्रा में शामिल भक्त 'हर हर महादेव', 'जय भोलेनाथ', 'बोल बम' के नारे लगाते हुए बैंड-बाजे के साथ झूमते, नाचते मंदिर परिसर पहुंचे. पूरा वातावरण शिवमय हो गया था. गंगा जल से भगवान शंकर का जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया.

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मौके पर कहा कि पिछले 18 वर्षों से यह आयोजन सतत रूप से होता आ रहा है. उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम नहीं जा पाते, उनके लिए यह स्थान वैकल्पिक तीर्थ बन चुका है. यहां सुल्तानगंज से लाया गया गंगाजल चढ़ाकर भक्तजन बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. उन्होंने भगवान शिव से सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव भक्त मंडल, स्थानीय सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जलपान, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चाक-चौबंद रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

## ब्रीफ न्यूज

### गिरिडीह में एसीबी की रेड, क्लर्क के ठिकानों पर कार्रवाई

**गिरिडीह।** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने सोमवार सुबह एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की. इस बार आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक सरकारी क्लर्क के आवास पर छापेमारी की गई है. क्लर्क का नाम प्रदीप गोस्वामी है, जो पंजाबी मुहल्ला में रहते हैं. जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के लगभग पांच गाड़ियों के काफिले के साथ एसीबी की टीम प्रदीप गोस्वामी के आवास पर पहुंची और घर को चारों ओर से घेर लिया. इसके बाद टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, जो देर शाम तक जारी थी. एसीबी अधिकारियों ने अभी तक छापेमारी के संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. हालांकि, स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति रखने की शिकायत के आधार पर की जा रही है.

### सड़क पार कर रहे होमगार्ड जवान को मिनी ट्रक ने रौंदा

**रामगढ़।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रहे मिनी ट्रक ने सड़क पार कर रहे होमगार्ड जवान को रौंद दिया. सोमवार को हुए इस हादसे में होमगार्ड जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. होमगार्ड जवान को धक्का मारने के बाद वह मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसा. जानकारी के अनुसार कुजू पुलिस की गश्ती टीम सोमवार के अहले सुबह नया मोड़ फोरलेन मुख्य चौराहा के निकट मौजूद थी. शौच जाने के लिए होमगार्ड जवान सुरेंद्र मेहता ने सड़क पार करने की कोशिश की. इसी दौरान तेज गति से आ रहा टाटा 709 वाहन अपने चपेट में ले लिया. आनन-फानन में पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने सुरेंद्र मेहता को सदर अस्पताल तक पहुंचाया. लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस की टीम जब तक मिनी ट्रक चालक को पकड़ती, तब तक वह फरार हो गया. पुलिस आरोपित चालक की तलाश कर रही है.

## नई पहल: धान खरीदी में सरकार करने जा रही बड़ा बदलाव

# किसानों की दिक्कत होगी दूर, मिलेगा एकमुश्त भुगतान

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार धान की खरीद प्रक्रिया में किसानों को राहत देने के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रही है. अब तक किसानों को दो किश्तों में भुगतान किया जाता रहा है, लेकिन आने वाले खरीफ सीजन से सरकार एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है. इसके लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। वर्तमान व्यवस्था में, किसानों को धान बेचने के समय केवल आंशिक राशि मिलती है. शेष भुगतान तब होता है जब राइस मिल से सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की आपूर्ति पूरी हो जाती है. यह प्रक्रिया काफी समय लेती है, जिससे किसानों को अंतिम भुगतान के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है.

**क्यों जरूरी है बदलाव :** भुगतान में देरी के कारण कई किसान तत्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बिचौलियों को सस्ते दाम पर धान बेचने को मजबूर हो जाते हैं. इससे न केवल उन्हें आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि राज्य सरकार का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आधारित खरीद लक्ष्य भी प्रभावित होता है. राज्य सरकार की योजना है कि अगली धान खरीद के मौसम तक किसानों को पूरा भुगतान एक बार में किया जाए. इससे उन्हें समय पर पूरी राशि मिलेगी, आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और बिचौलियों की भूमिका स्वतः समाप्त हो जाएगी.



### दूसरे राज्यों से मिले संकेत

बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में यह प्रणाली पहले से ही लागू है, जहां किसानों को धान बेचते समय पूरी राशि मिलती है. झारखंड सरकार भी अब इसी मॉडल को अपनाने की दिशा में अग्रसर है.

### समिति का गठन

सरकार ने इस प्रस्ताव पर काम करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें शामिल हैं:

- झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक
- खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के संयुक्त सचिव
- भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के प्रतिनिधि

## डाकघर घोटाला मामला: पासबुक लेकर जांच कराने पहुंचे लोग

**शुभम संदेश। चाईबासा**

पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित गुआ डाकघर में फिक्स डिपॉजिट घोटाले की खबर जैसे ही मीडियां में प्रकाशित हुई, सोमवार सुबह से ही डाकघर में अफरातफरी का माहौल बन गया. अपनी मेहनत की पूंजी को लेकर चिंतित सैकड़ों लोग हाथों में पासबुक लिए डाकघर पहुंच गए. हर कोई अपने खाते की सच्चाई जानना चाहता था. लोगों की लंबी कतारें डाकघर के बाहर सुबह से ही देखने को मिलीं. डाकघर के अंदर वर्तमान पोस्टमास्टर विवेक आनंद स्वयं खाताधारकों से घिरे रहे और एक-एक कर खातों की जांच करते नजर आए. उन्होंने बताया कि लगातार लोग आ रहे हैं और अब तक कई खातों की जांच की जा चुकी है. जांच के क्रम में कई विसंगतियां भी सामने आ रही हैं. इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि पहले सामने आए 35 फर्जी खातों का मामला केवल एक झलक भर था, असली घोटाले की परतें अब खुलनी शुरू हुई हैं.



ग्राहकों का कहना है कि उन्होंने वर्षों की मेहनत की कमाई ब्याज के भरोसे डाली थी, लेकिन अब उन्हें यह भी नहीं पता कि उनका पैसा सुरक्षित है या नहीं. कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पुराने पोस्टमास्टर के कार्यकाल में ही यह पूरा खेल खेला गया और संभवतः कई वर्षों तक यह फर्जीवाड़ा चलता रहा. डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन तक अब जनता की मांगें पहुंच चुकी हैं. लोगों की स्पष्ट मांग है कि इस मामले में गंभीरता दिखाई जाए और निष्पक्ष, उच्चस्तरीय जांच कराई जाए. कुछ प्रमुख मांगें सामने आई हैं. इनमें अस्थायी विशेष जांच अधिकारी की तैनाती, सभी खातों की डिजिटल ऑडिट, सीआईडी या सीबीआई जांच की अनुशंसा, पीड़ितों के लिए तत्काल राहत राशि और गबन में संलिप्त कर्मियों की शीघ्र गिरफ्तारी शामिल है.

## गुवा में देवी प्रतिमा खंडन के विरोध में बंद आक्रोशित संगठनों ने दी कड़ी चेतावनी

**शुभम संदेश। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित गुवा थाना क्षेत्र के नुईया गांव स्थित वन देवी मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को गुवा बाजार पूरी तरह बंद रहा. शनिवार की रात हुई इस शर्मनाक घटना ने क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक तनाव को जन्म दे दिया है. प्रतिमा को खंडित करने के साथ ही असामाजिक तत्वों ने देवी की साड़ी और आभूषण भी हटाकर फेंक दिए थे, जिससे श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है. सोमवार को हिंदू संगठनों के आह्वान पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पूरी तरह बंद का समर्थन किया. बाजार की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान और व्यावसायिक गतिविधियां ठप रहीं. सुबह से ही संगठन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और शांतिपूर्ण विरोध जताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की. इस दौरान जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी विरोध में शामिल हुए. देवकी कुमारी ने कहा कि यह घटना केवल मूर्ति खंडन नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था पर हमला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. रविवार को ही पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा गुवा पहुंचे थे और थाना प्रभारी नीतीश कुमार से मुलाकात कर मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी. उन्होंने इसे समाज की आत्मा पर हमला करार दिया था. गुवा थाना में मामले को लेकर लिखित शिकायत दर्ज की गई है.



## मुठभेड़ में मारे गए 2 नक्सलियों की हुई पहचान

- तीसरे का शव लेने नहीं आए परिजन

**शुभम संदेश। गुमला**

जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के साथ मुठभेड़ में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को मार गिराया था. तीनों के शव का पोस्टमार्टम किया गया. मुठभेड़ में मारे जाने की सूचना के बाद दिलीप लोहरा और समुद्र लोहरा के परिजन सदर अस्पताल आए. वहीं पुलिस ने तीनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया. वहीं दिलीप का शव उसके भाई बिगु लोहरा ने लिया. वहीं समुद्र लोहरा का शव उसके पिता साधु लोहरा को सौंपा गया. बिगु ने बताया कि दिलीप 2012 में जेजेएमपी में शामिल हुआ था. 2011 में उसकी बहन और जीजा की हत्या डायन बिसाही के आरोप में आंजन कांसी टोली गांव में कर दी गई थी. इसी का बदला लेने के लिए वह उग्रवादी बना. परिवार के लोगों ने कई बार सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना. बिगु ने बताया कि दिलीप दो महीने बाद सितंबर में सरेंडर करने वाला था. इसके लिए दो दिन पहले गुमला के वकील से कानूनी सलाह भी ली थी. दिलीप सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था. उसका भाई बिगु राजमिस्त्री है, दूसरा भाई मोहित ट्रैक्टर चलाता है. दिलीप की पत्नी, चार साल की बेटी और छह महीने का बेटा है. वहीं समुद्र के पिता साधु लोहरा ने बताया कि उसके चार बेटे हैं. समुद्र सबसे बड़ा था. पूरा परिवार हर साल ईंट भट्ठा में काम करने जाता था. समुद्र भी साथ जाता था. दो माह पहले उसने बताया कि इस बार वह चेन्नई की किसी कंपनी में काम करने जा रहा है. परिवार ने खुशी-खुशी उसे भेजा. इसके बाद उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया. बाद में पता चला कि वह दिलीप के प्रभाव में आकर जेजेएमपी में शामिल हो गया. वहीं मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई. इधर तीसरे उग्रवादी के शव को परिजन लेने नहीं आए. बताया जाता है कि उग्रवादी सखुआ टोली गांव का रहने वाला था. पुलिस ने परिजनों को सूचना दी लेकिन शव लेने कोई नहीं आया. इसके बाद उसके शव को सदर अस्पताल के शीतगृह में रखा गया है.

### झामुमो नेता पर बदमाशों ने किया चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

**सरायकेला-खरसावां।** बीती रात को बदमाशों ने झामुमो नेता सुखराम टुडू पर जानलेवा हमला किया. घटना गम्हरिया के रामचंद्रपुर में हुई. जिसमें हमलावरों ने टुडू पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया. जानकारी के बाद परिजन टीएमएच ले गये. जहां उनका इलाज हो रहा. उनकी पत्नी बांगी टुडू ने बताया कि उनके पति रोजाना घर आने से पहले कॉल पर घर खोलने को कहते थे. कल भी वे जब घर पहुंचे तो रात में उन्होंने कॉल किया. इसी क्रम में पहले से घात लगाये अपराधियों ने चाकू से हमला कर दिया. बाहर आई तो देखा वो जमीन पर लहुलुहान पड़े हुए हैं.

## टाटा नगर को बड़ी सौगात मिलेगी : जमशेदपुर में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम

# प्रशासन ने चिन्हित की 49.50 एकड़ जमीन, जेएससीए को मिलेगी

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

जमशेदपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी की उम्मीदें एक बार फिर से जाग उठी हैं. झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के आग्रह पर जिला प्रशासन ने पटमदा अंचल के गांगाड़ा गांव में 49.50 एकड़ जमीन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए चिन्हित कर लिया है. यह स्थान शहर से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है.

पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और जेएससीए के सचिव सौरव तिवारी ने हाल ही में रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था. मुख्यमंत्री ने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया. प्रशासन ने पटमदा, पोटका और जमशेदपुर अंचल में संभावित स्थानों का निरीक्षण किया, जिसके बाद गांगाड़ा गांव को स्टेडियम के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया. यह स्थान गोपालपुर के निकट, कटिंग चौक से पश्चिम बंगाल के बड़ाबाजार की ओर जाने वाली सड़क के किनारे स्थित है और सीधे स्टेट हाइवे से जुड़ा हुआ है.

जेएससीए ने इस जमीन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्टेडियम निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है. स्टेडियम का निर्माण जेएससीए द्वारा कराया जाएगा, जबकि बुनियादी ढांचा जिला प्रशासन द्वारा विकसित किया जाएगा. प्रशासन यह भूमि पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग को हस्तांतरित करेगा, जिसके बाद यह तय किया जाएगा कि यह भूमि एसोसिएशन को निःशुल्क दी जाएगी या इसके लिए कोई शुल्क तय होगा.

**बीसीसीआई देगा 500 करोड़ का सहयोग:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जेएससीए को आश्वस्त किया है कि यदि जमीन उपलब्ध होती है, तो स्टेडियम के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी. बीसीसीआई का मानना है कि आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण से क्षेत्रीय क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे.

**पटमदा स्टेडियम से फिर बढ़ेगी जमशेदपुर की दावेदारी :** अगर गांगाड़ा गांव में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होता है, तो जमशेदपुर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेज़बानी के लिए मज़बूत दावेदार बन जाएगा.

### कीनन में 19 वर्षों से नहीं हुआ अंतरराष्ट्रीय मैच

जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में 1983 से 2006 तक कुल 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन हुआ था. आखिरी मैच 12 अप्रैल 2006 को भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड विजेता रहा था. इसके बाद टाटा स्टील और जेएससीए के बीच उत्पन्न विवाद के चलते पिछले 19 वर्षों से कीनन स्टेडियम में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुआ. इस दौरान रांची में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन चुका है, जबकि कीनन स्टेडियम उचित रखरखाव के अभाव में अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के लिए अनुपयुक्त माना जाने लगा है. वर्तमान में वहां केवल रणजी ट्रॉफी, अंडर-19, अंडर-22 जैसे घरेलू मैच आयोजित किए जाते हैं.

> राज्य सरकार के निर्देश पर पटमदा के गांगाड़ा गांव में स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है. इसकी जानकारी राज्य सरकार को भेजी जा रही है और जल्द ही यह भूमि संबंधित विभाग को हस्तांतरित की जाएगी.
>
> – भगीरथ प्रसाद
> अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम

## परिजनों ने शव के साथ थाने के समक्ष किया उग्र प्रदर्शन



**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

उलीडीह थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 25 वर्षीय युवक विशाल महतो की संदिग्ध हालात में मौत के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने उलीडीह थाना के सामने शव सड़क पर रखकर जाम कर दिया. उन्होंने टायर जलाकर हत्यारे की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की.

पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा - बुझाकर सड़क जाम हटाया. विशाल रविवार रात यह कहकर घर से निकला था कि वह सूर्य मंदिर सजाने जा रहा है. सोमवार सुबह उसका शव दुर्गा मंदिर के पास एक मकान की छत पर मिला. मृतक कृष्णा नगर गौड़ बस्ती का निवासी था और मजदूरी कर परिवार चलाता था. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और कहा कि विशाल का किसी से कोई विवाद नहीं था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम भेज दिया है. डीएसपी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा.

# पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़





शुभम संदेश। रांची

सावन मास की तीसरी सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. पहाड़ी मंदिर के पास बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गूंज रहा है. लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर जलार्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं. रांची के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं.

आचार्य मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है. सावन के सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है. इस पाठ के करने से चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है. साथ ही चंद्र ग्रह मजबूत होता है. पहाड़ी मंदिर में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेव नगर थाना प्रभारी लगातार सुरक्षा का जायजा लेते देखे गए. सीसीटीवी कैमरे से पूरे मंदिर की निगरानी की जा रही है.

## एक नजर

### शिव शिष्यों ने एचईसी आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में पौधरोपण किया



**रांची।** शिव शिष्यों ने एचईसी आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में पौधारोपण किया. शिव शिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने कहा कि शिव शिष्यता की जननी दीदी नीलम आनंद के 73 वें जन्मदिवस के अवसर पर 20 से 27 जलुआ तक पौधारोपण सप्ताह मनाया गया, जिसमें पूरे देश/विदेश में कम से कम 73 हजार पौधे लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लिया गया. उन्होंने कहा की आज का समय काफी विकट हो गया है, इसलिए "सांसें हो रही हैं कम- आओ वृक्ष लगायें हम" के नारे के साथ पिछले 20 वर्षों से यह अभियान हरीन्द्रानंद के संकल्प से बने न्यास शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन,शिव शिष्य परिवार और वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वाधान में चल रहा है. इस पौधारोपण अभियान में अबतक एक करोड़ से अधिक पौधे देश-विदेश में लगाए जा चुके हैं. पौधारोपण अभियान में कुल 286 पौधे लगाए गए. इस अवसर पर बरखा आनंद, प्रो रामेश्वर मंडल, रत्नम,गौरी, रामशंकर,गौतम, शिव कुमार, राजेश,रजनीश, आदित्य, सरिता सहित सैकड़ों शिव शिष्यों ने हिस्सा लिया. यह जानकारी कन्हैया सिंह ने दी.

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है. भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में आयोजित शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता-2025 में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. इस प्रतियोगिता में रांची शहर के नौ स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था. सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने अपनी हृदयस्पर्शी प्रस्तुति से निर्णायकों के साथ पूरे सभागार का मन मोह लिया. विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत 'रक्त शिराओं में राणा का गीत' और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता 'जय-जय हे भगवती गीत' अत्यंत सुर-लय और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया.प्राचार्या परमजीत कौर ने विजयी टीम को हार्दिक बधाई दी.

### डालटनगंज बाइपास और साउथ कोयल नदी पर बड़ा पुल निर्माण की तैयारी, डीपीआर जल्द तैयार होगा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर डालटनगंज शहर के लिए बाइपास सड़क निर्माण की योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. पथ निर्माण विभाग ने ट्रैफिक जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस बाइपास का डीपीआर तैयार करने का काम शुरू कर दिया है, जिससे शहर में आवागमन अधिक सुचारू हो सके. इसके अलावा, गुमला जिले के बसिया के पास साउथ कोयल नदी पर एक उच्चस्तरीय पुल बनाने की योजना भी बनाई जा रही है, जो क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर और आसान मार्ग उपलब्ध कराएगा. पथ निर्माण विभाग जल्द ही दोनों योजनाओं का डीपीआर राज्य सरकार को सौंप कर इस साल के अंत तक निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास कर रहा है.

# सेना के शौर्य की आड़ में राजनीति बंद करे भाजपा, देशभक्ति का प्रमाण बांटना छोड़े : आलोक दूबे

शुभम संदेश। रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा सांसद दीपक प्रकाश द्वारा कांग्रेस और पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम पर लगाए गए आरोपों को बौखलाहट से भरा और तथ्यों से परे बताया है. उन्होंने कहा कि भाजपा को सेना के शौर्य पर गर्व कम और उस पर राजनीति करने की ज्यादा चिंता रहती है. दूबे ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ₹हर बार देशभक्ति का प्रमाण पत्र बांटने की बजाय भाजपा को अपने इतिहास पर भी नजर डालनी चाहिए. जिन संगठनों से उसकी सांठगांठ रही है, वो खुद राष्ट्रविरोधी माने जाते रहे हैं.₹ उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव सेना का सम्मान किया है और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है, लेकिन सवाल पूछना लोकतंत्र की बुनियाद है, जिसे दबाने की कोशिश भाजपा बार-बार करती रही है.

दूबे ने साफ कहा कि चिदंबरम का बयान संवैधानिक प्रक्रिया और जांच की मांग से जुड़ा था, पाकिस्तान के समर्थन से नहीं. लेकिन भाजपा झूठा विमर्श खड़ा कर जनता को गुमराह करने की आदत बना चुकी है. उन्होंने भाजपा पर सेना की वीरता को ढाल बनाकर असहमति को देशविरोधी बताने का आरोप लगाया और कहा कि जब शहीदों की बात आती है, तो भाजपा वोट मांगती है, लेकिन जब युवाओं की भर्ती का मुद्दा उठता है, तो अग्निवीर जैसी योजनाएं थोप दी जाती हैं.

दूबे ने तंज कसते हुए कहा कि अगर दीपक प्रकाश को पाकिस्तान को लेकर इतनी ही चिंता है, तो उन्हें उन भाजपा नेताओं से सवाल करना चाहिए जो आज भी पाकिस्तान में शादी-ब्याह और व्यापार करते हैं. दूबे ने दो टूक कहा कि सेना के सम्मान की आड़ में राजनीति बंद की जाए. भाजपा को देशभक्ति का सर्टिफिकेट बांटना छोड़कर पहले अपने नेताओं और नीतियों पर आत्ममंथन करना चाहिए. कांग्रेस संविधान, सेना और देश की जनता के साथ खड़ी है और भाजपा की नफरत की राजनीति का हर मंच पर विरोध करती रहेगी.

### झारखंड और पड़ोसी राज्यों ने नक्सलवाद एवं संगठित अपराध से निपटने के लिए बनाई नई रणनीति

# सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर सख्त कार्रवाई के लिए संयुक्त अभियान चलाया जाएगा

शुभम संदेश। रांची



झारखंड और उसके सीमावर्ती राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पुलिस प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छत्तीसगढ़ में संपन्न हुई. पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति (ईआरपीसीसी) की इस बैठक में नक्सलवाद और संगठित अपराधों को रोकने के लिए एक ठोस और संयुक्त रणनीति पर चर्चा हुई. झारखंड के पुलिस डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित सभी संबंधित राज्यों के शीर्ष पुलिस अधिकारी मौजूद थे.

बैठक में सीमावर्ती नक्सल प्रभावित इलाकों में चरणबद्ध और समयबद्ध अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया. खासकर ओडिशा की सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर सख्त कार्रवाई के लिए संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई. साथ ही, ब्राउन शुगर, अफीम, डोडा, नशीली दवाओं और अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए चिन्हित चेकपोस्टों पर जिलों के पुलिस अधीक्षकों द्वारा औचक जांच करने का निर्णय लिया गया.

साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए भी आपसी तालमेल और सूचना साझा करने पर बल दिया गया. फर्जी सिम कार्ड की बिक्री रोकने के लिए भी कदम उठाने की सहमति बनी. इसके अलावा, मानव तस्करी, चिटफंड धोखाधड़ी, बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों, नए आपराधिक कानूनों और पुलिस प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई.

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सीमावर्ती इलाकों में खुफिया तंत्र मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी नियमित साझा करने पर विशेष जोर दिया. उन्होंने पुलिस अधिकारियों से नियमित समन्वय बैठकें करने और नक्सलियों व मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी नजर रखने को कहा. बैठक में स्पेशल ब्रांच के आईजी प्रभात कुमार ने नक्सल विरोधी अभियानों की जानकारी दी, जबकि आईजी सीआईडी असीम विक्रात मिंज ने साइबर अपराध और नारकोटिक्स पर चर्चा की. आईजी ट्रेनिंग ए विजयालक्ष्मी ने नए आपराधिक कानूनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी. इस तरह, सभी राज्यों ने मिलकर नक्सलवाद और संगठित अपराधों से लड़ने के लिए एक प्रभावी और समन्वित रणनीति तैयार की है.

### स्वास्थ्य मंत्री ने 744 स्वास्थ्य संस्थानों को किया सम्मानित

# हर जिला अस्पताल को दी जाएगी चार नई एंबुलेंस : डॉ इरफान

शुभम संदेश। रांची

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान जैसी योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 744 स्वास्थ्य संस्थानों को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को जनता के अनुकूल और सशक्त बनाए बिना वे चैन से नहीं बैठेंगे. डॉ अंसारी ने राज्य में छह 6 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जानकारी दी, जिनमें से एक जामताड़ा में खुलेगा. हाल ही में 126 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति को भी उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा कदम बताया. साथ ही रिम्स-2 के समयबद्ध निर्माण और रोबोटिक तकनीक से इलाज की सुविधा जल्द शुरू करने का भरोसा दिलाया.

**744 संस्थानों को मिला प्रतिष्ठित गुणवत्ता प्रमाणन**

- 744 स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान योजनाओं के तहत गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.
- रांची सदर अस्पताल ने कायाकल्प श्रेणी में देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर 50 लाख रुपये का पुरस्कार जीता.
- रांची सदर अस्पताल को इको-फ्रेंडली जिला अस्पताल की श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार मिला, साथ ही 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया.
- सीएचसी ओरमांझी को इको-फ्रेंडली सीएचसी श्रेणी में सम्मानित किया गया.
- सदर अस्पताल सिमडेगा को एनक्वास एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन मिला.
- 272 संस्थानों को एनक्वास सर्टिफिकेट दिया गया.
- 11 सदर अस्पताल, 31 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 48 शहरी/प्राथमिक केंद्र और 380 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को कायाकल्प प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.
- रांची और रामगढ़ सदर अस्पतालों को मुस्कान प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया.

मंत्री ने घोषणा की कि राज्य के सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नई एंबुलेंस प्रदान की जाएंगी, जिससे मरीजों के आवागमन में सुविध होगा और पहाड़ी व दुर्गम इलाकों में मरीजों को खाट या मचिया पर लाने की मजबूरी समाप्त हो जाएगी.

उन्होंने 15,000 स्ट्रेचर गांव स्तर तक जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, मेडिकल कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, डॉ. सिद्धार्थ सान्याल सहित कई अधिकारी, विजेता प्रतिभागी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे.

### सुप्रीम कोर्ट का झारखंड सरकार को सख्त आदेश

# 14 अगस्त तक जारी करें सहायक आचार्य के सभी 26001 पदों का रिजल्ट, वरना 18 अगस्त को मुख्य सचिव, जेएसएससी व शिक्षा सचिव कोर्ट में पेश हों

शुभम संदेश। रांची



सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार पर सख्त रुख अपनाते हुए 14 अगस्त तक सभी श्रेणियों के कुल 26,001 पदों का रिजल्ट जारी करने का अंतिम निर्देश दिया है. कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा तक परिणाम जारी नहीं हुआ, तो राज्य सरकार के मुख्य सचिव, जेएसएससी सचिव, शिक्षा सचिव और शिक्षा उपसचिव को 18 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना होगा.

यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने परिमल कुमार एवं अन्य द्वारा दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान दिया. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि कक्षा 6 से 8 तक के लिए गणित एवं विज्ञान विषय में 5008 पदों के विरुद्ध केवल 1661 अभ्यर्थियों का ही परिणाम घोषित किया गया है, जबकि 2734 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था. इतना ही नहीं, 400 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, उन्होंने सभी शर्तें पूरी कीं, फिर भी उनका परिणाम जारी नहीं किया गया.

इसके अलावा कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने पासिंग मार्क्स से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, फिर भी उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन में शामिल नहीं किया गया. सोशल साइंस विषय का परिणाम अब तक जारी नहीं हुआ है. साथ ही, कक्षा 1 से 5 तक के लिए सहायक आचार्य पदों का रिजल्ट भी घोषित नहीं किया गया है.गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि एक माह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी. याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की गई थी.

### झामुमो के नेताओ ने पहाड़ी मंदिर में किया जलाभिषेक

# शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की



**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति की ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए सोमवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया गया. इस अवसर पर भक्तों और श्रद्धालुओं के बीच फल-फूल और दूध का वितरण भी किया गया गया. झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की अगुवाई में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया. संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की. झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि सावन की तीसरी सोमवारी पर भगवान शंकर का जलाभिषेक कर हम सभी ने गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने के की कामना की. उन्होंने कहा कि भगवान शिव के आशीर्वाद से दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्वस्थ होकर झारखंड लौटें और पहले की तरह ही उनका आशीर्वाद और स्नेह हम सभी झारखंडवासियों को मिले.

### सेल-सीईटी ने इस्पात भवन प्रेक्षागृह में भव्य समारोह के साथ स्थापना दिवस मनाया

# इन-हाउस एसेट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, बैकअप परामर्श सेवाओं और प्राइमा-वेंडर पंजीकरण सॉफ्टवेयर का शुभारंभ

शुभम संदेश। रांची

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (सीईटी) ने रविवार देर शाम कई जीवंत कार्यक्रमों और सामुदायिक-केंद्रित पहलों के साथ अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया. उत्सव का समापन रांची स्थित सेल के इस्पात भवन सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ. कार्यक्रम में सेल की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कई समृद्ध प्रदर्शन हुए. संजय वर्मा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (मेकॉन), सेल (बीएसएल) के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी, निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं एवं कच्चा माल) एमआर गुप्ता और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों सहित विशिष्ट अतिथियों ने इस अवसर पर उपस्थित होकर सीईटी के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम से पहले इन-हाउस एसेट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का उद्घाटन, बैकअप परामर्श सेवाओं और प्राइमा-वेंडर पंजीकरण सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया. इसके अलावा, नए कांफ्रेंस हॉल 'सरस्वती' का उद्घाटन निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएँ एवं कच्चा माल) द्वारा किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा, सामुदायिक जुड़ाव की भावना से सीईटी ने सीईटी परिवार के बच्चों और महिलाओं के कलात्मक कौशल और स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित दो सप्ताह तक चलने वाली गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया. मुख्य आकर्षणों में बच्चों के लिए एक उत्साहपूर्ण चित्रकला प्रतियोगिता और सीईटी परिवार की महिलाओं के लिए अल्पना चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शामिल था, जिसमें उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई. युवा पीढ़ी के बीच सेल की पहुंच और दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए, सीईटी ने जवाहर विद्या मंदिर स्कूल, श्यामली में एक आशुभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें होशियार और प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया. इसके बाद जुम्बा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सीईटी परिवार की महिलाओं और पुरुषों दोनों ने समान रूप से भाग लिया. सामाजिक सरोकारों के प्रति सीईटी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए, एक वस्त्र दान अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सीईटी परिवार समाज के जरूरतमंदों और वंचितों के लिए वस्त्र दान करेगा. कार्यक्रम के दौरान, सीईटी के कार्यकारी निदेशक (सीईटी) श्रवण कुमार वर्मा ने सामूहिक प्रयासों और भागीदारी की सराहना की और उत्कृष्टता एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति सीईटी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की.

नए कांफ्रेंस हॉल 'सरस्वती' का भी उद्घाटन



### पूर्व रेलवे | पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

# एचआरएमएस में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए : शीलेन्द्र

शुभम संदेश। रांची/कोलकाता



पूर्व रेलवे मुख्यालय, फेयरली प्लेस में सोमवार को मार्च 2025 एवं जून 2025 की तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयुक्त बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक शीलेन्द्र प्रताप सिंह ने की. इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष और उप महाप्रबंधक (राजभाषा) सह उप मुख्य लेखा अधिकारी (सामान्य) मनीष सहित मंडल और कारखानों के सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े.

समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त ने पहली बार सदस्य सचिव के रूप में बैठक का सफल संचालन किया. उन्होंने अपर महाप्रबंधक शीलेन्द्र प्रताप सिंह का धन्यवाद किया, जिन्होंने अपनी व्यस्तता के बावजूद बैठक की अध्यक्षता करते हुए हिंदी को मुख्यधारा में शामिल करने पर जोर दिया. अपर महाप्रबंधक शीलेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यालयीन कार्यों में सरल और सहज हिंदी भाषा के उपयोग की दिशा में कदम बढ़ाने तथा हिंदी विभाग द्वारा निर्मित टेम्पलेट के उपयोग पर जोर दिया. उन्होंने रेलवे के एचआरएमएस में भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की. मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर देवेन्द्र कुमार ने हिंदी फाइलों की हार्ड कॉपी और ई-फाइल दोनों माध्यमों में प्रयोग को आवश्यक बताया. उन्होंने उद्घाटन पट्टिका में हिंदी के अनिवार्य प्रयोग पर विशेष बल दिया. बैठक में वर्ष 2025 की क्षेत्रीय हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपर महाप्रबंधक द्वारा प्रमाण-पत्र और धनराशि देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा छह कर्मचारियों को व्यक्तिगत नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए.अपर महाप्रबंधक ने पूर्व रेलवे मुख्यालय द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'प्रतिबिंब' का जनवरी-जून 2025 संयुक्त अंक भी विमोचन किया.बैठक का समापन समिति के सदस्य सचिव डॉ. मधुसूदन दत्त ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया.

# भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्म से सराबोर रहा श्री कृष्ण बीतक कथा का दूसरा दिन

शुभम संदेश। रांची



रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री कृष्ण बीतक कथा के दूसरे दिन का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव से संपन्न हुआ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस दिव्य आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा वाचिकाएं विदुषी साध्वी मीणा महाराज और विदुषी पूर्णा महाराज ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. कथा की शुरुआत निजानंद संप्रदाय के संस्थापक स्वामी देवचंद्रजी महाराज के जन्मोत्सव की मंगलमयी कथा से हुई. विदुषी मीणा महाराज ने स्वामीजी के जीवन, तप और भक्ति की प्रेरणादायक गाथा सुनाते हुए आत्मज्ञान, शुद्ध आचरण और प्रभु भक्ति के उनके संदेश को विस्तार से समझाया. विदुषी पूर्णा महाराज ने श्रीकृष्ण के ब्रज दर्शन की लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए यशोदा माता की ममता, नंद बाबा के वात्सल्य और गोपियों की भक्ति को सुंदर शब्दों में पिरोया. भक्तगण कथा में आत्मविभोर होकर ब्रजधाम का अनुभव करने लगे.



कार्यक्रम में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया सहित पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, विमला जालान, शोभा जालान, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, निकिता जालान, उमा नारसरिया, अनीता जालान, सुलोचना देवी चौधरी एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे. अंत में सामूहिक आरती और चना घुघरी का प्रसाद वितरित किया गया. ट्रस्ट प्रवक्ता संजय सर्राफ ने तीसरे दिन अधिक भक्तों से भागीदारी की अपील की.

**ब्रीफ न्यूज**

### सांप के काटने से दो लोगों की हालत गंभीर

**बालूमाथ (लातेहार)।** सोमवार को पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर खेत में काम करते समय विषैले सांप के काटने से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार, चेताग पंचायत अंतर्गत पकरी गांव के निवासी जागेश्वर कुमार (28 वर्ष), पिता करम तुरी, और हेरहंज प्रखंड के हुम्बू कुसुम टोला के रहने वाले रामेश्वर उरांव (55 वर्ष), पिता स्वर्गीय महादेव उरांव, अपने-अपने खेतों में काम कर रहे थे. इसी दौरान खेतों में सांप ने अचानक उन्हें काट लिया, जिससे दोनों व्यक्ति मौके पर ही अचेत हो गए. घटना की सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. यहां डॉ. सुरेंद्र कुमार एवं डॉ. अलीशा टोप्पो ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया.

सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित सेमिनार में बोले सीएस डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव

## टीकाकरण से हेपेटाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण संभव

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

पलामू जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया. इस सेमिनार की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की. कार्यक्रम में लगभग 35 प्रशिक्षु एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे. डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि हेपेटाइटिस एक मौन महामारी के रूप में तेजी से उभर रही है, जो समय रहते जागरूकता, समुचित जांच और टीकाकरण के माध्यम से प्रभावी रूप से नियंत्रित की जा सकती है. उन्होंने प्रशिक्षु एएनएम से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करें, समय पर जांच करवाने हेतु प्रेरित करें और टीकाकरण के प्रति लोगों में रुचि पैदा करें. उनका कहना था कि



जनसहयोग से ही इस घातक बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है. सेमिनार में विषय विशेषज्ञ एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अनूप ने हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकार – हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई – के कारण, लक्षण, संक्रमण के फैलाव के तरीके और रोकथाम पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह बीमारी दूषित भोजन, संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध, तथा बिना सैनिटाइज किए हुए इंजेक्शन और उपकरणों के माध्यम से फैलती है. डॉ. अनूप ने विशेष रूप से हेपेटाइटिस बी और सी के बारे में बताया कि ये लंबे समय तक शरीर में रहकर लीवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. यदि समय पर इलाज न हो तो ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसे खतरनाक रोगों में परिवर्तित हो सकते हैं. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग, जांच प्रक्रिया, रोगी की काउंसलिंग, सैंपल कलेक्शन और रिपोर्टिंग की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई. इसके साथ ही बताया गया कि हेपेटाइटिस बी का प्रभावी और सुरक्षित वैक्सीन उपलब्ध है, जिससे नवजात शिशुओं को जन्म के 24 घंटे के भीतर पहला डोज देकर संक्रमण से बचाया जा सकता है. यह एकमात्र ऐसा प्रकार है जिसके लिए वैक्सीन उपलब्ध है और जो बीमारी के प्रसार को रोकने में अत्यंत कारगर साबित होती है. इस एक दिवसीय सेमिनार में प्रशिक्षु एएनएम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई. अंत में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया.

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच व उपचार को प्रोत्साहित करना तथा व्यापक टीकाकरण अभियान के माध्यम से इस महामारी को नियंत्रण में लाना है. जिले में इस प्रकार के नियमित प्रशिक्षण और जन जागरूकता अभियान से ही हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों को जड़ से खत्म करने में सफलता मिल सकती है. पलामू जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित यह सेमिनार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी और कौशल प्रदान करने के साथ ही समुदाय में भी जागरूकता फैलाने में सहायक सिद्ध होगा. आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में सुधार और जन स्वास्थ्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे.

## एक नजर

### 15 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस, बढ़ी चिंता



**लातेहार।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 के ग्रामीणों को अंचल कार्यालय से अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी किया गया है. नोटिस में कहा गया है कि उनकी झोपड़ी सरकारी भूमि (खाता 64, प्लॉट 333, गैरमजरूआ जमीन) पर बनी है, जिसे अतिक्रमण माना जा रहा है. संबंधित लोगों को निर्देश दिया गया है कि वे चार अगस्त तक स्वयं अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा प्रशासन द्वारा इसे हटाया जाएगा और हटाने में आए खर्च की वसूली भी की जाएगी. नोटिस का सामना करते हुए ग्राम ताथाखास, धर्मपुर के 15 लोग समाहरणालय पहुंचे. इनमें श्याम सुंदर भुईयां, बृजेश भुईयां, महेंद्र भुईयां, बबन भुईयां, तपेश्वर भुईयां, नरेश पासवान, रामचंद्र पासवान, बिगनी देवी, प्रदीप मांझी, राम भजन यादव और जवाहरलाल शामिल हैं. उन्होंने बताया कि उन्हें पहले भी इस संबंध में नोटिस भेजा गया था, लेकिन वे जमीन के कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए. इस मामले पर कांग्रेस नेता साजन कुमार और झामुमो नेता श्री राम सिंह ने चिंता व्यक्त की है. उन्होंने अंचल अधिकारी से आग्रह किया है कि इस कार्रवाई पर पुनः विचार किया जाए. समाजसेवी श्रीराम सिंह ने कहा कि वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे गरीब परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान किए बिना कोई कार्रवाई उचित नहीं है.

### शादी का झांसा दे शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर के महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले शैलेंद्र कुमार रवि (30) नामक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. शैलेंद्र गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि पीड़िता पलामू की रहने वाली है और मेदिनीनगर में अपने परिवार के साथ रहती है. आरोपी एक फाइनेंस कंपनी में कार्य करता है और पीड़िता के घर के पास ही रहता था. पुलिस के अनुसार, आरोपी ने युवती से करीब चार वर्षों तक प्रेम संबंध बनाए रखा और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाता रहा. जब युवती ने शादी की मांग की तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया. इससे पीड़िता मानसिक रूप से आहत हुई और उसने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई. महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि युवती की शिकायत के बाद मामले की गंभीरता से जांच की गई और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. साथ ही पीड़िता का मेडिकल टेस्ट भी अस्पताल में कराया गया है ताकि मामले की पुष्टि हो सके. पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इस घटना ने समाज में बढ़ते यौन शोषण के मामलों पर चिंता बढ़ा दी है और लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता बताई है. आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है.

### उपायुक्त ने दो टीबी के मरीजों को लिया गोद



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में दो टीबी के मरीज़ों को गोद लिया. इस दौरान उन्होंने दोनों मरीज़ों को फ़ूड बास्केट प्रदान किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त किया जाये, इसी कड़ी में मैंने आज इन दो टीबी के मरीजों के देखभाल करने की जिम्मेदारी ली है. उन्होंने कहा कि देश को टीबी मुक्त सिर्फ किसी एक व्यक्ति या एक संस्था के सक्रियता से नहीं किया जा सकता है. इस लक्ष्य को जन सहभागिता और जन जागरूकता के माध्यम से ही पूर्ण किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है. मरीज़ों को गोद लेने में पदाधिकारियों, विभिन्न संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों को भी आगे आने की बात कही. उन्होंने कहा कि जितने अधिक लोग टीबी के मरीजों को गोद लेंगे उतनी ही स्पीड से यह बीमारी नियंत्रित होगी.

### पीवीटीजी लाभुकों के लिए उलडंडा में 4 को शिविर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना के तहत रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा और नवाडीह पंचायत में 4 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से वंचित जनजातीय समूह (PVTG) के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके. पलामू उपायुक्त समीरा एस ने पीवीटीजी समुदाय के सभी लाभुकों से अपील की है कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और योजनाओं का लाभ उठाएं. साथ ही, सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर समय पर उपस्थित होकर शिविर में भाग लें और लाभुकों को योजनाओं से जोड़े. शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन पट्टा, लैंड होल्डिंग सर्टिफिकेट, टीकाकरण आदि से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे. इन स्टॉल्स के माध्यम से लाभुकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा. उल्लेखनीय है कि शिविर से पहले छूटे हुए लाभुकों का सर्वेक्षण कर लिया गया है, जिससे योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच सके

### 15 अगस्त तक पंचायत कमेटी का विस्तार जरुरी: बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस की सोमवार को जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया. बैठक में संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई. जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि 15 अगस्त से पहले हर हाल में पंचायत कमेटी का विस्तार करना तथा बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करना आवश्यक है. उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड पर्यवेक्षक को जिम्मेदारी सौंपी कि वे सभी नियुक्ति पत्र वितरित करें और हर सदस्य के घर झंडा लगाने का कार्य ईमानदारी से करें. बिट्टू पाठक ने जोर देकर कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है और राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित लोगों को सदस्यता दिलाना प्राथमिकता होगी.

### कोईवा में निकली जलयात्रा, विधायक हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चांदों पंचायत स्थित कोईवा पत्थर में नवयुवक कांवरिया संघ के तत्वावधान में भव्य जल यात्रा समारोह का आयोजन किया गया. जल यात्रा समारोह में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया भी शामिल हुए. उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया. कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया. विधायक श्री चौरसिया ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ते हैं.

### फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजवार के दो फरार अभियुक्तों जमुना भूईया (पिता मैरो भूईया) और सकेश्वर भूईया (पिता अग्नू भूईया) के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. बक्सर न्यायालय द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध इश्तिहार जारी किया गया था, जिसे थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर एएसआई संजय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उनके घर पर चस्पा किया. दोनों अभियुक्त कई वर्षों से फरार हैं और उनके समर्पण के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है. एएसआई संजय चौधरी ने बताया कि अगर दोनों अभियुक्त एक माह के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी.

### बाइक की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**बालूमाथ (लातेहार)।** रविवार की रात लातेहार के शेरेगड़ा निवासी पूनम देवी एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर का शिकार हो गईं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं. जानकारी के अनुसार, पूनम देवी अपने पति लक्ष्मण उरांव के साथ सड़क पर थीं, तभी एक युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए उनकी चपेट में आ गया. दुर्घटना के कारण पूनम देवी सड़क पर गिर पड़ीं और उनके शरीर के कई भागों में गंभीर चोटें आईं. परिजनों ने तुरंत उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार ने उनकी हालत का प्राथमिक उपचार किया. उपचार के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है.

### महुदंड में दो स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण की सिफारिश

**हुसैनाबाद (पलामू)।** महुदंड पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हुसैनाबाद ने बड़ा कदम उठाया है. क्षेत्रीय ग्रामीणों की शिकायतों और समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्टों के आलोक में सीएचसी ने महुदंड पंचायत में दो नए उपस्वास्थ्य केन्द्रों—लोहबंधा और महुदंड—में निर्माण की सिफारिश की है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएमओ), पलामू को प्रस्ताव भेजते हुए बताया है कि वर्तमान में पंचायत सचिवालय के एक कमरे में अस्थायी रूप से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं, जो सात गांवों की करीब 6400 की आबादी के लिए अपर्याप्त है. इन गांवों में फटिया, चोरपहरा, कुरदाग, लपसेरा, सलैयाटीकर, प्रतापपुर, नझ्या, नसोजमालपुर और लोहबंधा शामिल हैं.

### जहरीला जंतु के काटने से युवक की हुई मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के गुरियाही गांव निवासी मनी भुइयां के पुत्र संतोष भुइयां की रविवार की रात जहरीला जंतु काटने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार जहरीला जंतु के काटने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई. इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इधर, घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवानों ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली तथा शव का इंक्वेस्ट कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

### एनएसयूआई ने एनपीयू के कुलपति का पुतला फूंका

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई ने सोमवार को नीलांबर पीतांबर विवि के कुलपति प्रो दिनेश प्रसाद सिंह का पुतला दहन किया. मौके पर एनपीयू कुलपति भ्रष्ट हैं, एनपीयू कुलपति वापस जाओ के नारे लगे. जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रदर्शन आयोजित किया गया. श्री त्रिपाठी ने कहा कि पलामू की धरती पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी बाहरी तत्वों को लूट की छुट नहीं दी जाएगी. जीएलए आध्यक्ष रिषु दुबे ने कहा कि एनपीयू प्रबंधन चेत जाएं नहीं तो पलामू के विद्यार्थी इनको वापस भेज देंगे.

### चंदवा में 'यक्ष्मा मुक्त भारत' अभियान पर कार्यशाला

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'यक्ष्मा मुक्त भारत' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में चंदवा क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और बीटीटी को टीबी (यक्ष्मा) से संबंधित बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यशाला के प्रशिक्षक ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय तक खांसी बनी रहती है तो यह यक्ष्मा की संभावना हो सकती है.

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में बोले उपायुक्त

## अवैध खनन में लिप्त लोगों पर एफआईआर दर्ज करें

**अवैध खनन पर शिकंजा**

**शुभम संदेश। लातेहार**

सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक का उद्देश्य जिले में हो रहे अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करना एवं आगे की रणनीति तय करना था. बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने पिछले निर्देशों के आलोक में की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की. जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी द्वारा जानकारी दी गई कि 27 जून से अब तक जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में कुल 33 वाहनों को जब्त किया गया है तथा 5 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं. इसके अतिरिक्त 62,53,368.00 रुपये की जुर्माना राशि की वसूली की गई है. हालांकि, समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न अंचल अधिकारियों द्वारा





उपलब्ध कराए गए निरीक्षण एवं जांच प्रतिवेदनों पर गहरी नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि जब अंचल स्तरीय अधिकारियों की रिपोर्ट में प्राथमिकी एवं जब्त वाहन या खनिज की संख्या शून्य है, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शाता है. उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे संबंधित थाना प्रभारियों से समन्वय बनाकर क्षेत्र में औचक छापेमारी करें एवं अवैध खनन में लिप्त लोगों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करें.

उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कोयला एवं बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की स्थिति पर विशेष ध्यान देने की बात कही.

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में एक भी वाहन अवैध खनन कार्य में संलिप्त न हो, यह सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि दोषियों की तुरंत पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए और आवश्यक कानूनी कार्रवाई हो. बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई ताकि अवैध खनन की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाई जा सके. बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे. जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कठोर रुख अपनाते हुए स्पष्ट संकेत दिया गया है कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### ग्राम प्रधानों के बीच किया गया बक्सा का वितरण

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह स्थित पुराना ब्लॉक परिसर के समीप नरेगा सहायता केंद्र में ग्राम स्वशासन अभियान के तत्वधान में गांव के ग्राम प्रधान के साथ एक विशेष बैठक कर बक्सा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान एकता मंच के अध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा की गई. बैठक में अपनी बातों को रखते हुए मिथिलेश कुमार के द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रधान गांव के स्तंभ हैं उनकी मर्जी के बिना गांव का कोई भी योजना पारित नहीं हो सकती है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम सभा ऐसी सरकार है जिनके पास खुद का विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं. वहीं गांव के ग्राम सभा सचिवालय में दस्तावेज को सुरक्षित रखने हेतु, तथा ग्राम सभा को आगे आकर अपनी लड़ाई को स्वयं लड़ने के लिए ग्राम स्वशासन अभियान के तरफ से, प्रोत्साहन हेतु बक्सा दिया जा रहा है. बैठक में अपनी बातों को रखते हुए जेम्स हेरेंज के द्वारा पेशा क़ानून को विस्तार पूर्वक बताते हुए बताया गया कि, ग्राम सभा को विधि का बल प्राप्त है जैसे ही पेशा नियमावली लागू होती है, ग्राम सभा की अधिकारों को और मजबूती मिलेगी. आगे उन्होंने कहा कि सभी ग्रामसभा के पास खुद का बैंक खाता है जिसे सक्रिय करने की जरूरत है ताकि भविष्य में सरकार की ओर से गांव की विकास के लिए खाते में पैसे आ सके. सभा की समाप्ति करने से पहले जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों को संगठित होकर अपने हक अधिकार के लिए एक मजबूत लड़ाई लड़ने की आवश्यक्ता है.

### आवास योजना में अनियमितता का आरोप, जांच हो


**बरवाडीह (** अनुसूचित जाति-जनजाति आवास योजना (एससी/एसटी आवास योजना) में बड़े पैमाने पर अनियमितता के आरोपों को लेकर बरवाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य (पंसस) प्रवीण कुमार ने लातेहार के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) से मामले की जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि योजना का लाभ असली जरूरतमंदों के बजाय अपात्र व समृद्ध लोगों को दिया गया है, जिससे कई भूमिहीन और आर्थिक रूप से अति पिछड़े परिवार अब भी वंचित हैं. प्रवीण कुमार के अनुसार, कई ऐसे परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया गया है, जिनके पास पहले से पक्का मकान, वाहन आदि मौजूद हैं. वहीं, असली हकदारों के नाम सूची में नहीं हैं. उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने 15 अप्रैल 2024 और 15 अप्रैल 2025 को पंचायत सचिव को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. साथ ही, 4 जुलाई 2025 को उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से लाभुकों की सूची की मांग की, जो अब तक उन्हें नहीं दी गई. पंसस सदस्य ने पंचायत की मुखिया कलो देवी और पंचायत सेवक विजय शंकर राम पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका दावा है कि मुखिया ने एक लाभुक से योजना में नाम जोड़ने के लिए 20,000 रुपये की मांग की थी. रकम न देने पर उसका नाम सूची से हटा दिया गया, जिससे मजबूरन उसे अपने परिवार सहित दूसरे राज्य पलायन करना पड़ा. वहीं पंचायत सेवक विजय शंकर राम पर जियो टैगिंग के नाम पर तीन बार में कुल 3,000 रुपये वसूलने का आरोप है.

**युद्धकला** शिविर ने बच्चों को बनाया आत्मनिर्भर, सिखाई परंपरागत युद्धकला "गतका"

## गतका प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

स्थानीय गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित गतका प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पारंपरिक सिख युद्धकला "गतका" की बारीकियों को सीखा. इस शिविर का आयोजन पलामू गतका संघ के तत्वावधान में किया गया था. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना था. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष सोनू नामधारी उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि यह शिविर इस बात का प्रमाण है कि पलामू के बच्चे न केवल शिक्षा में, बल्कि परंपरागत युद्धकला में भी





उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं. ऐसे शिविर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम के उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह ने कहा कि गतका केवल एक मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि यह वीरता, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक है. उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि इस खेल को स्कूल स्तर से राज्य स्तर तक ले जाने की योजना है. पलामू जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक संस्कार है. यह बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना विकसित करता है. हमें इसे हर गांव और स्कूल तक पहुंचाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ ले सकें. प्रशिक्षण सत्र का संचालन झारखंड गतका एसोसिएशन के प्रशिक्षक अमित सिंह और उनकी टीम ने किया. इसके अलावा बरवाडीह से मदन लाल और गढ़वा से मनोज सेंसेई ने भी प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. शिविर में संत मरियम स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ओरिएंट पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, हाई स्कूल मंदारिया लेस्लीगंज, जिला स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, जेएस कॉलेज और कस्तूरबा स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया. समापन समारोह के दौरान प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया गया और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए. इस मौके पर पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सुमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, शिक्षा सचिव भूपेंद्र सिंह, सह सचिव दीपेंद्र सिंह, सचिव दीपक तिवारी, वरिष्ठ खिलाड़ी आकाश प्रताप, खेलो इंडिया मेडलिस्ट काजल कुमारी, चांदनी कुमारी, साक्षी कुमारी और सौभाग्य कुमार भी उपस्थित थे.

### नशा तस्करी में दो दोषियों को 15-15 साल सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नशा कारोबार में दोषी पाए गए दो आरोपियों को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है. दोषियों में पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी प्रदीप साव (पिता- गया साव) और मनातू थाना क्षेत्र के अप्टीगांव निवासी गणेश गंझू (पिता- स्व. रघुनाथ गंझू) शामिल हैं. जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में दोनों को एक-एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. यह मामला मनातू थाना कांड संख्या 12/2024 से जुड़ा है, जो 29 मार्च 2024 को दर्ज हुआ था. पुलिस ने 28 मार्च को अप्टी (मिटार) जंगल में अफीम और डोडा तस्करी की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया था.

## ब्रीफ न्यूज

### पावर हाउस के पास भीषण आग, वृद्ध झुलसे

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के पावर हाउस के समीप सोमवार तड़के एक घर में अचानक भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया. आग ने घर को पूरी तरह से जलाकर राख कर दिया. घर में रखी एक मोटरसाइकिल, दो साइकिल, पुआल, अनाज, कपड़े, फर्नीचर, बर्तन सहित अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो गया. इस घटना में अर्जुन राणा नामक एक वृद्ध भी झुलस गया है, जो सदर अस्पताल में इलाजाधीन हैं. साथ ही दो मवेशी भी आंशिक रूप से झुलस गए हैं.

### सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति घायल

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई. कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग के कानीकेंद 5 नंबर जंगल के पास तिलैया से गिरिडीह जा रही बस ने पीछे से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी. हादसे में पति अर्जुन पंडित (लगभग 50 वर्ष) और उनकी पत्नी देवकी देवी (46 वर्ष), जो ग्राम मदनगुंडी, थाना चंदवारा के निवासी हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी मिली है कि दोनों झारखंडी पूजा में शामिल होने के लिए अपने घर से निकल रहे थे. घटना के बाद स्थानीय नवलशाही पुलिस ने तुरंत दोनों घायलों को कोडरमा के सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है.

### सीएचसी में युवक ने डॉक्टर से की मारपीट

**जयनगर (कोडरमा)।** सोमवार को जयनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी मां का इलाज कराने आए एक युवक ने डॉक्टर प्रमोद कुमार से हाथापाई कर दी. युवक अफरोज अंसारी अपनी मां को एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने आया था, लेकिन वैक्सीन उपलब्ध न होने के कारण डॉक्टर ने उसे इंतजार करने को कहा. युवक इंतजार करने को तैयार नहीं हुआ और डॉक्टर से उलझ गया. डॉक्टर ने उसे वैक्सीन कोडरमा से मंगाने और जरूरत पड़ने पर सतडीहा स्वास्थ्य केंद्र से लेने की सलाह दी, लेकिन युवक नहीं माना और हाथापाई कर दी.

### तिलैया में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पटना रोड स्थित गुमो बस्ती में 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की पहचान प्रिंस कुमार पिता प्रदीप वर्मा के रूप में की गई है. हालांकि आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है मगर बताया जाता है कि मृतक के पैरों में खून लगा है. इससे स्थिति संदिग्ध प्रतीत होती है मामले की जानकारी मिलते ही तिलैया पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है.

### झारखंड खुला विवि की परीक्षा में 100% सफलता

**रामगढ़।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय, कांके रांची द्वारा संचालित छेदी उरांव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के नया नगर बरकाकाना अध्ययन केंद्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. ट्रस्ट के कॉर्डिनेटर डॉ. मनोज कुमार अगरिया ने बताया कि विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र और संस्था का नाम रोशन किया है. मास कम्युनिकेशन में दुर्वेज आलम ने 83.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. पीजी डिप्लोमा एचआर थर्ड सेमेस्टर में सिमोन ने 84.5 अंक लाए.

उम्मीद फाउंडेशन व पंचमुखी कांवरिया संघ की ओर से निःशुल्क कांवर यात्रा आयोजित

# 110 कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज रवाना

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



सामाजिक संस्था उम्मीद फाउंडेशन और पंचमुखी कांवरिया संघ की ओर से आयोजित निःशुल्क कांवर यात्रा में शामिल होकर 110 कांवरियों का जत्था कोच बस से सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किया. इन श्रद्धालुओं को राम चरित्र मानस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने पूजा अर्चना कर रवाना किया. भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा को दर्शाते हुए उम्मीद फाउंडेशन और पंचमुखी मंदिर कांवरिया संघ के द्वारा इस यात्रा का आयोजन भव्य रूप में किया गया. रवाना होने से पहले पंचमुखी मंदिर में फाऊंडेशन के द्वारा रुद्राभिषेक व भंडारे के आयोजन किया गया. इस दौरान देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना किया.इस दौरान श्रद्धालुओं ने बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा.

मौके पर उपस्थित श्री राम चरित्र मानस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी कांवरियों को तिलक लगाकर, फूल मालाओं से सम्मानित किया और विधिवत पूजा कर रवाना किया. इस शुभ अवसर पर श्री सिंह ने कहा भगवान भोलेनाथ के दरबार में कांवर लेकर जाना केवल यात्रा नहीं बल्कि एक आत्मिक अनुभव होता है. मैं सभी कांवरियों को इस पवित्र यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं. ईश्वर सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करे. पंचमुखी मंदिर से कांवरियों का जत्था जब रीझ रंग करते हुए झंडा चौक रोड में निकला तो पूरा झंडा चौक रोड गेरुआ रंग से पट गया व भक्तिमय हो गया. इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक विजय सिंह ने कहा की यात्रा का यह पांचवां वर्ष है. इसकी शुरुआत 51 श्रद्धालुओं के साथ हुई थी. अब आज 110 श्रद्धालु बाबा नगरी जा रहे हैं. यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है यात्रा के लिए कई लोग पंजीयन कराना चाहते थे लेकिन संसाधनों के अभाव के कारण सभी को इसमें शामिल नहीं किया जा सका इसके लिए वह सभी श्रद्धालुओं से क्षमापार्थी हैं जिन्हें वें अपने जत्थे में शामिल नहीं कर पाए.

छः दिन चलने वाले इस कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को वाहन के साथ-साथ स्वास्थ्य, जलपान की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं. वहीं फाउंडेशन के सचिव निरंजन भारती ने कहा संस्था पिछले कई वर्षों से इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक कार्यक्रमों के साथ साथ खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य करने का प्रयास कर रही है. हजारीबाग से रवाने हुए कांवरिया सुल्तानगंज में उत्तरवाहिनी गंगा से जल भर कर कांवर के साथ पैदल बाबा नगरी की यात्रा शुरू हो जाएगी. भोले बाबा को जलार्पण के बाद सभी बाबा बासुकीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे. वहां बाबा बासुकीनाथ धाम में जलार्पण करने के बाद लोग वापस हजारीबाग छः दिन बाद लौटेंगे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक विजय सिंह, सचिव निरंजन भारती, धर्मेंद्र सिंह, कुणाल भारद्वाज, नयन सिंह, सोनू, आचार्य आशुतोष महाराजा, अविनाश सिन्हा, संतोष साव, दीप नारायण साहू, सुमन राज, अर्जुन यादव, लक्ष्मण कुमार मुख्य रूप से रूप उपस्थित रहे.

बढ़ी हुई परीक्षा फीस के विरोध में छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय घेरा, कहा

# हमारी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराई जाए

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



विनोबा भावे विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणामों में अनियमितता, सत्रों की अनियमितता और विशेष जेनेरिक परीक्षा फीस में अप्रत्याशित वृद्धि के विरोध में सोमवार को एनएसयूआई हजारीबाग के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव किया. यह विरोध प्रदर्शन छात्रों की मांगों को लेकर शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक था, जिसमें छात्र संगठन ने प्रशासन से त्वरित और न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की.

घेराव का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने बताया कि स्नातकोत्तर के मैथ्स, फिजिक्स, जूलॉजी जैसे विषयों के तृतीय सेमेस्टर के हालिया परिणामों में बड़ी संख्या में छात्रों को प्रमोट कर दिया गया है, जिससे छात्रों में गहरी असंतोष की भावना व्याप्त है. छात्रों का कहना है कि उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराई जाए ताकि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे. अभिषेक ने यह भी बताया कि इस विषय को लेकर लगभग 10 दिन पहले परीक्षा नियंत्रक से ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. इस वजह से छात्रों ने लोकतांत्रिक तरीके से घेराव कर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया. छात्र नेता अभिषेक राज कुशवाहा ने कहा कि पिछली बार स्पेशल/जेनेरिक पेपर की परीक्षा फीस 250 प्रति सेमेस्टर थी, जबकि इस बार इसे 2600 कर दिया गया है. उन्होंने इसे अत्यंत अविवेकपूर्ण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए अन्यायपूर्ण करार देते हुए तत्काल इसे पूर्ववत करने की मांग की. फीस वृद्धि के कारण कई छात्र आर्थिक रूप से परेशान हैं और उनका शैक्षणिक भविष्य असुरक्षित हो रहा है.

वहीं, छात्र नेता लवकुश पांडे ने विश्वविद्यालय में सत्रों की लगातार देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे छात्रों की मानसिक स्थिति खराब हो रही है और उनका भविष्य अनिश्चितता के घेरे में है. उन्होंने प्रशासन से अपील की कि सत्रों को नियमित करने के लिए ठोस योजना बनाकर इसका पालन किया जाए, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके. इस दौरान, मौके पर पहुंचे पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश तिवारी और उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने भी परीक्षा नियंत्रक से अपील की कि वे छात्रों के हित में उचित निर्णय लें. उन्होंने कहा कि यदि कोई विभाग या अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहा है तो उसे पद से हट जाना चाहिए, लेकिन छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने प्रशासन को निष्क्रियता छोड़कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. परीक्षा नियंत्रक डॉ. पंकज कुमार मांझी ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रमोट हुए छात्रों के विषय में संबंधित विभागाध्यक्षों से लिखित सुझाव मांगे जा चुके हैं और कुलपति की उपस्थिति में इस मुद्दे पर उचित निर्णय लिया जाएगा. साथ ही, उन्होंने जेनेरिक परीक्षा फीस में राहत देने पर भी गंभीरता से विचार किए जाने की बात कही.

इस प्रदर्शन में एनएसयूआई हजारीबाग जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा, छात्र नेता लवकुश पांडे, आदर्श आनंद, राजेश महतो, गुलाम सर्वर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष धनंजय सिंह समेत सैकड़ों छात्र शामिल थे. छात्रों ने शांतिपूर्ण और संयमित तरीके से अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं. उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनकी बात नहीं मानी गई तो वे और भी सशक्त आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे. यह घटना विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों की मांगों को गंभीरता से लेने और समस्या का शीघ्र समाधान निकालने की आवश्यकता को रेखांकित करती है. छात्रों ने न्याय और पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि वे अपने भविष्य से समझौता नहीं करेंगे और प्रशासन से अपील की कि वे जल्द से जल्द इस मामले में उचित कदम उठाएं ताकि छात्रों का शैक्षणिक जीवन प्रभावित न हो.

### उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति तथा जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. मातृ वंदना योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए उपायुक्त ने हंटरगंज प्रखंड के सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा, जबकि प्रतापपुर सीडीपीओ का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया. योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभुकों का फेशियल रिकॉग्निशन आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित करने हेतु एक विशेष समिति गठित की गई, जिसे साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा. 70% से कम कार्य निष्पादन करने वाली सेविकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया गया. पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से उपस्थिति के आधार पर पूरक पोषाहार का भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश भी दिया गया. सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को जिओ टैग फोटो के साथ ग्राउंड रिपोर्ट प्रत्येक माह जमा करने के निर्देश मिले. उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका की स्थापना तथा बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने को कहा. 18-19 वर्ष की किशोरियों के आवेदन पत्र समय पर एकत्र कर जमा करने का आदेश दिया गया. समर अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग और एमटीसी केंद्रों में भर्ती की प्रक्रिया को सटीक और नियमित बनाने के निर्देश दिए गए. साथ ही, सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई.

## पथलगड़ा गांव है सड़क से वंचित, बरसात में बनता है टापू

**शुभम संदेश। चौपारण (हजारीबाग)**



चौपारण प्रखंड के देहर पंचायत अंतर्गत पथलगड़ा गांव आज भी विकास की मूलभूत सुविधा – पक्की सड़क – से वंचित है. चौपारण मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित यह गांव हर वर्ष बरसात में टापू बन जाता है. ग्रामीणों ने उपायुक्त हजारीबाग को संयुक्त आवेदन सौंपकर सड़क निर्माण की गुहार लगाई है. ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018-19 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पचमो (चतरा जिला सीमा) से मुड़िया होते हुए पथलगड़ा तक सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई थी. कुछ हिस्से में निर्माण कार्य आरंभ भी हुआ, लेकिन पचमो से पथलगड़ा के बीच 1 किलोमीटर क्षेत्र टिटोरीयल वनक्षेत्र में आने के कारण काम रोक दिया गया. बरसात के दिनों में गांव पूरी तरह से अलग-थलग पड़ जाता है. एंबुलेंस, अस्पताल, स्कूल व जनवितरण प्रणाली की सुविधा बाधित हो जाती है. गांव के प्रतिनिधि बिनोद यादव ने कहा, "हम आज भी जंगलों के बीच, सड़क के बिना जंगली जीवन जीने को विवश हैं." उन्होंने डीसी से अपील की है कि 1 किमी सड़क निर्माण का रास्ता निकाला जाए.

पुलिस ने कुख्यात उत्तम यादव गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया

## सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



हजारीबाग पुलिस ने फिर से कुख्यात अपराधी उत्तम यादव के गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह गिरोह इलाके में व्यापारियों और ठेकेदारों से जबरन लेवी वसूलने और धमकी देने के लिए कुख्यात है. इससे पहले 3 जुलाई को भी पुलिस ने उत्तम यादव गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. रविवार को हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि हथियारबंद अपराधी बिना नंबर प्लेट वाली कार से बंडासिंगा-खैरा रोड से इचाक की ओर जा रहे हैं और कारोबारियों से लेवी वसूली व धमकी देने का प्रयास कर रहे हैं. सूचना के बाद बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में गोरहर थाना प्रभारी समेत पुलिस दल ने चामुदोहर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया. जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट वाली बेलोनो कार को रोका गया, लेकिन कार में बैठे अपराधी भागने लगे. पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया.

तलाशी में नितीश वर्मा उर्फ संटू और बिट्टू वर्मा उर्फ बिट्टू सोनी के पास से एक-एक लोडेड देशी कट्टा और दोनो के पास से 315 बोर का एक-एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ. पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे उत्तम यादव संगठन के लिए काम करते हैं और लेवी वसूली व धमकी देने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न इलाकों में सक्रिय हैं. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है. गिरोह के अन्य सदस्य पकड़ने के लिए छापेमारी भी जारी है.

**उद्यम मेला** चतरा में 01 व 02 अगस्त को होगा 'आकांक्षा हाट एवं कृषि उद्यम मेला-2025'

# मेले में विभागीय उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

**शुभम संदेश। चतरा**



चतरा जिला प्रशासन द्वारा आगामी 01 और 02 अगस्त को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में ₹आकांक्षा हाट एवं कृषि उद्यम मेला - 2025₹ का भव्य आयोजन किया जा रहा है. सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस दो दिवसीय मेले के आयोजन की विस्तृत जानकारी दी. उपायुक्त ने बताया कि यह मेला 01 अगस्त को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक, तथा 02 अगस्त को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा. इसका मुख्य उद्देश्य जिले के कृषकों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं कृषि उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों, बाजार से जुड़ाव और नवाचारों से जोड़ना है.

मेले में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण, जेएसएलपीएस, नाबार्ड, पोल्ट्री फार्म जैसे विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागीय नवाचारों व उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे. इसके अतिरिक्त, पॉली हाउस, हाइड्रोपोनिक्स, बायोफ्लॉक जैसी अत्याधुनिक कृषि तकनीकों के मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे किसान आधुनिक कृषि को समझ सकें और अपनाने की दिशा में प्रेरित हों. प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त ने जानकारी दी कि नीति आयोग की मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग में चतरा देश भर के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान पर रहा है. यह मेला जिले की इस उपलब्धि को और सशक्त बनाने की दिशा में एक और प्रयास है. उन्होंने कहा कि चतरा के किसान अब पारंपरिक कृषि से आगे बढ़कर जैविक, मल्चिंग एवं नवाचार आधारित कृषि उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं. स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने एवं बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से रिलायंस, अमूल, मेधा, फारमार्ट, वेजफेड, पीसीएफ एग्रीटेक, सुविधा मार्ट सहित लगभग 30 संस्थागत क्रेताओं को आमंत्रित किया गया है. ये संस्थान मेले में भाग लेकर किसानों के उत्पादों की खरीद एवं अनुबंध के अवसर प्रदान करेंगे.

कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति, पलांडू हॉर्टिकल्चर एवं एग्रो फॉरेस्ट्री अनुसंधान केंद्र के निदेशक, बीआईटी मेसरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव मिश्रा, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ नेचुरल रेज़िन्स एंड गम्स, नामकुम के वरिष्ठ वैज्ञानिक, तथा वोव फैक्टर्स के एमडी डॉ. शंकर गोयनका सहित कई विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है. ये विशेषज्ञ किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे. मेले में इंटरएक्शन सेशन, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, तथा सरकारी योजनाओं की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे किसान सीधे ज्ञान, तकनीक और बाजार से जुड़ सकें. उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने जिले के सभी कृषकों, एसएचजी, उद्यमियों एवं संबंधित विभागों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और आत्मनिर्भर चतरा के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं.

### चारु मजूमदार का शहादत दिवस मनाया गया

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले प्रखंड कमेटी द्वारा पिपचो में पार्टी के संस्थापक एवं प्रथम महासचिव कामरेड चारु मजूमदार का 53वां शहादत दिवस मनाया गया. प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. वक्ताओं ने चारु मजूमदार के जीवन और उनकी क्रांतिकारी भूमिका को याद करते हुए बताया कि 1960 के दशक में उन्होंने सामंती शोषण और जमींदारी प्रथा के खिलाफ गरीब किसानों को संगठित कर एक मजबूत वर्ग संघर्ष की क्रांति की अगुवाई की. 1972 में कोलकाता में गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में उनकी निर्मम हत्या कर दी गई. इस अवसर पर माले नेता मोहम्मद इब्राहिम, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी, जागेश्वर साव, दुलारचंद दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## एक नजर

### शहरी क्षेत्र में युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरू



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार बरही प्रखंड के बरही चौक एवं आसपास के शहरी क्षेत्रों में आज युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया. उपायुक्त ने हाल ही में क्षेत्र का भ्रमण करते हुए गंदगी और कूड़े-कचरे से हुई अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई थी. उन्होंने तत्काल नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का कड़ा निर्देश दिया था. उपायुक्त के निर्देश के अनुपालन में नगर निगम हजारीबाग ने आज सुबह से ही सफाई कर्मियों की तैनाती कर सघन सफाई अभियान शुरू कर दिया. अभियान के तहत नालियों की सफाई, कूड़ा उठाव, सार्वजनिक स्थलों की धुलाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है. नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी पूरे जोश के साथ सफाई कार्य में जुटे हुए हैं ताकि क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाया जा सके. उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखने के प्रति संवेदनशील रहें और प्रशासन के प्रयासों में सहयोग करें. उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए समाज के हर वर्ग का सक्रिय योगदान जरूरी है.

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में बनेगा नया भवन

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत जोरदाग गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय का नया भवन 1.54 करोड़ की लागत से बनेगा. रविवार को विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रमुख सुनीता देवी, जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवं पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. यह निर्माण कार्य मेस नारायण कंस्ट्रक्शन द्वारा बड़काआम स्थान पर किया जाएगा. वर्तमान में विद्यालय के बच्चे चट्टीबारियातू कोयला खदान क्षेत्र में हो रही भारी ब्लास्टिंग से डरे हुए थे, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही थी. बच्चों की सुरक्षा व बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर ग्राम सभा के माध्यम से जमीन उपलब्ध कराई. शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित समाज का निर्माण संभव है. नया भवन बनने से बच्चों की शिक्षा की गति और गुणवत्ता में सुधार होगा. उन्होंने बताया कि ब्लास्टिंग के कारण बच्चे सदमे में थे, जिससे पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था. इस अवसर पर उप प्रमुख कालेश्वर महतो, वार्ड सदस्य कन्हैया माली, जिला परिषद प्रतिनिधि निरंजन साव, नारायण कंस्ट्रक्शन के संचालक नारायण साव, जिला अभियंता आनंद आशीष, एसडीओ संजय कुमार, जेई तपेश्वर साव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव संपन्न



**रामगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में सत्र 2025–26 के छात्र परिषद चुनाव बड़े उत्साह और लोकतांत्रिक माहौल के बीच सम्पन्न हुए. विद्यालय परिसर में छात्रों, शिक्षकों एवं कार्यालय कर्मियों ने मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया. इस चुनाव में दो प्रमुख छात्र संगठन, स्टूडेंट्स सीनेट और यूथ यूनियन ने मुख्य पदों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा की. हेड गर्ल पद के लिए वासी हैदर, अक्षिता कुमार और अल्का कुमारी तथा हेड बॉय पद के लिए राजकुमार राउत और स्नेल कुमार ने चुनाव लड़ा. ओवरऑल सीसीए कैप्टन के लिए प्रिया रानी और आलिया खान जबकि ओवरऑल स्पोर्ट्स कैप्टन के लिए अनय कुमार और रक्षा रानी प्रत्याशी थे. गोपनीय मतदान प्रणाली के माध्यम से चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रहा. चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों ने प्रभावशाली भाषण, नारे और नए विचार प्रस्तुत कर मतदाताओं का विश्वास हासिल करने का प्रयास किया. विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने सभी उम्मीदवारों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देती हैं. इस प्रकार का चुनाव छात्रों के लोकतांत्रिक संस्कारों को मजबूत करता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है

### विभावि में मूक कार्यशाला के तीन दिन हुए पूरे

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना के तहत ₹मूकः डिजाइन और डेवलपमेंट₹ विषय पर आयोजित कार्यशाला के पहले तीन दिन सोमवार को पूरे हो गए. कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला का संचालन एनसीईआरटी, नई दिल्ली के डॉ. गौरव सिंह द्वारा किया गया. कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ. इंद्रजीत कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया गया. डॉ. गौरव सिंह ने पाठ्यक्रम के अनुसार मॉड्यूल तैयार करने, उनमें शिक्षण के विविध आयामों को समाहित करने तथा वीडियो कंटेंट तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी. सोमवार को उन्होंने प्रतिभागियों को शिक्षण सामग्री पर वीडियो निर्माण और एडिटिंग की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी, जिससे प्रतिभागियों में डिजिटल शिक्षण के प्रति उत्साह देखा गया. डॉ. इंद्रजीत कुमार ने आगे बताया कि कार्यशाला के अगले तीन दिनों का संचालन हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रो. मधुसूदन जे. वी. और इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अजीत कुमार सिंह करेंगे. वे प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई सामग्री को अपलोड करने की तकनीक के साथ-साथ अन्य आधुनिक डिजिटल उपकरणों की जानकारी देंगे. कार्यशाला में शिक्षकों और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है.

### सदर थाना में तैनात एसआई पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश हज्जाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का गंभीर आरोप लगाया गया है. हजारीबाग के निवासी मो रूमान ने इस संबंध में हजारीबाग एसपी को आवेदन देकर न्याय की मांग की है. आवेदन में बताया गया है कि मो रूमान के भाई मो अलताफ को दुकान में चोरी के आरोप में 24 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था और 25 जुलाई को जेल भेज दिया गया. उसी दिन शाम को एसआई रमेश हज्जाम ने रूमान के पिता को फोन कर थाना बुलाया और वहां मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. इस घटना के बाद रूमान के पिता मानसिक रूप से टूट गए और घर लौटकर फांसी लगा ली. परिवार ने आवेदन में मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि परिवार को न्याय मिल सके. स्थानीय प्रशासन से उम्मीद जताई गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे.

### समाजसेवी शंभू प्रसाद की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रसिद्ध समाजसेवी शंभू प्रसाद मेहता की तीसरी पुण्यतिथि सोमवार को उनके पैतृक आवास मधोति महुआ में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई. इस अवसर पर गनमान्य व्यक्तियों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही. सभा का आरंभ दिवंगत की तस्वीर पर दीप जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. उनके पुत्र वीरेंद्र कुमार मेहता उर्फ विरू मेहता ने अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए प्रथम पुष्पांजलि अर्पित की. इसके बाद निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शंभू मेहता ने डोमचांच के लिए अपने समर्पित सामाजिक कार्यों से अमिट छाप छोड़ी है. शंभू मेहता के योगदान को याद करते हुए पप्पू मेहता ने कहा कि उनका सामाजिक समर्पण प्रेरणादायक था और वे हमेशा उनकी याद में जीवित रहेंगे. इस अवसर पर बीरू मेहता, प्रवीण कुमार, संजय मेहता, लाटो मेहता, रोहित मेहता, पंकज मेहता, रंजीत मेहता, मनोज मेहता, अर्जुन मेहता सहित अन्य कई स्थानीय नेता और समाजसेवी उपस्थित थे. सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. यह पुण्यतिथि शंभू मेहता के समाज के प्रति समर्पण और योगदान को याद करने का एक भावुक अवसर था.



### हर-हर महादेव और बोल बम के नारों से गूंज उठा सिमडेगा, भक्ति में डूबे भक्त

# तीसरी सोमवारी पर शिवमय हुआ पूरा शहर

शुभम संदेश। सिमडेगा

सावन की तीसरी सोमवारी को सिमडेगा जिले ने एक अद्वितीय धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल में खुद को डुबो दिया. पूरा शहर ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के जयकारों से गूंज उठा. कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कांवड़ यात्रा का समापन सोमवार को हुआ, जब लगभग 5000 कांवरिया श्रद्धालु 75 किमी दूर वेदव्यास त्रिवेणी संगम नदी से गंगाजल लेकर झूमते-गाते सरना मंदिर पहुंचे और बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. सवेरे से ही सड़कों पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. कांवरियों के जोश और श्रद्धा को देखकर पूरा सिमडेगा शिवमय हो गया. बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग—सभी ने शिव भक्ति में डूबकर भाग लिया. भगवा वस्त्रों में सजे कांवरियों ने जगह-जगह शिव भजनों पर नृत्य किया और ₹बोल बम₹ के नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया. रात्रि विश्राम स्थल टुकूपानी से कांवरियों की बड़ी टोली सोमवार सुबह सरना मंदिर पहुंची. मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल चढ़ाया गया. बिल्वपत्र, सफेद पुष्प और प्रसाद अर्पित कर कांवरियों ने बाबा से सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की. इस यात्रा में कांवरिया सेवा संघ के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू की भूमिका सराहनीय रही. उनके नेतृत्व में यात्रा का संचालन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ. बीरमित्रापुर (उड़ीसा) में रात्रि विश्राम की सुविधा, सिहरजोर में चाय-नाश्ता और जामपानी बाजारटांड़ व टुकूपानी गोदाम में भोजन और विश्राम की व्यवस्था ने यात्रा को सहज बनाया. समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कांवरिया सेवा संघ के अध्यक्ष पिंटू सिन्हा को भगवा अंगवस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर कई श्रद्धालु स्वयंसेवक भी कांवरियों की सेवा में तत्पर नजर आए. इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में संघ के संरक्षक दिनेश कुल्लूकेरिया, पप्पू अग्रवाल, पवन जैन, राजू शर्मा, मुरारी बामलिया, मुकेश कुमार बरणवाल (कोषाध्यक्ष), सत्ते रोहिल्ला (सचिव), कौशल राज सिंह देव, दीपक अग्रवाल, राकेश जयसवाल, मुन्ना शर्मा, उपेंद्र श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल और नरेश शर्मा का विशेष योगदान रहा.

### शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़े शिव भक्त



**गुमला।** सावन माह के तीसरी सोमवार को शिव भक्तों ने शहर से गांव तक के शिवालयों में जलाभिषेक किया और अपनी सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की. शिवालयों में हर हर महादेव, बोल बम और ऊं नमः शिवाय के मंत्र गूंज रहे थे. शंख और घंट से वातावरण शिवमय हो गया था. तीसरी सोमवार को भी बाबा टांगी नाथ धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी. मंदिर के बाहर के शिवलिंगों की पूजा की गई और फरसा की परिक्रमा कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे. इधर गुमला के बूढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट का देवगांव गुफा बुढ़ा महादेव, पालकोट का बूढ़ा महादेव, ऋषिमुख पर्वत का मनोकामना शिवलिंग, नागफेनी, कपिलनाथ धाम, चिरैया धाम, समसेरा धाम, आंजन, टोटो, घाघरा, बिशुनपुर, रायडीह का वासुदेव कोना, मरदा, बसिया और कामडारा आदि क्षेत्र के शिवालयों में शिव भक्तों ने तीसरी सोमवारी का जलाभिषेक किया.

**तीसरी सोमवारी को अखिलेश्वर धाम उमड़े श्रद्धालु :**

**भंडरा/लोहरदगा।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी एवं चतुर्थी के पावन अवसर पर जिले के प्रसिद्ध प्राचीन शिवमंदिर अखिलेश्वर धाम सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे. श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के समीप स्थित तालाब में स्नान कर भगवा वस्त्र धारण किए और कतारबद्ध होकर जल व बेलपत्र चढ़ाकर पूजा-अर्चना की. मंदिर परिसर ₹बोलबम₹ के नारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा. वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया. भक्तों का आना देर शाम तक लगातार जारी रहा. मंदिर परिसर में प्रसाद और श्रृंगार की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण मास में शिवलिंग पर जल व बेलपत्र अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों के कष्ट हर लेते हैं और उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं. इस शुभ अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से पूजा कर श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की मंगलकामनाएं मांगी.

**कुडू के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब :** **कुडू।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर भगवान शिव की आराधना का भव्य आयोजन हुआ. प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी सहित टीको के भोले बाबा मंदिर, बड़की चांपि शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर, तान पहाड़ी स्थित शिव धाम और कुडू ब्लॉक परिसर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. महिला, पुरुष, बच्चे, वृद्ध सभी ने भक्तिभाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की. बड़की चांपि पंचायत की उपमुखिया हेना तिवारी ने विधिवत पूजा कर क्षेत्र व परिवार की मंगलकामना की. कुडू थाना के एएसआई सुनील कुमार सिन्हा ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया रखा था. पुरोहितों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. इस धार्मिक उत्सव ने कुडू क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अद्भुत संचार किया.

**इटकी।** सावन माह की तीसरी सोमवारी के अवसर पर मुख्य शिव मंदिर में भव्य श्रृंगारी पूजा और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया. इस धार्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व पंडित हर्षवर्धन पांडेय ने किया, जबकि यजमान अशोक महतो एवं उनकी पत्नी कविता देवी ने पूजा में भाग लिया. मंदिर और शिवलिंग को अत्यंत आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे श्रद्धालुओं का मन आनंदित हो उठा. पूजा के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, कार्यक्रम में सुशील महतो, पंचम महतो, अमित महतो, देवेंद्र महतो, नंदलाल महतो आदि उपस्थित रहे.

**इटकी।** सावन के पवित्र अवसर पर इटकी से 30 श्रद्धालुओं का कांवड़िया जत्था सोमवार को देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हुआ. जत्था के प्रस्थान से पहले सभी श्रद्धालुओं ने इटकी के मुख्य मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद पूरे जोश और श्रद्धा के साथ ₹बोलबम₹ के जयघोष करते हुए सभी सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए, जहां से वे गंगा जल भरकर पैदल यात्रा कर देवघर पहुंचेंगे और बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित करेंगे. इस धार्मिक यात्रा के बाद कांवड़िया जत्था बासुकीनाथ और पारसनाथ होते हुए पुनः इटकी लौटेगा. जत्था में शामिल श्रद्धालुओं में पवन गोप, शंकर गोप, रोहित केरी, विनोद गोप, छोटू गोप, सागर गोप, अनुज शर्मा, बिरजू गोप, राजेश गोप, सविता देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, बिना देवी, रोशन कुमार सहित अन्य शामिल हैं.

**पिपरवार।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर पिपरवार और आसपास के ग्रामीण इलाकों के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. श्रद्धालु विधिपूर्वक भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करते हुए भगवान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा.

### श्रावण मास के पावन अवसर पर सेवा शिविर का सफल आयोजन



**रांची।** रांची में राष्ट्रीय सनातन युवा मंच ने श्रावण मास की तृतीय सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर एक भव्य निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया. सुबह 3:30 बजे से 10:30 बजे तक चले इस सेवा शिविर में संस्था के कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना के पश्चात भक्तों को बेलपत्र, भांग, पुष्प, अगरबत्ती और 361 लीटर दूध का वितरण किया. इस सेवा कार्य में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कारण संस्था ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया. इस सेवा कार्यक्रम में रांची के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. भाजपा के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं समाजसेवी रमेश सिंह, रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय जी, निवर्तमान पार्षद बड़े भाई ओम प्रकाश जी (वार्ड 28), भाजपा नेता राहुल चौधरी, निवर्तमान पार्षद सुनील यादव मामा जी, एमटी क्लब के अध्यक्ष अमित सिंह, मदर टेरेसा स्कूल के संस्थापक एवं ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चंदन सिंह, आजसू युवा नेत्री ज्योत्स्ना केरकेट्टा, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ललित ओझा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निशांत यादव, मुकेश मुक्ता, केके गुप्ता (भाजपा रांची महानगर मंत्री), हिन्दू जागरण मंच के उपाध्यक्ष पूनम जायसवाल एवं सुजीत सिंह सहित झारखंड के उभरते कलाकार सिंगर ऋषभ सिंह एवं भाजपा नेता प्रदीप वर्मा व उमेश वर्मा उपस्थित थे. संस्था के संस्थापक अध्यक्ष करण कर्मकार के नेतृत्व में संजू यादव, बुद्धेश्वर, विशाल वर्मा, देव प्रकाश सहित सभी सेवक पूरी निष्ठा के साथ सेवा कार्य में लगे रहे.

### बालू उठाव पर एनजीटी के आदेशों का पालन हो : डीसी

**सिमडेगा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में अवैध बालू एवं पत्थर खनन पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर गहन समीक्षा की गई और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ. बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन पर सतत निगरानी रखने और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए. उन्होंने कहा कि अवैध बालू उठाव पर एनजीटी के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा नदियों से बालू उठाव पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए. इसके साथ ही, पुराने खनन पट्टा क्षेत्रों एवं गैरमजरूआ भूमि में चल रहे खनन की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए. जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि जुलाई 2025 के दौरान जिले में अवैध बालू खनन के चार और पत्थर खनन के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने सभी थाना प्रभारियों, खनन पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर अवैध खनन के विरुद्ध संयुक्त कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया.

### दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर



**बुंडू।** प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को दिव्यांग बच्चों के लिए जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. इसमें 74 स्कूली बच्चों का पंजीकरण किया गया. इसमें 37 बच्चे उपकरण के लिए चयनित किये गये. जबकि 21 बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया. इस अवसर पर एलिम्को भुवनेश्वर के चिकित्सकों की टीम की ओर से विद्यार्थियों को व्हील चेयर, बैशाखी, ट्राई सायकिल, कान की मशीन आदि दिये गए. इसमें अठारह साल के दिव्यांग बच्चों को बुलाया गया था. इस अवसर पर रेफरल अस्पताल प्रभारी, आरटी प्रतिमा देवी, स्वेता कुमारी और शिक्षक मौजूद थे.

### पिपरवार में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक

**पिपरवार।** कारो गांव में रैयत विस्थापित मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में एक बैठक सह मिलन समारोह आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव ने की, जबकि संचालन अनिल राम ने संभाला. बैठक में रैयत विस्थापन, संघर्ष और रोजगार को लेकर चल रहे आंदोलन पर चर्चा हुई. युवा वर्ग ने मोर्चा के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सदस्यता ग्रहण की. कार्यक्रम में युवाओं ने दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री फागु बेसरा के प्रति आस्था व्यक्त की. पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव के दर्जनों से अधिक युवाओं ने संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, रंथू गंझू और राहुल राम ने माला पहनाकर व बुके देकर किया. सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजू करमाली, रतन महतो, अनुप उरांव, नंदेश्वर सिंह, कालेश्वर महतो, मनोज कुमार प्रजापति, मुनेश मुंडा, रंथू गंझू, मथुरा मंडल, राजेंद्र उरांव, बिनोद महतो, संदीप कुमार सहित कई अन्य युवा शामिल थे. यह कार्यक्रम क्षेत्र में युवा एकता और आंदोलन को मजबूत करने का संदेश लेकर आया.

**कार्यक्रम** | डीसी ने सभी पंचायतों के मुखियाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संवाद, कहा

# पीएम आवास योजना के लाभुकों का सत्यापन कराएं

शुभम संदेश। लोहरदगा



उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने ₹पंचाइत कर गोइठ₹ कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचायतों के मुखियाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया. इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, पंचायतों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए कई जरूरी निर्देश भी दिए. उपायुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में पंचायत स्तर पर अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में इंट्री की अंतिम तिथि 30 जुलाई है, अतः मुखिया सभी ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करें. साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के नए लाभुकों का जल्द सत्यापन कराने का निर्देश भी दिया. उपायुक्त ने किसानों को केसीसी के माध्यम से सिर्फ धान ही नहीं बल्कि फल व सब्जी की खेती के लिए भी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का सुझाव दिया. इसके लिए इच्छुक किसान दोबारा आवेदन कर सकते हैं. पीएम फसल बीमा योजना में केवल एक रुपये की टोकन मनी पर पंजीकरण कर लाभ उठाने की जानकारी भी दी गई. लोहरदगा की जैव विविधता को संरक्षित करने हेतु सभी पंचायतों में जैव विविधता पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया. वंशावली प्रमाण-पत्रों को सत्यापित कर ही जारी करने की सख्त हिदायत दी गई ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जा सके.

महिला, शिशु व सामाजिक सुरक्षा समिति के गठन का निर्देश पंचायत स्तर पर दिया गया. हर पंचायत भवन में ऑप्टिकल फाइबर से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने को भी कहा गया. उपायुक्त ने बाल विवाह, डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु वार्ड सदस्यों की टास्क फोर्स गठित करने को कहा. गांवों के बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और सभी आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

पीएम सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी भी इस बैठक में दी गई. उपायुक्त ने मुखियाओं से आग्रह किया कि वे ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें. जिन ग्रामीणों के घर बारिश या हाथियों के हमले से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके लिए पंचायत भवन में अस्थायी आवास और राशन की व्यवस्था करने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया गया. जल कर समिति गठन, हर घर जल योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन की गुणवत्ता, मनरेगा और फसल बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई. इस संवाद में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास सहित सभी मुखिया, पंचायत सचिव, व ज्ञान केंद्र के छात्र शामिल हुए.

### नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को दें जन आंदोलन का रूप : मनोज

**गुमला।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुमला में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, डायट प्राचार्या प्रियश्री भगत आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अवधारणा की जानकारी दी और गुमला जिला के आरक्षरों को साक्षर करने में सामूहिक समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया. जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने कहा कि गुमला जिला के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए उपायुक्त ने साक्षरता कार्यक्रम के लिए ठोस कदम उठाए हैं. सर्वेक्षण में 7701 असाक्षरों की पहचान की गई है और 917 स्वयंसेवक बनाए गए हैं.

## एक नजर

### मांगों को लेकर डीलर एक अगस्त को देंगे धरना

**गुमला।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन गुमला जिला कमेटी के तत्वावधान में आगामी एक अगस्त को अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे. यह जानकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अरखितानंद देवघरिया ने दी. इस संबंध में अध्यक्ष ने अनुमंडल पदाधिकारी गुमला को आवेदन देकर उपायुक्त कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की सूचना दी है. कहा है कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को पिछले नौ माह से एन एफ एस ए योजना का कमीशन नहीं मिला है. इससे पहले का बकाया कमीशन भी नहीं मिला है. राज्य सरकार के ग्रीन योजना चावल नमक दाल का कमीशन 18 माह से नहीं मिला है. लंबे समय से कमीशन नहीं मिलने के कारण अब उनकी भी आर्थिक स्थिति खराब होने लगी है. अध्यक्ष ने कहा कि धरना प्रदर्शन में शांति व्यवस्था बहाल रहेगा और बाद में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### बीडीओ आवास से मिला विलुप्त प्रजाति का सांप

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के सरकारी आवास में सोमवार सुबह एक दुर्लभ और विलुप्तप्राय सांप पाए जाने से हड़कंप मच गया. बीडीओ ने बताया कि जब वे सुबह अपने बाथरूम में गए, तो दरवाजे के ऊपर एक सांप दिखाई दिया. स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने स्नेक रेस्क्यू विशेषज्ञ अनुपम कुमार से संपर्क किया. अनुपम कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और सांप को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया. उन्होंने बताया कि यह सांप 'साखड' प्रजाति का है, जिसे उल्फ स्नेक भी कहा जाता है. यह सांप मुख्यतः दार्जिलिंग, सिक्किम, ताइवान और थाईलैंड जैसे ठंडे और पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है. झारखंड में इस प्रजाति के सांपों की उपस्थिति बेहद दुर्लभ है, जिससे यह घटना और भी खास बन जाती है. अनुपम कुमार ने सांप को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया. स्थानीय वन विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी गई है. घटना के बाद क्षेत्र में जिज्ञासा और रोमांच का माहौल बना हुआ है.

### डिवाइन पब्लिक स्कूल शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कुडु (लोहरदगा)।** डिवाइन पब्लिक स्कूल, चंदलासो में 25 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर इको क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई. उन्होंने छात्रों को पानी, मिट्टी, वायु, पेड़-पौधे और खनिजों की सुरक्षा के उपाय बताए. नवगठित इको क्लब के 11 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, जिनमें शिवा मुंडा (प्रधानमंत्री), तहसीन फातमी (स्वास्थ्य मंत्री), शुभम राज (स्वच्छता मंत्री), और कृति कुमारी (पर्यावरण मंत्री) सहित अन्य शामिल हैं. सभी सदस्यों को पट्टा बैच व उपहार देकर सम्मानित किया गया. विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल करते हुए अपनी माँ के नाम पर एक-एक पौधा लगाया. कुल 400 पौधे लगाए गए, जिनका प्रमाणपत्र भी बच्चों को प्रदान किया गया. इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार, छात्रों और अभिभावकों की सराहनीय भूमिका रही. विद्यालय के डायरेक्टर ने सभी को इस प्रयास के लिए बधाई और धन्यवाद दिया.

### बाघवार एकेडमी छात्र साइंस ओलंपियाड में सफल

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय और जोनल स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया. इन होनहार विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया. कक्षा 4 के शौर्य सहदेव ने सामाजिक विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय रैंक 10 और जोनल रैंक 5 हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल ऑफ एक्सीलेंस, सर्टिफिकेट और ₹1000 का नकद पुरस्कार जीता. आस्था कुमारी और वैष्णव आर्या ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. हिंदी ओलंपियाड में नायरा अबरार और विज्ञान में कक्षा 6 की शिफा नाज को भी सराहनीय स्थान मिला. सम्मान समारोह में विजेताओं को मेडल, प्रमाणपत्र, नकद पुरस्कार और गिफ्ट वाउचर प्रदान किए गए. इस अवसर पर निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की सफलता को शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम बताया. उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य संभव है.

### सीसीएल प्रबंधन व छोटे वाहन चालकों के बीच वार्ता

**पिपरवार।** स्थानीय जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र के छोटे वाहन चालकों और सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के बीच सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता हुई. इस बैठक में चालकों ने न्यूनतम मजदूरी, हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, लीव, सीक एवं रेस्ट की सुविधा, छुट्टियों के पैसे का भुगतान, मेडिकल जांच, मेडिकल सुविधा, और टोपी, जूता व ड्रेस जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति समेत कई मांगें प्रबंधन के सामने रखीं. वार्ता के दौरान मांगों पर गंभीर चर्चा हुई, लेकिन कोई अंतिम समाधान नहीं निकला. प्रबंधन ने ऑनरों से बात कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जबकि यूनियन ने एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे धरना प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे. इस बैठक में सीसीएल के स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक पीके सिंह, कार्मिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, रवि कुजुर, और यूनियन के कई प्रतिनिधि एवं वाहन चालक मौजूद थे. सभी पक्ष अब एक सप्ताह के भीतर समाधान के लिए प्रयासरत हैं.

### दोनों बहनों को मंत्री शिल्पी तिर्की ने किया सम्मानित

**चान्हो।** रांची जिले के चान्हो प्रखंड अंतर्गत पतरातू महुवाटोली की दो सगी बहनों, दिव्या भगत और विद्या भगत ने झारखंड सिविल सेवा परीक्षा में क्रमशः रैंक 312 और 309 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. सोमवार शाम 5 बजे आयोजित एक सम्मान समारोह में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दोनों बहनों को सम्मानित किया. मंत्री ने कहा कि गांव के बच्चे भी अगर अवसर और सहयोग मिले तो किसी से कम नहीं होते. दिव्या और विद्या की सफलता पूरे राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा है. उन्होंने दोनों बेटियों के माता-पिता बिरसा भगत और प्रतिमा कछप्प को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया. दिव्या और विद्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग और स्वयं की कड़ी मेहनत को दिया. मंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी बेटियां समाज के लिए मिसाल हैं. इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह, मंगलेश्वर उरांव मौजूद थे.

### पूजा से पहले युवक को आया चक्कर, गिरने से मौत

**चैनपुर।** बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना करने पहुंचे शिव भक्त रविन्द्र साय अंतिम दो सीढ़ी चढ़ने शेष थे कि चक्कर खा कर गिर गया. उसके साथियों ने टांगीनाथ धाम में लगे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया और डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक रविंद्र सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग थाना क्षे के बनगांव का रहने वाला था और अपने मित्रों के साथ जलाभिषेक के लिए बाबा टांगीनाथ धाम आया था. इस दुखद घटना के संबंध में मृतक के परिवार ने बताया कि रविन्द्र को पहले भी चक्कर आने की समस्या थी और वह कई बार अचानक गिर जाता था. भगवान भोलेनाथ में जलाभिषेक करने से पहले हुए युवक की मौत से परिवारजनों के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था.

### बेंदोरा में सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित

**चैनपुर।** गुमला के चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत भवन के समीप एक विशालकाय अल्केसिया का पेड़ रोड पर गिर गया. रोड पर पेड़ गिरने से चैनपुर-गुमला मार्ग बाधित हो गया. जिस कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. यह घटना सावन की तीसरी सोमवारी के दिन हुई. जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बाबा टांगी नाथ धाम जा रहे थे. भगवान भोलेनाथ की कृपा से इस हादसा में कोई हताहत नहीं हुई.

### 108 एंबुलेंस का थमा पहिया, धरने पर बैठे कर्मी

**गुमला।** डायल 108 एंबुलेंस का गुमला में सोमवार को पहिया थम गया. इसका कारण अपनी मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन के तहत गुमला के 108 एंबुलेंस कर्मी अस्पताल परिसर में दिया और क्रियान्वयन एजेंसी समानता फाउंडेशन के खिलाफ नारेबाजी की. ज्ञात हो कि डायल 108 एंबुलेंस कर्मी अपनी मांगों को लेकर पहले से ही आंदोलनरत है. इससे पहले हुए आंदोलन में कर्मचारियों और एजेंसी के बीच समझौता हुआ था. लेकिन समझौता के अनुरूप एजेंसी ने खरा नहीं उतरा.

मंथन

# हरियाली और जंगलों से ही बचेंगे हाथी और इंसान

झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से भरपूर राज्य है. इसकी लगभग 30% भूमि हरित वनों से आच्छादित है, जो इसे न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से समृद्ध बनाती है, बल्कि वन्यजीवों विशेषकर हाथियों के लिए अनुकूल आवास भी प्रदान करती है. दलमा और सिंहभूम के जंगल वर्षों से हाथियों का प्रमुख प्रवास स्थल रहे हैं. परंतु विडंबना यह है कि भोजन की तलाश में हाथियों का बार-बार मानव बस्तियों की ओर रुख करना जान-माल के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है. इस चुनौती का समाधान खोजते हुए कोल्हान के डीएफओ सबा आलम ने एक अभिनव प्रयास शुरू किया है. सीड बॉल तकनीक के माध्यम से बांस और फलदार पौधों के बीजों को ड्रोन की मदद से जंगलों में प्रसारित किया जा रहा है. यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल तकनीक है, बल्कि कम लागत और कम संसाधनों में बड़े क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का सशक्त उपाय भी है. वन विभाग द्वारा तैयार किए गए 5 लाख सीड बॉल्स से लगभग 25 से 30 लाख बीज जंगलों में फैलाए जा रहे हैं. यह कार्य न केवल हाथियों के भोजन की जरूरत को पूरा करेगा, बल्कि जंगल की जैव विविधता को भी समृद्ध करेगा. यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो यह राज्य के अन्य हिस्सों में भी दोहराया जा सकता है. सच यह है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की जड़ें अक्सर संसाधनों की कमी में होती हैं. जब जंगलों में पर्याप्त चारा और जल होगा, तो हाथी बस्तियों की ओर नहीं आएंगे. यह पहल इस दिशा में एक सकारात्मक और दूरदर्शी कदम है, जिसकी सराहना और अनुकरण दोनों जरूरी है. जरूरत है इसके सफल होने की.

नजरिया

# आत्महत्या की खबरें एक सामाजिक चेतावनी भी हैं

गिरिडीह के व्यवसायी सुदीप कपिसवे की आत्महत्या की खबर झकझोर देने वाली है. आईएमएस रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में उन्होंने अपने फ्लैट में आत्महत्या जैसा कदम उठाया. उन्होंने अपने एक मित्र को आत्महत्या की जानकारी व्हाट्सएप पर दी थी, जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक-सांवेदनिक सहयोग की भूमिका को हम कितनी गंभीरता से लेते हैं. सुदीप जैसे नामचीन व्यक्ति का इस तरह जीवन समाप्त कर लेना बताता है कि सफलता की ऊपरी परत के नीचे कितनी जटिलता और अकेलापन छिपा होता है. जरूरी है कि हम मानसिक तनाव, अवसाद व जीवन की जद्दोजहद को समझें और इस पर खुलकर बातचीत करें. समाज को यह समझना होगा कि आत्महत्या किसी एक व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं, बल्कि यह पूरे सामाजिक ताने-बाने में आई दरार का संकेत है. सरकार और समाज को मिल कर इस दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए-जैसे मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान, परामर्श केंद्रों की स्थापना और भावनात्मक सहयोग के लिए सुरक्षित संवाद मंच. इस तरह की घटनाएं न सिर्फ शोक की घड़ी होती हैं, बल्कि चेतावनी भी हैं कि हमें अपने चारों ओर देखना, सुनना और समझना शुरू करना होगा-क्योंकि किसी की चुप्पी उसकी पीड़ा की सबसे तेज चीख हो सकती है.

# शिव ही शिव, एको रुद्र द्वितीयो नास्ति!

हृदयनारायण दीक्षित

**ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन और पुष्पन है.**



सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं. वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं. जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है. सोम संसारी देवता हैं. ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद. परम ध्वनि. अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट. अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है. पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है. जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है. बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं. पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल. फिर-फिर बीज. ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन. ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है. सोम से ओम् की यात्रा शिव है. यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं. सोम और ओम् साथ-साथ हैं. सोम शिव के ललाट पर हैं ही. शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है. ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है. सोम असाधारण देवता हैं.

आनंददाता भी हैं.ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं. देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल. शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं. परम योगी. नट-राज. श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं. शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं. प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं. ऋग्वेद में जो रूद्र है, वही शिव भी है. शिव महाकाल हैं. त्रिशूल उनका हथियार. तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं. भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं. शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं. मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-हमारा मन भागता है. यहां वहां. ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु. मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है. सोम सामने है, भीतर ओम है. लेकिन सोम से वंचित हूं. ओम् की अनुभूति नहीं. करूं तो क्या करूं? काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है. शिव दर्शन कई बार हुआ. लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया. हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास. सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है. सत्य शिव है. सत्य और शिव का एकात्म सुंदर है. शिव में तीनों हैं. शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं.

आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है. पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था. कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई. आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा. कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा. पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु." शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं. कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया. शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः."

मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है. पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता. तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा. शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली. यह भी उचित था. अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है. लेकिन शिव सब जानते थे. वे सर्वत्र उपस्थित हैं. उनके कण्ठ में विष है. वे नीलकंठ हैं. गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है. शरद् चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है. शिव ने सनत् कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं. सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा. अग्नि मध्य नेत्र हैं.शिव अजन्मा हैं. वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं. शिव गूढ़ रहस्य हैं. युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी. भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे. भीष्म ने कहा, शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं. वे व्यापक हैं. श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता. फिर अर्जुन से कहा, रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है. देवों के देव महादेव नमस्कारों के योग्य हैं.पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं.

**हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं. बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है. शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं. वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं. एक अकेले ही. एको रुद्र द्वितीयो नास्ति. कुछेक विद्वान रुद्र को शिव को आयातित मानते हैं.**

बैल की सवारी और पार्वती से बतरस. 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है. कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है. बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची. स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागीं. एक की जूड़े की माला टूट गई. एक ने दांयी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली. पार्वती शिव जगत् के माता पिता हैं. विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं. हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं. बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है. शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं. वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं. एक अकेले ही. एको रूद्र द्वितीयोनास्ति. कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं. श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 416) में शिव उपासना को आर्येतर बताया है.

उन्होंने ऋग्वेद के रूद्र को भी परवर्ती शिव से भिन्न बताया है. गोयल आर्यों को भारतीय मूल का नहीं मानते थे. लेकिन ऋग्वेद की प्राचीनता से ही ऐसे आरोप निरस्त हो जाते हैं. सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं में पशुओं की बहुतायत है. शिव पशुपति हैं ही. शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी. प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे. यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ." शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है. यजुर्वेद प्राचीन है. इसका 16वां अध्याय शिव की ही स्तुति है. यहां शिव कण-कण में व्याप्त परम चेतना हैं.

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं.)**

## आज का इतिहास

- **1567:** जेम्स षष्टम स्कॉटलैंड के राजा बने.
- **1876:** साइंस एसोसिएशन की स्थापना.
- **1911:** मोहन बगान ने आईएफ शील्ड जीती.
- **1949:** बीबीसी रेडियो पर प्रसारण शुरू.
- 1957: आईएईए का गठन किया गया.
- **1980:** मॉस्को ओलंपिक में भारत ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता.
- **1981:** लंदन के सेंट पॉल कैथेड्रल में प्रिंस चार्ल्स और डायना की शादी.
- **1982:** दिलीप बोस को डेविस कप देशों के प्रबंधन में चुना गया.
- **1983:** पहले चालक रहित विमान का परीक्षण.
- **1987:** भारत और श्रीलंका के बीच शांति समझौता.
- **2006:** श्रीलंकाई बल्लेबाज माहेला जयवर्धन और संगकारा ने टेस्ट क्रिकेट में 624 रन की भागीदारी का विश्व रिकार्ड बनाया.
- **2013:** फ्रांस में कान के एक होटल से 10.3 करोड़ यूरो के हीरे की चोरी.

## आपके पॉजिटिव शब्द किसी का जीवन बदल सकते हैं

चिंतन

एक छोटा चीता पहली बार शिकार को निकला. अभी वो कुछ ही आगे बढ़ा था कि एक लकड़बग्घा उसे रोकते हुए बोला, अरे छोटू, कहां जा रहे हो तुम? मैं तो आज पहली बार खुद से शिकार करने निकला हूं! चीता रोमांचित होते हुए बोला. हा-हा-हा- लकड़बग्घा हंसा, अभी तो तुम्हारे खेलने के दिन हैं, तुम इतने छोटे हो, तुम्हें शिकार करने का अनुभव भी नहीं है, तुम क्या शिकार करोगे.

लकड़बग्घे की बात सुनकर चीता उदास हो गया, दिन भर वो बेमन इधर-उधर घूमता रहा, कुछ प्रयास भी किए पर सफलता नहीं मिली और उसे भूखे पेट ही लौटना पड़ा. अगली सुबह वो एक बार फिर शिकार के लिए निकला. उससे एक बूढ़े बंदर ने देखा और पूछा, कहां जा रहे हो बेटा? बंदर मामा, मैं शिकार पर जा रहा हूं. चीता बोला. बहुत अच्छे बंदर बोला, तुम्हारी ताकत और गति के कारण तुम एक कुशल शिकारी बन सकते हो, जाओ तुम्हे जल्द ही सफलता मिलेगी. यह सुन चीता उत्साह से भर गया और कुछ ही समय में उसने के छोटे हिरन का शिकार कर लिया.


मित्रों, हमारी ज़िंदगी में शब्द बहुत मायने रखते हैं. दोनों ही दिन चीता तो वही था, उसमें वही फुर्ती व वही ताकत थी पर जिस दिन उसे डिस्करेज किया गया वो असफल हो गया और जिस दिन एनकरेज किया गया वो सफल हो गया. इस छोटी सी कहानी से हम तीन ज़रूरी बातें सीख सकते हैं : पहली, हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम अपने शब्दों से किसी को एनकरेज करें, डिसकरेज नहीं. वाकई, इसका ये मतलब नहीं कि हम उसे उसकी कमियों से अवगत न कराए, या बस झूठ में ही एनकरेज करें. दूसरी, हम ऐसे लोगों से बचें जो हमेशा निगेटिव सोचते और बोलते हों, और उनका साथ करें जिनका पॉजिटिव हों. तीसरी और सबसे अहम बात, हम खुद से क्या बात करते हैं, खुद से बात में हम कौन से शब्दों का प्रयोग करते हैं इसका सबसे ज्यादा ध्यान रखें, क्योंकि ये शब्द बहुत ताकतवर होते हैं, क्योंकि ये शब्द ही हमारे विचार बन जाते हैं, और ये विचार ही हमारी ज़िन्दगी की हकीकत बन कर सामने आते हैं, इसलिए दोस्तों, शब्दों की ताकत को पहचानिए, जहां तक हो सके पॉजिटिव वर्ड्स का प्रयोग करिए, इस बात को समझिए कि ये आपकी ज़िन्दगी बदल सकते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #WorldNatureConservationDay
2. #MondayMotivation
3. #WorldHepatitisDay
4. #ConnectWithDivine
5. प्रकृति संरक्षण
6. #OperationSindoor
7. महादेव मंदिर
8. Dog Babu
9. Shiv Upasana
10. पंचायत सचिव

# बहुरंग



## बेबी गर्ल और पत्नी कियारा आडवाणी के लिए बप्पा के दरबार में गए सिद्धार्थ मल्होत्रा मां के साथ सिद्धिविनायक के किए दर्शन

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा जब से पापा बने हैं तब से उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है. कियारा आडवाणी ने इस महीने की शुरुआत में बेबी गर्ल को जन्म दिया है. बेटी और पत्नी कियारा के लिए आशीर्वाद लेने के लिए सिद्धार्थ सिद्धिविनायक मंदिर गए थे. सिद्धार्थ के साथ उनकी मां भी गई थीं. सिद्धार्थ की बप्पा के दर्शन करते हुए वीडियो वायरल हो रहे हैं. सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी मां के साथ मंदिर गए थे. दादी और पापा के चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आ रही थी. जहां सिद्धार्थ बेटी के पापा बनने के बाद कैमरे पर स्पॉट हुए वहीं कियारा अपना और बेटी का ध्यान रख रही हैं. वायरल हो रहे वीडियो में सिद्धार्थ मल्होत्रा ट्रेडिशनल लुक में नजर आए. उन्होंने कुर्ता पजामा पहना हुआ था और गले में भगवा रंग का शॉल लिया हुआ था. उनकी मां भी सूट में सिंपल सी बहुत प्यारी लग रही थीं. सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बेटी के जन्म की जानकारी सोशल मीडिया पर 16 जुलाई को पोस्ट शेयर करके दी थी. उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया था. जिसमें लिखा था- 'हमारा दिल भर गया है और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है. हमें एक बच्ची का आशीर्वाद मिला है.' सिद्धार्थ और कियारा ने पैपराजी से रिक्वेस्ट भी की थी कि वो बेबी गर्ल की फोटोज क्लिक न करें. उन्होंने एक स्टेटमेंट शेयर किया था. जिसमें लिखा था- हम आपके प्यार और शुभकामनाओं के लिए बहुत आभारी हैं. हमारा दिल सचमुच भर आया है. माता-पिता बनने के इस नए सफर में अपने पहले कदम रखते हुए, हम आशा करते हैं कि हम एक परिवार के रूप में इसका भरपूर आनंद उठाएंगे. अगर ये खास पल प्राइवेट रहे तो यह हमारे लिए बहुत मायने रखेगा. इसलिए, प्लीज कोई फोटो न लें, केवल आशीर्वाद दें. आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद, प्यार, कियारा और सिद्धार्थ.

## कभी सड़कों पर भीख मांगी, आज शाही ठाठ में जीते हैं फिल्म अभिनेता संजय दत्त



एक्टर संजय दत्त को किसी इंट्रोडक्शन की जरुरत नहीं है. उनके जीवन पर तो फिल्म 'संजू' भी बन गई है. संजय दत्त इंडस्ट्री के दिग्गज एक्टर हैं. उनका जन्म सुपरस्टार सुनील दत्त और नरगिस दत्त के घर हुआ था. हालांकि, एक बड़े परिवार में जन्म लेने के बाद भी संजय दत्त की जिंदगी इतनी आसान नहीं रही है. उन्होंने अपनी जिंदगी में बहुत स्ट्रगल किया है.

**संजय दत्त को लग गई थी ड्रग्स की लतः** संजय दत्त ने अपनी जिंदगी में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं. उन्हें कम उम्र में ही ड्रग्स की लत लग गई थी. एक बार तो उन्हें ड्रग्स रखने के जुर्म में गिरफ्तार भी किया गया था. इसके बाद संजय दत्त को उनके पिता ने नशा मुक्ति केंद्र भेजा. संजय दत्त पर बनी फिल्म संजू में दिखाया गया था कि विदेश में उन्होंने ड्रग्स के नशे में मजबूर होकर भीख तक मांगी थी. संजय दत्त की जिंदगी का सबसे मुश्किल वक्त वो है जब उन्हें जेल जाना पड़ा. 1993 में हुए मुंबई बम ब्लास्ट में संजय का नाम आया. संजय दत्त को अवैध हथियार रखने की वजह से आरोपी करार किया गया था. इसी वजह से उन्हें जेल में रहन पड़ा था. इस वक्त उन्हें इंडस्ट्री ने बैन भी कर दिया था. संजय दत्त 5 साल तक जेल में रहे. लेकिन फिर अच्छे बर्ताव के कारण उन्हें 8 महीने पहले ही रिहा कर दिया था.

**संजय दत्त की नेटवर्थः** संजय दत्त की नेटवर्त की बात करें तो जीक्यू इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, वो 295 करोड़ के मालिक हैं. एक्टर फिल्मों के लिए 8 से 15 करोड़ तक चार्ज करते हैं. संजय दत्त एक्टिंग के अलावा ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करते हैं. उनके कई सारे बिजनेस भी हैं. वो दो प्रोडक्शन हाउस चलाते हैं. उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम संजय दत्त प्रोडेक्शन और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स है. इसके अलावा संजय दत्त जिस घर में रहते हैं उनकी कीमत 40 करोड़ रुपये है. उनका दुबई में भी लग्जरी घर है, जहां रहकर उनके बच्चे पढ़ाई कर रहे है. संजय दत्त को कार और बाइक्स का भी शौक है. उनके पास रॉल्स रॉयस घोस्ट जिसकी कीमत 6 से 8 करोड़ के बीच में हैं. इसके अलावा उनके पास लैंड रोवर रेंज रोवर ऑटोबायोग्राफी भी है. उनके कार कलेक्शन में ऑडी क्यू7, फरारी 599 जीटीबी, ऑडी आर8 भी हैं. उनके पास 25 लाख की हर्ले डेविडसन और 21 से 31 लाख की एक और बाइक है.

**सजंय दत्त की फिल्में:** संजय दत्त के काम की बात करें तो उन्होंने 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', 'लगे रहो मुन्नाभाई', 'खलनायक', 'रॉकी', 'योद्धा,सड़क', 'दुश्मन', 'मिशन कश्मीर', 'हथियार', 'परिणीता', 'पानीपत', 'केजीएफः चैप्टर 2', 'हाउसफुल 5' जैसी तमाम फिल्में की हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. शुभांक-5-6-7

**वृष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-5-7-8

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-5-6-8

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-3-6-8

**तुला :** राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-2-5-7

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-1-5-7

**मकर :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. कार्यक्रम बदलने होंगे. व्यापार में वृद्घि होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा. शुभांक-1-2-6

**कुंभ :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आय के स्त्रोत बनेंगे. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा. शुभांक-2-6-8

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. निराश होने की जरूरत नहीं, ग्रह गोचर आपके साथ हैं. शुभांक-2-4-9

## सैयारा की सुनामी, शाहरुख खान को भी पीछे छोड़ा, बना डाला नया रिकॉर्ड



अहान पांडे ने सैयारा से बॉलीवुड डेब्यू किया. इस फिल्म में वो अनीत पड्डा के अपोजिट रोल में नजर आए. पहली ही फिल्म से उन्होंने कई रिकॉर्ड बनाए और अब उन्होंने रोमांस किंग को भी पीछे छोड़ दिया है. अहान की सैयारा ने रोमांस के बादशाह शाहरुख खान की चेन्नई एक्सप्रेस को भी पछाड़ दिया है.

सैयारा का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन स्कैनलिंक, की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन 30 करोड़ का कलेक्शन किया है. 10वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. लेकिन अगर फिल्म दूसरे रविवार को 30 करोड़ की कमाई करती है तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 247.25 करोड़ हो गया है. बता दें कि शाहरुख खान की रोमांटिक फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस को रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया था. फिल्म ने 227 करोड़ का कलेक्शन किया था. ये फिल्म 2013 में आई थी. फिल्म में दीपिका पादुकोण शाहरुख खान के अपोजिट रोल में थीं. सैयारा के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 21 करोड़ की बंपर ओपनिंग की थी. इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन फिल्म ने धमाका मचा दिया था. सैयारा ने दूसरे दिन 26 करोड़ और तीसरे दिन 35.75 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 24 करोड़ का बिजनेस किया था. पांचवें दिन फिल्म ने 25 करोड़ कमाए. छठे दिन फिल्म ने 21.5 करोड़ का बिजनेस किया. सातवें दिन फिल्म ने 19 करोड़ की कमाई की थी. पहले वीक में फिल्म का टोटल कलेक्शन 172.75 करोड़ था. वहीं आठवें और नौवें दिन फिल्म ने 18 करोड़ और 26.5 करोड़ का कलेक्शन किया.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## कब रिलीज होगी फिल्म हेरा फेरी 3?



अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की फिल्म हेरा फेरी 3 इन दिनों सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई है. फिल्म को लेकर कुछ समय पहले कंट्रोवर्सी हुई थी. परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी थी. मगर अब वो वापस आ गए हैं और फैंस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानने के लिए फैंस बहुत एक्साइटेड हैं. परेश रावल ने अपने एक स्टेटमेंट फिल्म की रिलीज को लेकर हिंट दिया था.

परेश रावल ने कुछ समय पहले अंदाज अपना अपना जब री-रिलीज हुई थी तो उसका ट्रेलर शेयर किया था. जिस पर एक फैन ने रिप्लाई किया था. 'मिस्टर तेजा हम बाबू भाई का इंतजार कर रहे हैं.' जिसके बाद परेश रावल ने जवाब देकर रिलीज डेट को लेकर हिंट दे दिया था. उन्होंने लिखा था- 'जल्दी, जल्दी. अगले मानसून से पहले.' परेश रावल के इस हिंट से लोग अंदाजा लगाने लगे थे कि फिल्म 2026 के पहले हाफ में रिलीज हो जाएगी. हालांकि अभी तक फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अनाउंसमेंट नहीं की गई है. अक्षय कुमार ने एक इंटरव्यू में हेरा फेरी 3 के बारे में बात की थी. उन्होंने कहा था- 'परेश रावल संग हमारा कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं था. चीजें लीगल मामले में चली गई थीं. जब ऐसा होता है तब आप उसे पब्लिसिटी का नाम नहीं दे सकते हैं. ये हकीकत बात है. लेकिन अब सब ठीक हो चुका है. अब किसी भी वक्त फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं.



## नाग पंचमी की पूजा के दौरान इन बातों का रखें विशेष ध्यान, प्रसन्न होंगे नाग देवता

**पंचांग के अनुसार नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। यह त्योहार नाग देवता को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन सांपों को दूध पिलाने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और नाग देवता की पूजा करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेकिन पूजा के दौरान कुछ गलतियों को करने से कई समस्या जीवन में आ सकती है।**

सावन के महीने में नाग पंचमी का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर पड़ता है। इस दिन नाग देवता की पूजा-अर्चना और व्रत करने का विधान है। मान्यता है कि नाग देवता की उपासना करने से साधक के सभी कष्ट दूर होते है। इस दिन पूजा के दौरान कई बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूजा नियम का पालन न करने से साधक शुभ फल की प्राप्ति से वंचित रहता है। चलिए इस लेख में जानते हैं नाग पंचमी की पूजा के नियम के बारे में।

### इन बातों का रखें ध्यान

नाग पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद पूजा करें। इस दिन मंदिर में चांदी के नाग और नागिन का दूध से अभिषेक करें और जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए कामना करें। मान्यता है कि ऐसा करने से जातक को राहु और केतु से संबंधित दोषों से छुटकारा मिलता है।

- नाग पंचमी पर चांदी के नाग और नागिन का दान करने से कार्यों में आ रही बाधा दूर होती है और कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा साधक को नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।
- नाग पंचमी के अवसर पर पूजा के दौरान नाग देवता को दूध अर्पित करें। इससे भय दूर होता है और परिवार के सदस्यों को सुख-शांति की प्राप्ति होती है।
- नाग पंचमी के दिन नाग देवता और शिवलिंग पर दूध अर्पित करने के लिए तांबे के धातु से बने पात्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए। दूध चढ़ाने के लिए पीतल से बने पात्र को अच्छा माना जाता है।
- इसके अलावा नुकीली चीजों के इस्तेमाल से दूर रहें। ऐसा करना हानिकारक हो सकता है और इससे नाग देवता क्रोधित हो सकते हैं।





# नाग पंचमी क्यों मनाते हैं

## इस दिन क्यों पीटते हैं गुड़िया, क्यों नहीं बनाई जाती रोटी

नाग पंचमी हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है. यह दिन पूरी तरह से नागों या सांपों को समर्पित है, जिनकी हिंदू पौराणिक कथाओं में पूजा की जाती है. इस दिन बड़ी संख्या में भक्त नागों की पूजा करते हैं. यह त्योहार भारत और नेपाल में भी पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है. हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस साल नाग पंचमी सावन के महीने में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 29 जुलाई को मनाई जाएगी.

नाग पंचमी सावन के महीने में आती है जो भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है. हिंदू शास्त्रों के अनुसार, नागों को हमेशा एक विशेष स्थान दिया जाता है और उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है. नाग पंचमी के इस शुभ दिन पर, भक्त भगवान के रूप में नागों, सर्पों या सांपों की पूजा करते है. लोग मिट्टी से सांप बनाते है और उन्हें अलग-अलग रूप देते है और उन्हें रंगते हैं. उनकी पूजा करते हैं और दूध और अन्य खाद्य पदार्थ चढ़ाते है. कई लोग विशेष रूप से दक्षिण भारत में नागों या सांपों से जुड़े मंदिरों में जाते हैं और उनकी पूजा करते है. उन मंदिरों में विशेष पूजा की जाती है और लोग इस त्योहार को बहुत भव्यता के साथ मनाते हैं. सपेरे भी सांपों को लेकर सड़कों पर निकलते है और उन्हें दूध और पैसे चढ़ाए जाते हैं.

### नाग पंचमी का क्या है इतिहास

हिंदू धर्म में नाग पंचमी के उत्सव से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं हैं. ऐसी ही एक लोकप्रिय कहानी भगवान कृष्ण और कंस की है. चूंकि भगवान कृष्ण को कंस के अंत का कारण माना जाता था, इसलिए कंस ने भगवान कृष्ण को मारने के लिए कालिया नामक एक सांप को भेजा था. एक दिन जब भगवान कृष्ण नदी के पास अपने दोस्तों के साथ खेल रहे थे, तो उनकी गेंद पानी में गिर गई. जब वह अपनी गेंद को खोजने के लिए पानी में उतरे, तो उन पर कालिया ने हमला कर दिया. लेकिन अपनी विशेष शक्तियों के कारण, कृष्ण ने न केवल सांप को हराया बल्कि उस पर विजय प्राप्त की और उसके सिर पर बैठकर बांसुरी बजाई. कालिया ने बालकृष्ण से माफ़ी मांगी और वादा किया कि वह कभी भी गांव वालों को नुकसान पहुंचाने के लिए वापस नहीं आएगा यह दिन कालिया पर बालकृष्ण की जीत का प्रतीक है.

### नाग पंचमी मंत्र

ॐ नवकुलाय विद्महे विषदंताय धीमहि तन्नो सर्पः प्रचोदयात्..!!


### नाग पंचमी पर क्यों पीटते हैं गुड़िया

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक लड़का महादेव का बहुत बड़ा भक्त था. वह प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा करने के लिए मंदिर जाता था. उस लड़के को मंदिर में प्रतिदिन नाग देवता के दर्शन होते थे. एक बार सावन के महीने में जब वह लड़का अपनी बहन के साथ शिवलिंग की पूजा करने आया. तब भाई-बहन की पूजा से प्रसन्न होकर नाग देवता उन दोनों के पास आकर बैठ गए. यह देखकर लड़के की बहन बहुत डर गई. उसे लगा कि कहीं सांप उसके भाई को न काट ले, इसलिए उसने सांप को डंडे से पीटना शुरू कर दिया, जिससे सांप बहुत घायल हो गया. भाई सांप की हालत देखकर बहुत दुखी हो रहा था. उस समय मंदिर में उपस्थित पुजारी ने कहा कि एक निर्दोष सांप को प्रताड़ित करने के कारण बहन पर सर्प श्राप लग गया है, जिसके कारण तुम्हारी बहन को कई गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. भाई ने इस श्राप से मुक्ति पाने का उपाय पूछा तो पुजारी ने उसे कपड़े की एक गुड़िया बनाने को कहा. लड़के ने पुजारी के बताए अनुसार कपड़े की एक गुड़िया बनाई और उसे 11 बार सीधा और 11 बार उल्टा पीटना शुरू कर दिया. फिर उसने गुड़िया को जमीन में गहरा गाड़ दिया और इसके बाद सांप की पूजा की. भाई के ऐसा करते ही बहन को सर्प श्राप से मुक्ति मिल गई. कहा जाता है कि तभी से नाग पंचमी पर गुड़िया को पीटा जाने लगा ताकि नाग देवता को किसी भी प्रकार की पीड़ा न हो.

### नाग पंचमी के दिन क्यों नहीं बनाई जाती रोटी

आपको बता दें कि नाग पंचमी के दिन लोहे की वस्तुओं का प्रयोग वर्जित माना जाता है. ऐसे में अगर आप लोहे के तवे पर रोटी बनाते हैं तो यह बहुत ही अशुभ माना जाता है. इतना ही नहीं, ऐसी भी मान्यता है कि तवे को सांप के फन का प्रतीक माना जाता है. ऐसे में तवे को आंच या गैस पर चढ़ाने से नाग देवता नाराज हो जाते हैं. इसलिए नाग पंचमी के दिन तवे को चूल्हे पर नहीं रखना चाहिए. इसके अलावा तवे को राहु का प्रतीक भी माना जाता है. वहीं, अगर इस दिन तवे का प्रयोग किया जाए तो आपकी कुंडली में राहु का प्रभाव बढ़ जाता है. जिससे कई तरह की परेशानियां शुरू हो जाती हैं. इसलिए इस दिन रोटी खाना वर्जित माना जाता है. इसके साथ ही अगर कोई नाग पंचमी के दिन रोटी खाता है तो उसके जीवन में धन की कमी भी होती है. इसके अलावा परिवार के सदस्यों की तरक्की के रास्ते में कई तरह की बाधाएं भी आने लगती हैं.





## नाग पंचमी कब है? इस बार बने कई शुभ योग

**सावन मास की कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि के दिन नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पूजा पाठ करने से कालसर्प दोष का अशुभ प्रभाव कम होता है। इस बार नागपंचमी पर कई शुभ योग का संयोग बन रहा है। आइए जानते हैं नाग पंचमी कब मनाई जाएगी। साथ ही जानें नाग पंचमी पर कौन से शुभ योग बने हैं और महत्व।**

वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का आरंभ 28 तारीख को रात में 11 बजकर 25 मिनट पर आरंभ होगी और 29 तारीख को रात में 12 बजकर 47 मिनट तक तिथि रहेगी। उदय तिथि का अनुसार, नाग पंचमी तिथि 29 तारीख को ही मनाई जाएगी। इस बार नाग पंचमी तिथि पर शिव योग, रवि योग और लक्ष्मी योग का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही इस दिन सावन का मंगलवार होने के कारण इस बार नाग पंचमी पर मंगला गौरी व्रत का संयोग भी है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए जप तप का शुभ फल मिलता है।

### नाग पंचमी का महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में काल सर्प दोष है तो इस दिन नाग पूजा करने से काल सर्प दोष का नकारात्मक प्रभाव कम होता है। साथ ही धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,यह पर्व नाग देवता का प्रति सम्मान और उनकी सुरक्षा का प्रतीक भी है। कहा जाता है कि इस दिन पूजा करने से घर में खुशियां और सुख समृद्धि बनी रहती है।

### नाग पंचमी पूजा विधि

नागपंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर साफ वस्त्र धारण करें इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं और उसपर नाग देवता की प्रतिमा स्थापित करें अगर आपके पास मूर्ति नहीं है तो आप आटे की सर्प बनाकर पूजा कर सकते हैं। इसके बाद नाग देवता को दूध, जल, हल्दी, चावल, फूल, रोली,मिठाई आदि चीजें नाग देवता को अर्पित करें और ओम नागदेवाय नमः मंत्र का जाप करें। फिर नाग पंचमी की कथा का पाठ करें और नाग देवता की प्रतिमा का दूध से अभिषेक करें और अंत में हाथ जोड़कर पूजा में हुई भूल के लिए माफी मांगे।

नाग पंचमी का त्योहार नागों, सांपों की पूजा के लिए समर्पित है। महाभारत में, राजा जनमेजय ने अपने पिता राजा परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के लिए नागों का नरसंहार करने के लिए यज्ञ शुरू किया था। ऋषि आस्तिक ने नागों को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया और यज्ञ रोकने में सफल रहे। यज्ञ रुकने का दिन पंचमी तिथि था, जो आज नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में, नागों को अत्यंत पूजनीय माना जाता है। ऋषियों, देवताओं, और राजाओं को अक्सर नागों के साथ चित्रित किया जाता है। नाग पंचमी के दिन, लोग अपने घरों में नाग देवता की पूजा करते है, उन्हे दूध, चावल, फूल और मिठाई आदि अर्पित करते है। कुछ लोग नागों को भी दूध पिलाते है या नाग मंदिरों में दर्शन करने जाते है। यह माना जाता है कि नाग पंचमी का त्योहार मनाने से भगवान शिव और नाग देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को आरोग्य, समृद्धि और मोक्ष प्रदान करते है। यह त्योहार हमें प्रकृति का सम्मान करने और सभी जीवों, चाहे वे कितने ही छोटे या भयानक क्यों न हों, के प्रति दयालु होने का संदेश भी देता है।





नाग पंचमी पर सावन में भगवान शिव के साथ-साथ नाग देवता की भी पूरे विधि विधान से पूजा की जाती है। नागपंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से न केवल सर्प दोष दूर होते हैं, बल्कि नाग को दूध पिलाने से कई संकट भी दूर होते हैं। आइए जानते हैं, नाग पंचमी की सही तिथि, पूजा की विधि और इस बारे में कि यह योग किस प्रकार आपके लिए लाभकारी है ...

## नाग दोष और काल सर्प दोष में क्या होता है अंतर? नाग पंचमी पर करें इनसे जुड़े ये अचूक उपाय

अक्सर लोग नाग दोष और काल सर्प दोष को एक मान कर गलत पूजा या उपाय कर लेते हैं जिसके कारण इन दोषों का प्रभाव कम होने के बजाय बढ़ जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि काल सर्प दोष और नाग दोष में क्या अंतर है। सनातन धर्म में नागों का विशेष महत्व है और उन्हें देवता के रूप में पूजा जाता है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में सर्पों से जुड़े दोषों का उल्लेख मिलता है जिन्हें नाग दोष और काल सर्प दोष के नाम से जाना जाता है। इन दोषों से व्यक्ति के जीवन में कई तरह की परेशानियां आ सकती हैं। हालांकि अक्सर लोग नाग दोष और काल सर्प दोष को एक मान कर गलत पूजा या उपाय कर लेते हैं जिसके कारण इन दोषों का प्रभाव कम होने के बजाय बढ़ जाता है।

### क्या होता है नाग दोष?

नाग दोष मुख्य रूप से राहु के नकारात्मक प्रभाव के कारण बनता है। यह तब उत्पन्न होता है जब कुंडली में राहु या केतु का संबंध कुछ विशेष भावों जैसे पहला, दूसरा, पांचवां, सातवां, आठवां आदि होता है। नाग दोष अक्सर पूर्वजों से संबंधित कर्मों या किसी नाग के अनादर के कारण उत्पन्न माना जाता है। यदि पूर्वजों ने अनजाने में किसी नाग को क्षति पहुंचाई हो या फिर किसी नाग को भूल से मार दिया हो और फिर उसके बाद उस नाग का विधिवत अंतिम संस्कार न किया हो और न ही क्षमा मांगी हो। नाग दोष से पीड़ित व्यक्ति को सबसे ज्यादा वैवाहिक जीवन में परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

### क्या होता है काल सर्प दोष?

कालसर्प दोष तब बनता है जब राहु और केतु के बीच कुंडली के सभी 7 ग्रह सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि आ जाते है। इसमें कुंडली का आधा हिस्सा राहु-केतु के बीच घिर जाता है और बाकी आधा खाली रहता है। यह दोष 12 प्रकार के हैं जो राहु-केतु की स्थिति पर निर्भर करते है। कालसर्प दोष से पीड़ित व्यक्ति को जीवन में संघर्ष, काम में बार-बार बाधाएं, आर्थिक परेशानियां, स्वास्थ्य समस्याएं और रिश्तों में तनाव का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि इस दोष से पीड़ित लोगों को नींद में सांप दिखने लगते हैं या फिर बहुत ज्यादा गला घुटने जैसा महसूस होने लग जाता है।

### नाग दोष और काल सर्प दोष के उपाय

नाग दोष और काल सर्प दोष से छुटकारा पाने के लिए भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत शुभ माना जाता है क्योंकि नाग शिवजी के गले का हार हैं। ऐसे में शिव पूजन से इन दोनों दोषों का प्रभाव निष्फल हो जाता है। इसके अलावा, ऊँ नमः शिवाय मंत्र का रोजाना जाप भी बहुत असरदार है।

किसी भी सोमवार या फिर नाग पंचमी के दिन चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा बनवाएं। इसे एक थाली में रखकर कच्चा दूध, बताशा और फूल अर्पित करें। फिर ऊँ नागेंद्रहाराय नमः मंत्र का जाप करते हुए इस जोड़े को शिवलिंग पर अर्पित कर दें। साथ ही, श्री सर्प सूक्त का पाठ भी कर सकते हैं।

# ऋषभ पंत ओवल टेस्ट से बाहर, एन जगदीशन को मिला मौका

एजेंसियां। लंदन

जैसी कि आशंका जताई जा रही थी, विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं. मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान उन्हें दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके चलते वह अब ओवल टेस्ट नहीं खेल पाएंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार देर रात आधिकारिक रूप से पंत के बाहर होने और तमिलनाडु के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एन जगदीशन को पंत के स्थान पर टीम में शामिल करने की घोषणा की.

पंत को यह चोट मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन उस समय लगी जब वह क्रिस वोक्स की गेंद पर स्कूप खेलने की कोशिश कर रहे थे और गेंद सीधे उनके जूते पर लगी. इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और उसी शाम उनके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई.

जानकारी के अनुसार पंत कम से कम छह हफ्तों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे. हालांकि चोट गंभीर थी, लेकिन पंत ने सभी को चौंकाते हुए अगले दिन बल्लेबाज़ी फिर से शुरू की और अर्धशतक पूरा किया. हालांकि वह दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी के लिए नहीं उतरे क्योंकि केएल राहुल और मध्यक्रम ने संघर्ष करते हुए भारत को ड्रॉ तक पहुंचाया.



मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैनचेस्टर टेस्ट के बाद पंत की तारीफों के पुल बांधे. उन्होंने कहा,एक बात जो मैं जरूर कहना चाहूंगा, वह यह है कि इस टीम की असली बुनियाद और उसका चरित्र ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों के बलिदान से तैयार होगा. टूटी हुई टांग के साथ बल्लेबाज़ी करना कोई आम बात नहीं है. उन्होंने देश के लिए जो किया, वो आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा. गंभीर ने आगे कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह जिस फॉर्म में थे, उस दौरान चोटिल हो गए. लेकिन वह टेस्ट टीम का एक अहम हिस्सा हैं और हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही ठीक होकर वापस लौटेंगे. गौरतलब है कि चौथे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को पहले ही कई चोटों का सामना करना पड़ा था. आकाश दीप (ग्रॉइन), अर्शदीप सिंह (उंगली) और नितीश रेड्डी (घुटने) घायल हो गए थे. जहां नितीश पूरे सीरीज़ से बाहर हो चुके हैं, वहीं आकाश दीप और अर्शदीप की वापसी ओवल टेस्ट के लिए हो चुकी है.

पांचवें टेस्ट के लिए भारत की टीमः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कांबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीशन (विकेटकीपर). अब इसी टीम पर पूरी जिम्मेदारी है. जिसे मुकाबले में प्रदर्शन करना है.

## कोच गंभीर बोले-ऋषभ पंत की जितनी भी तारीफ करूं, कम है

**मैनचेस्टर।** शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के शतकों की बदौलत भारत ने मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट को ड्रॉ करा लिया. हालांकि, इसकी नींव पहली पारी में ऋषभ पंत ने रखी थी. वह पैर की टूटी अंगुली के साथ बल्लेबाजी के लिए आए थे और अर्धशतक बनाकर पवेलियन लौटे थे। उनके जज्बे को हर किसी ने सलाम किया था. इसने टीम इंडिया के बाकी खिलाड़ियों को प्रेरित किया. अब इस पर मुख्य कोच गौतम गंभीर का बयान भी सामने आया है. उन्होंने कहा है कि पंत की जितनी भी तारीफ की जाए, वह कम होगी। गंभीर ने कहा कि उनकी पारी को आने वाली पीढ़ियां नहीं भूल पाएंगी. मैनचेस्टर में भारत की पहली पारी में 358 रन के जवाब में इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। पंत ने 54 रन बनाए थे. भारत ने अपनी दूसरी पारी 311 रन पिछड़ने के बावजूद दूसरी पारी में जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 143 ओवर में चार विकेट पर 425 रन बनाए. टीम ने बिना कोई रन बनाए दो विकेट गंवाने के बावजूद कप्तान गिल की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी की. गिल ने 103 रन बनाने के अलावा लोकेश राहुल (90 ) के साथ 188 रन की साझेदारी से मैच में भारत की वापसी कराई जिसके बाद जडेजा (107 नाबाद) और सुंदर (101 नाबाद) ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा. दूसरी पारी में पंत को बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि जडेजा और सुंदर ने भारत को मुश्किल से निकाल लिया. गंभीर ने कहा, 'पंत अब बाकी बचे एक मैच से बाहर हो चुके हैं. और एक बात जो मैं कहना चाहता हूं, वह यह है कि पंत का साहस और उन्होंने देश के लिए जो किया है, वह इस टीम के चरित्र को दिखाता है और इसी पर टीम की नींव रखी जाएगी. टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना...पंत की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है. पहले बहुत कम लोगों ने ऐसा किया है. सबसे खास बात, पंत ने खुद ही कहा था कि वह बल्लेबाजी के लिए जाएंगे और इसलिए मैं उनकी इतनी तारीफ कर रहा हूं. गंभीर ने कहा कि पंत की पारी को आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूल पाएंगी. मुख्य कोच ने कहा, मैं यहां बैठकर घंटों इस बारे में बात कर सकता हूं. मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ियां इस बारे में बात करेंगी. आने वाली पीढ़ियों को इस बारे में बात करनी चाहिए कि कोई ऐसा भी है जिसने टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी की है.

### मैनचेस्टर टेस्टः वॉशिंगटन- जडेजा की शतकीय साझेदारी पर बोले

## स्टोक्स-सिर्फ रन नहीं, टीम को संकट से निकालना मायने रखता है

एजेंसियां। मैनचेस्टर

मैनचेस्टर टेस्ट का अंतिम दिन भारतीय टीम के लिए बेहद खास रहा. वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने पांचवें दिन लंच से पहले क्रीज पर मोर्चा संभाला और 55.2 ओवर तक डटे रहकर 203 रन की साझेदारी की. इस दमदार साझेदारी ने भारत को हार से बचा लिया और सीरीज 2-2 पर खत्म होने की उम्मीदें बरकरार रखीं. हालांकि जब मैच के अंतिम घंटे में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ड्रॉ का प्रस्ताव दिया, उस समय जडेजा 89 और सुंदर 80 रन पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे. टीम इंडिया ने प्रस्ताव ठुकरा दिया और आगे बल्लेबाज़ी करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने शतक पूरे किए – जडेजा का यह पांचवां टेस्ट शतक था और वॉशिंगटन का पहला. मैच के बाद स्टोक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जिस तरह से इन दोनों ने बल्लेबाज़ी की, वो शानदार था. उन्होंने हमारी बढ़त को खत्म किया और भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला. शतक बने या नहीं, इसका असर नहीं पड़ता – टीम को संकट से निकालना सबसे बड़ी उपलब्धि है."



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो रूट और हैरी ब्रूक को गेंदबाज़ी सौंपना एक रणनीतिक फैसला था, क्योंकि 257 ओवर फील्डिंग करने के बाद वे अपने प्रमुख गेंदबाज़ों को ओवल टेस्ट से पहले आराम देना चाहते थे. स्टोक्स ने कहा, "हमें पता था कि अब केवल एक ही नतीजा संभव है – ड्रॉ. ऐसे में मैं अपने प्रमुख गेंदबाज़ों को जोखिम में नहीं डाल सकता था.," भारत की ओर से प्रतिक्रिया और भी भावनात्मक रही. पूर्व बल्लेबाज़ गौतम गंभीर और मौजूदा कप्तान शुभमन गिल ने दोनों बल्लेबाज़ों के शतक को पूरी तरह जायज़ ठहराया. गंभीर ने कहा, "अगर कोई खिलाड़ी 90 या 85 पर है और उसने इतनी मेहनत की है, तो क्या वो शतक डिज़र्व नहीं करता? अगर इंग्लैंड के बल्लेबाज़ होते तो क्या वो भी वैसे ही बाहर आते?"

कप्तान शुभमन गिल ने ड्रॉ को टीम के लिए "सीखने का मौका" बताया. उन्होंने कहा, "पहली बार इस सीरीज में हमें शुरू से ही दबाव में रहना पड़ा. पांचवें दिन की पिच पर हर गेंद एक घटना जैसी थी. हमने तय किया था कि गेंद दर गेंद खेलना है और मैच को जितना हो सके, खींचना है." अब सीरीज 2-1 की स्थिति में है और भारत को आखिरी टेस्ट जीतकर इसे 2-2 से बराबर करने का मौका मिलेगा.

### कप्तान शुभमन गिल ने उनकी उपलब्धता पर कही यह बात

# जसप्रीत बुमराह ओवल में खेलेंगे या करेंगे आराम?

एजेंसियां। लंदन

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि अगर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के निर्णायक पांचवें टेस्ट मैच में खेलने में सफल रहते हैं तो यह टीम के लिए बड़ी बात होगी, क्योंकि टीम की मूल योजना उन्हें तीन मैचों तक सीमित रखने की थी. बुमराह को अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इस टेस्ट श्रृंखला के केवल तीन मैच में खेलना था. वह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए, लेकिन बाकी तीन टेस्ट मैचों में खेले.

**...तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी :** मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद इंग्लैंड सीरीज में 2-1 से आगे है और इस तरह से भारत को पांच मैचों की सीरीज को बराबर करने के लिए 31 जुलाई से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में जीत हासिल करनी होगी. गिल ने बीबीसी के 'टेस्ट मैच स्पेशल' कार्यक्रम में कहा, 'अगर उन्हें लगता है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और हमारे लिए उपलब्ध हैं, तो मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी.' हमारे पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण उन्होंने कहा, 'अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो मुझे तब भी लगता है कि हमारे पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है.' बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में 33 ओवर गेंदबाजी की. उन्होंने अब तक तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 119.4 ओवर गेंदबाजी की है, जो लगभग 24 ओवर प्रति पारी है. उन्होंने अब तक 14 विकेट लिए हैं और इस तरह से अपने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की बराबरी पर हैं.



**गंभीर ने बुमराह को लेकर कही यह बात**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की कि सभी तेज गेंदबाज ओवल टेस्ट से पहले चयन के लिए उपलब्ध हैं और उन्होंने बुमराह के अगले मैच में खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया. गंभीर ने कहा, 'सभी तेज गेंदबाज उपलब्ध हैं. किसी के चोटिल होने की कोई आशंका नहीं है. हमने आखिरी टेस्ट के लिए टीम संयोजन पर कोई बातचीत नहीं की है. जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है. जो भी खेलेगा, वह देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा.'

**गिल ने सही रणनीतिक फैसला लिया :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि बुमराह सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका खुलासा न करके गिल ने सही रणनीतिक फैसला लिया. कुक ने कहा, 'भले ही वह खेलने नहीं जा रहे हों, आप अभी लोगों को यह नहीं बताएंगे. यह विशुद्ध रणनीतिक फैसला होगा. उन्होंने सीरीज के शुरू में यह कहकर गलती की थी कि वह केवल तीन मैच खेलेंगे. अगर वह फिट नहीं होते हैं तो उनका नहीं खेलना ही सही फैसला होगा.'

## तेजस्विन ने डेकाथलन में फिर तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, रचा इतिहास



**नयी दिल्ली ।** पोलैंड के वीस्लाव चापिएव्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में भारत के तेजस्विन शंकर ने डेकाथलन में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया. तेजस्विन ने रविवार को 7826 अंकों के साथ प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया और अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इससे पहले उन्होंने 2023 एशियाई खेलों में 7666 अंकों के साथ रजत पदक जीता था, जो कि भारत का राष्ट्रीय रिकॉर्ड था. दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स कंबाइंड इवेंट्स टूर गोल्ड मीट के पहले दिन तेजस्विन ने शानदार शुरुआत की और 4292 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे. उन्होंने 100 मीटर दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 11.02 सेकंड का समय निकाला. दूसरे दिन भी उन्होंने 110 मीटर हर्डल्स में 14.63 सेकंड के समय के साथ बढ़त बनाए रखी. पोल वॉल्ट में 4.10 मीटर की छलांग के बाद वह छठे स्थान पर पहुंच गए, जो कि इस स्पर्धा में उनका पर्सनल बेस्ट भी है. लेकिन उन्होंने जेवलिन थ्रो (52.89 मीटर) और अंतिम स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में 4:31.80 मिनट का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए जोरदार वापसी की और चौथे स्थान पर फिनिश किया.

### लीजेंड्स चैंपियनशिप में तीसरी हार से भारत लगभग बाहर

## 23 रन से जीता इंग्लैंड, बोपारा का शतक

**विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स अंक तालिका**

| टीमें | मैच | जीत | हार | टाई | बिना परिणाम | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस | 5 | 4 | 1 | 0 | 0 | 8 | +2.595 |
| पाकिस्तान चैंपियंस | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 7 | +1.417 |
| ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 5 | +0.287 |
| इंग्लैंड चैंपियंस | 5 | 1 | 3 | 0 | 1 | 3 | -0.809 |
| वेस्टइंडीज चैंपियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 0 | 2 | -1.974 |
| भारत चैंपियंस | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 1 | -1.852 |

एजेंसियां। लंदन

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में लगातार तीसरी हार के साथ भारतीय टीम लगभग सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है. युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम को रविवार को इंग्लैंड चैंपियंस ने 23 रन से हरा दिया. इंग्लैंड के लिए जीत के हीरो रवि बोपारा रहे. उन्होंने शतक जड़ा. पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 223 रन बनाए थे. जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 200 रन ही बना सकी. भारत का इस लीग में आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 29 जुलाई को वेस्टइंडीज चैंपियंस के खिलाफ है.

**अंक तालिका का हाल :** पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार करने के बाद भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका ने 88 रन से और ऑस्ट्रेलिया ने भी चार विकेट से हराया था. भारत चैंपियंस टीम छह टीमों की अंक तालिका में सबसे नीचे है. उसके पास चार मैचों में तीन हार और एक बेनतीजा के साथ एक अंक है. वहीं, इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ तीन अंक लेकर चौथे स्थान पर है. एक मैच उनका बेनतीजा रहा था. एबी डिविलियर्स की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम आठ अंक लेकर शीर्ष पर है.

**इंग्लैंड की पारी**

भारतीय कप्तान युवराज सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी. फिल मस्टर्ड एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इयान बेल और रवि बोपारा ने दूसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी निभाई. बेल 39 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए. वहीं, मोईन अली ने 13 गेंद में एक चौका और चार छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 33 रन बनाए. उन्होंने बोपारा के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी निभाई. समित पटेल नौ गेंद में 20 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि बोपारा ने 55 गेंद में आठ चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 110 रन की पारी खेली. भारत की ओर से हरभजन सिंह ने दो विकेट लिए, जबकि वरुण एरॉन को एक विकेट मिला.

**भारत की पारी**

224 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए. रॉबिन उथप्पा खाता नहीं खोल सके. वहीं, शिखर धवन ने 16 गेंद में 17 रन, अंबाती रायुडू ने 21 गेंद में 28 रन (तीन छक्के) और कप्तान युवराज ने 27 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 38 रन की पारी खेली. स्टुअर्ट बिन्नी ने 13 गेंद में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 35 रन बनाए, लेकिन यह काफी नहीं था. यूसुफ पठान का बल्ला एकबार फिर चला और उन्होंने 29 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए. इरफान पठान 10 रन और विनय कुमार खाता खोले बिना आउट हुए. पवन नेगी चार रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से अजमल शहजाद ने चार विकेट लिए. वहीं, स्टुअर्ट मीकर को दो विकेट मिले. बोपारा ने एक विकेट लिया.

## यूएफा विमेंस यूरो 2025: इंग्लैंड ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को हरा जीता खिताब

एजेंसियां। बासेल

इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने यूएफा विमेंस यूरो 2025 के फाइनल में रविवार को स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. यह लगातार दूसरी बार है जब इंग्लैंड ने यूरो कप जीता है. नियमित समय और अतिरिक्त समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ. मैच के 25वें मिनट में स्पेन ने ओना बाट्ले के क्रॉस पर मरियोना कालदेंते के हेडर की मदद से बढ़त बना ली. इंग्लैंड की रक्षापंक्ति इस दौरान पूरी तरह चूक गई और गोलकीपर हन्ना हैम्पटन गेंद को रोक नहीं सकीं. दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने वापसी की और 57वें मिनट में क्लो केली के शानदार क्रॉस पर एलेसिया रूसो ने हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया. स्पेन ने पूरे मैच में बॉल पजेशन पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार दबाव बनाती रही, लेकिन इंग्लैंड की मजबूत डिफेंस के आगे वह अतिरिक्त समय तक कोई और गोल नहीं कर सकी.




**राहत** | बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

# जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा मामले में एफआईआर रद्द

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्या सेन, उनके परिवार के सदस्यों और कोच के खिलाफ जन्म प्रमाणपत्र फर्जीवाड़ा मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा कि लक्ष्य सेन के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को जारी रखना अनावश्यक है और यह अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा. शीर्ष अदालत ने इससे पहले कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता एम. जी. नागराज को नोटिस जारी किया था. नागराज ने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन और उनके भाई चिराग सेन के जन्म प्रमाणपत्र फर्जी हैं. सुप्रीम कोर्ट कर्नाटक हाईकोर्ट के 19 फरवरी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट ने लक्ष्य सेन, उनके परिवार और कोच यू. विमल कुमार की याचिकाएं खारिज कर दी थीं. हाईकोर्ट ने कहा था कि मामले में प्रथम दृष्टया सबूत हैं, जिनके आधार पर जांच की आवश्यकता है. यह मामला एक निजी शिकायत से जुड़ा है जिसे नागराज ने दायर किया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि सेन के माता-पिता धीरेन्द्र और निर्मला सेन, उनके भाई, कोच और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने मिलकर जन्म प्रमाणपत्रों में हेराफेरी की थी. सुप्रीम कोर्ट ने मामला खारिज कर दिया. 23 साल के लक्ष्य सेन भारत के टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी में शामिल हैं. उनके नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल हैं. इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में भी वह गोल्ड के साथ सिल्वर मेडल जीत चुके हैं. एशियन गेम्स में भी उनके नाम गोल्ड है. पेरिस ओलिंपिक में लक्ष्य ने दमदार प्रदर्शन किया था लेकिन ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला हार गए थे. वह ओलिंपिक में बैडमिंटन सिंगल्स इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं.



## एफ1 बेल्जियम ग्रां प्री 2025: बारिश के कारण देर से शुरू हुई रेस में पियास्त्री ने दर्ज की शानदार जीत



एजेंसियां। स्पा-फ्रैंकोरशॉ (बेल्जियम)

ऑस्ट्रेलिया के ऑस्कर पियास्त्री ने रविवार को बारिश के कारण देर से शुरू हुई एफ1 बेल्जियम ग्रां प्री में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने मैकलारेन टीममेट और खिताबी प्रतिद्वंदी लैंडो नॉरिस को शुरुआती दौर में ही ओवरटेक कर जीत दर्ज की. इस जीत के साथ पियास्त्री ने चैंपियनशिप में अपनी बढ़त को 16 अंकों तक पहुंचा दिया है. फेरारी के चार्ल्स लेक्लर तीसरे स्थान पर रहे, जबकि मौजूदा चैंपियन मैकलारेन टीम ने 13 में से छठी बार एक-दो की समाप्ति हासिल की – यह लगातार तीसरी बार है जब टीम को डबल पॉडियम मिला है. बारिश के कारण स्पा-फ्रैंकोरशॉ सर्किट पर रेस की शुरुआत में ही रेड फ्लैग दिखाई गई और एक घंटे 20 मिनट की देरी के बाद रेस को शुरू किया गया. भारी बारिश और ट्रैक पर खड़े पानी के कारण विजिबिलिटी बेहद खराब थी. रेस की शुरुआत से पहले चार लैप्स तक सेफ्टी कार के पीछे चलने के बाद रेस को रोलिंग स्टार्ट के जरिए शुरू किया गया. पियास्त्री ने पहले ही लैप में तेज़ी दिखाते हुए यू रूज सेक्शन में नॉरिस को ओवरटेक कर बढ़त ले ली.

पियास्त्री ने कहा, "मुझे पता था कि जीतने का सबसे अच्छा मौका पहले ही लैप में मिलेगा. टर्न वन से अच्छा एक्ज़िट मिला और रेज में जितना कम संभव हो सका, उतना ही लिफ्ट किया. बाकी रेस हमने अच्छे से कंट्रोल की, हालांकि अंत में थोड़ा संघर्ष किया. शायद मीडियम टायर्स आखिरी 5-6 लैप्स के लिए सही विकल्प नहीं थे, लेकिन हम स्थिति को संभालने में सफल रहे." नॉरिस को रेस के दौरान बैटरी की समस्या का सामना करना पड़ा था और उन्होंने रेडियो पर पूछा कि "पावर क्यों नहीं आ रही", लेकिन बाद में उनकी कार में पावर वापस आ गई. नॉरिस ने हार स्वीकारते हुए कहा, "ऑस्कर ने बेहतर काम किया. एयू रेज में उसने ज़्यादा कमिट किया, स्लिपस्ट्रीम मिली और बढ़त ले ली. उसके बाद मेरे पास ज़्यादा विकल्प नहीं थे." पियास्त्री ने 12वें लैप में इंटरमीडिएट टायर्स से मीडियम टायर्स में बदलाव किया जबकि नॉरिस ने एक लैप बाद हार्ड टायर्स का चुनाव किया. दोनों ने फिर एक ही स्टॉप पर पूरी रेस पूरी की.पियास्त्री ने 3.415 सेकंड के अंतर से रेस जीती, जबकि नॉरिस तीसरी जीत की तलाश में थे लेकिन अंत में दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा. शनिवार के स्प्रिंट विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन रेड बुल के लिए चौथे स्थान पर रहे. यह रेस रेड बुल के लिए क्रिश्चियन हॉर्नर के टीम प्रिंसिपल पद से हटाए जाने के बाद पहली ग्रां प्री थी. मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल पांचवें, जबकि विलियम्स के एलेक्स एल्बोन ने फेरारी के लुईस हैमिल्टन को पीछे छोड़ते हुए छठा स्थान हासिल किया.

## ब्रीफ न्यूज

### सम्राट होटल में लगी आग खिड़की से कूदे लोग

**पटना।** राजधानी पटना के सबसे व्यस्त जगह डाक बंग्ला पर स्थित होटल सम्राट में रविवार-सोमवार दरमियानी रात लगी आग से अफरा-तफरी मच गई. आग लगने की वजह से घबराहट में आकर तीन लोगों ने होटल के कमरे की खिड़की से छलांग लगा दी, लेकिन वे सुरक्षित हैं. करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया. इस घटना के समय होटल में लगभग 25 से 30 लोग मौजूद थे, जिनमें से 15 लोग फंसे हुए थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया. दमकल की गाड़ियों के साथ ही मौके पर एंबुलेंस भी पहुंची. 5 घायल व्यक्तियों को तुरंत पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के दौरान घबराहट में तीन लोगों ने होटल से कमरे की खिड़की के रास्ते छलांग लगा दी, लेकिन वे सुरक्षित हैं. कोतवाली के लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बातचीत में बताया कि एक व्यक्ति के कमर में चोट आई है.

### बाबा सोमेश्वर महादेव को किया जलाभिषेक

**पूर्वी चंपारण।** उमस भरी भीषण गर्मी के बीच श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर जिले के अरेराज स्थित सुप्रसिद्ध मनोकामनापूरक पंचमुखी बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव को जलाभिषेक के लिए मंदिर में लाखो श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.देर रात्रि पूजा के बाद करीब दो बजे ही श्रद्धालुओ के जलाभिषेक के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया. मंदिर प्रबंधन के अनुसार दोपहर तक करीब डेढ लाख से ज्यादा लोग जलाभिषेक कर चुके हैं.वही अब भी जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर के बाहर कई किलोमीटर तक श्रद्धालुओ की लंबी कतार लगी हुई है.पूरा वातावरण ₹बोल बमर₹ और ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोष से गूंजायमान हो रहा है. मंदिर के महंत महा मंडलेश्वर रविशंकर गिरि ने बताया कि श्रद्धालुओ की भारी भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई गई हैं. सुरक्षा को लेकर प्रशासन के स्तर पर भी व्यापक प्रबंध किये गये है.

## लखीसराय में प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित किया, कहा

# बिहारवासी वोट की ताकत समझें

**शुभम संदेश। लखीसराय**



जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को अपनी बिहार परिवर्तन यात्रा के तहत लखीसराय के सूर्यगढ़ा पहुंचे. यहां आयोजित जनसभा में उन्होंने बिहार की राजनीति, कानून व्यवस्था और नेताओं की भूमिका पर तीखा प्रहार किया. इस दौरान उन्होंने एनडीए सहयोगी दलों की स्थिति, चिराग पासवान के विवादित बयानों और तेज प्रताप यादव की राजनीतिक शैली पर भी खुलकर अपनी राय व्यक्त की. प्रशांत किशोर ने लोजपा नेता चिराग पासवान के उस बयान पर कड़ी टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा था, "मुझे दुख है कि मैं इस सरकार का हिस्सा हूं." इस पर पीके ने स्पष्ट कहा कि जो भी बिहार की चिंता करता है, वह बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं कर सकता. उन्होंने कहा कि जनता का दबाव इतना बढ़ गया है कि अब एनडीए के सहयोगी दल भी खुलकर अपनी असहमति व्यक्त कर रहे हैं. लेकिन प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान से दो टूक अपील की कि अगर उन्हें सच में बिहार की कानून व्यवस्था से दुख है, तो वे सरकार से बाहर आ जाएं. उन्होंने कहा, "एक साथ सत्ता में रहकर और उसी सत्ता की आलोचना करना जनता के साथ धोखा है." उन्होंने चिराग से आग्रह किया कि अगर वे वास्तव में जनता की भलाई चाहते हैं तो जनता की आवाज़ बनें और अपने संकल्पों के साथ आगे आएं.

जनसभा में जब तेज प्रताप यादव की राजनीतिक शैली और पीली टोपी पहनने के ट्रेंड पर सवाल किया गया तो प्रशांत किशोर ने हंसते हुए चुटकी ली. उन्होंने कहा कि पीली टोपी पहनना जरूरी नहीं कि वह जन सुराज के साथ जुड़ा हो. उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "तेज प्रताप से पूछना चाहिए कि वे कब हरा पहनेंगे और कब पीला. जन सुराज का रंग पीला है, जो इस रंग में रंगना चाहता है, वह रंग जाए." इस बयान को कई राजनीतिक विशेषज्ञ एक संकेत या आमंत्रण के रूप में भी देख रहे हैं. सूर्यगढ़ा में आयोजित जनसभा में प्रशांत किशोर ने जनता से विशेष आग्रह किया कि इस बार वोट सोच-समझकर और विवेकपूर्ण ढंग से दें. उन्होंने साफ कहा कि उन्हें उन नेताओं को वोट नहीं देना चाहिए जो आपके और आपके बच्चों का भविष्य लूट रहे हैं. चाहे वह लालू यादव हों, नीतीश कुमार हों या नरेंद्र मोदी, किसी भी ऐसे नेता को वोट न दें जो सिर्फ व्यक्तिगत या पार्टी हित के लिए काम कर रहे हों. प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि चेहरे देखकर वोट देना बंद किया जाए और अपने बच्चों की शिक्षा, रोजगार और विकास के लिए मतदान किया जाए. यही सच्चा जन सुराज होगा.

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिहार में अब जनता का राज चाहिए, न कि नेताओं का. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता जाग चुकी है और अब वह केवल अपने विकास और सुरक्षा के लिए काम करने वाले नेताओं को ही स्वीकार करेगी. प्रशांत किशोर ने अपनी सभा में बिहारवासियों से अपील की कि वे अपने वोट की ताकत को समझें और ऐसे नेताओं को चुनें जो सचमुच जनता के हित में काम करें. इस जनसभा में प्रशांत किशोर की बातों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. उनकी टिप्पणी और अपील इस बार के चुनाव को लेकर जनता की सोच को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है. उन्होंने साफ कर दिया कि बिहार में बदलाव तभी संभव है जब जनता संगठित होकर भ्रष्टाचार, अपराध और असंगति को हरा दे. लखीसराय के सूर्यगढ़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने बिहार की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और कानून व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने चिराग पासवान के बयान को निराधार बताया और तेज प्रताप यादव की पीली टोपी की चुटकी ली. साथ ही, उन्होंने जनता से जागरूक होकर अपने वोट का इस्तेमाल करने की अपील की, ताकि बिहार में सच्चा जन सुराज स्थापित हो सके.

## मुजफ्फरपुर में जन संवाद कार्यक्रम में तेज प्रताप ने अपने पिता को बताया

# बिहार की राजनीति का एक महान योद्धा

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजद के पूर्व नेता तेज प्रताप यादव ने अपनी पार्टी के कुछ नेताओं पर कड़े आरोप लगाए हैं. मुजफ्फरपुर के बोचहां विधानसभा क्षेत्र के बोरवारा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान तेज प्रताप ने कहा कि उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता इसलिए दिखाया गया क्योंकि कुछ नेताओं को लगा कि वे 'दूसरे लालू प्रसाद यादव' बन गए हैं. तेज प्रताप ने अपनी पार्टी से बाहर किए जाने के कारणों पर बात करते हुए कहा, "मुझे पार्टी से इसलिए निकाला गया क्योंकि लोगों को लगने लगा कि तेज प्रताप में वही जज्बा है जो मेरे पिता लालू प्रसाद यादव में था. मेरे खून में वह आग है जो मेरे पिता में थी." उन्होंने अपने पिता को बिहार की राजनीति का एक महान योद्धा और महायुग पुरुष बताया और कहा, "गोपालगंज की धरती से लालू जी जैसे महान नेता जन्मे जिन्होंने सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया. बीजेपी ने उन्हें जेल में डालने की साजिश रची." तेज प्रताप ने अपने साथ हो रही अन्याय की भी शिकायत की. उन्होंने कहा कि उन्हें सालों तक रोका गया और बंधक बनाकर रखा गया. उन्होंने सवाल उठाया कि जब जनता ही पार्टी की असली ताकत है, तो उन्हें लोगों के बीच जाने से क्यों रोका गया. उन्होंने साफ कहा, "कुछ लोग जानते हैं कि मेरे अंदर वही आग है जो लालू जी में थी, इसलिए उन्हें डर लगता है." तेज प्रताप ने राजद के कुछ नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी में कुछ लोग अपने पापड़ बेल रहे हैं और वे लालू प्रसाद यादव का फोटो अपने बैनर-पोस्टर पर तक नहीं लगाते, जबकि लालू जी ने पार्टी को अपने खून-पसीने से सींचा है. उन्होंने नए प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल पर भी कटाक्ष किया और कहा, "वो भूल गए हैं कि उनके ऊपर राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन हैं. मेरे खिलाफ बयानबाजी करते हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए." तेज प्रताप ने इस बार महुआ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान भी किया है. उन्होंने कहा कि वे अपने पिता लालू प्रसाद यादव को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं और बीएन कॉलेज में दाखिला लेकर उनके नक्शे-कदम पर चल रहे हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही उन्होंने अपनी अलग पार्टी और संगठन बनाया है, लेकिन अपने माता-पिता का फोटो कभी अपने बैनर से हटाया नहीं. तेज प्रताप ने कहा, "कई लोग सोचते हैं कि मैंने नया संगठन बनाकर लालू जी को भुला दिया, लेकिन आज भी उनके फोटो मेरे बैनर पर मौजूद हैं."

### बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद को मिला सेवा विस्तार

**पटना।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के वर्तमान निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद की सेवा अवधि को अगले एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है. यह अवधि विस्तार अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से प्रभावी रहेगा. बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद को सेवा विस्तार देने का निर्णय भारतीय संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत बनाए गए बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा-123 तथा बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2008 के नियम-05 में निहित प्रावधानों के तहत लिया गया है. बिहार के राज्यपाल द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत यह विस्तार दिया गया है. इस सेवा विस्तार को आगामी विधानसभा चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जोड़कर देखा जा रहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया निर्बाध और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके.

## न्यूज अपडेट

### अपराधी डबलू यादव उत्तर प्रदेश के हापुड़ में ढेर

**पटना।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में सोमवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 50 हजार रुपये के इनामी और कुख्यात अपराधी डबलू यादव को मार गिराया. यह ऑपरेशन यूपी एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त टीमों ने पिलखुवा थाना क्षेत्र में अंजाम दिया. डबलू यादव बिहार के बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के राजवाड़ा गांव का रहने वाला था और उस पर हत्या, लूट, रंगदारी समेत कई गंभीर मामलों में इनाम घोषित था. पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना मिली थी कि डबलू यादव अपने गैंग के साथ हापुड़ में छिपा हुआ है और किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहा है. इस पर यूपी एसटीएफ और बिहार पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की. पुलिस टीम को देख डबलू यादव ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई कर उसे मार गिराया. मौके से एक पिस्टल, जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है. डबलू यादव की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई है और उसकी पहचान बिहार पुलिस ने की है. बिहार पुलिस ने बताया कि डबलू यादव का आपराधिक इतिहास बेहद खतरनाक था. उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, अवैध हथियार रखने समेत कई गंभीर मामले दर्ज थे.

### ई सिगरेट तस्करी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल में बहुचर्चित 2 करोड़ 68 लाख रुपये मूल्य की चाइनीज ई सिगरेट तस्करी मामले के दोनों मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दोनों की पहचान मदन साह और लक्ष्मण प्रसाद के रूप में हुई है. दोनों को हरैया थाना पुलिस ने रक्सौल एसडीजीएम कोर्ट द्वारा जारी गैरजमानती वारंट के आधार पर नाटकीय ढंग से गिरफ्तार किया है. उल्लेखनीय है,कि बीते साल दिसंबर माह में रक्सौल स्टेशन से दिल्ली भेजे जा रहे एक पार्सल से कस्टम विभाग ने भारी मात्रा में चाइनीज सिगरेट जब्त की थी. यह सिगरेट फर्जी दस्तावेजों के सहारे कॉस्मेटिक्स सामान के रूप में बुक कराई गई थी. उक्त कारवाई भारतीय कस्टम ने गुप्त सूचना के आधार पर करते हुए रक्सौल स्टेशन के प्लेटफार्म से चाइनीज ई सिगरेट की इस बड़ी खेप को बरामद किया था. इस दौरान रक्सौल जीआरपी और कस्टम अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी. रक्सौल जीआरपी प्रभारी ने दबंगई दिखाते हुए कस्टम टीम को चार घंटे तक थाने में बिठाए रखा था. इतना ही नहीं, मुख्य आरोपी कैमरे के सामने यह झूठा बयान देता नजर आया था कि उसने डेढ़ लाख रुपये कस्टम सुपरिटेंडेंट को रिश्वत में दिए हैं.

### खराब मौसम की वजह से टला सीएम का कटिहार दौरा

**कटिहार।** खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कटिहार जिले के समेली प्रखंड का प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द हो गया है. सीएम सोमवार को समेली में स्वर्गीय अनूप लाल मंडल की प्रतिमा का अनावरण और प्रगति यात्रा के दौरान की घोषणाओं से संबंधित विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने वाले थे. जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को विस्तारित किया गया है और नई तारीख पर सीएम खुद इस कार्यक्रम को संपन्न करेंगे. बताया जा रहा है कि बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली के लोकार्पण समारोह के कारण भी सीएम का दौरा टाला गया है, जिसमें दुनिया भर से करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और भिक्षु बिहार आ रहे हैं.

### नन्हे कांवरियों की निकली आदर्श कांवर यात्रा

**अररिया।** फारबिसगंज के विद्या भारती विद्यालय, सुलोचना देवी डॉ डीएल दास सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कटहरा के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने सोमवार को आदर्श कांवर यात्रा का आयोजन कर सभी को भाव विभोर कर दिया. सनातन धर्म के मूल्यों को मजबूत और जागृत करने के उद्देश्य से यह यात्रा विद्या मंदिर कटहरा से प्रारंभ होकर गरीब नाथ मंदिर बगीचा चौक उसके बाद बड़ा शिवालय मंदिर तक निकाली गई. इस दौरान दर्जनों की संख्या में छोटे-छोटे भैया-बहन कांवरिये अपने कंधों पर जल कांवड़ लिए हुए पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए. कुछ बच्चों ने भगवान शिव और माता पार्वती का वेश धारण कर आकर्षण का केंद्र बने रहे. शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और स्वागत कर इन नन्हे भक्तों का उत्साहवर्धन किया. बड़ा शिवालय मंदिर पहुंचने पर अन्य भक्त जानों ने बच्चों का जोश के साथ स्वागत किया. नन्हें मुन्हें बच्चों को द्वारा निकाली गई कांवर यात्रा की विद्यालय के अध्यक्ष राम प्रकाश प्रसाद, उपाध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, सदस्य सकलदेव मंडल , सुमन पाण्डेय के साथ - साथ अन्य सदस्यों ने सराहना किया.

## कारोबार

### ट्रेनों में खाने की खराब क्वालिटी पर एक साल में 6,645 शिकायतें

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल की ट्रेनों में देरी के अलावा अब पेंट्री कार के भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं की खराब क्वालिटी को लेकर रेलवे प्रशासन को कुल 6,645 शिकायतें प्राप्त हुई हैं. यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में राज्यसभा में एक लिखित जवाब के दौरान दी. रेल मंत्री ने बताया कि इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 1,341 मामलों में भोजन सप्लाई करने वाली एजेंसियों पर जुर्माना लगाया गया.

### भारत-यूके एफटीए के पहले वर्ष में 4,060 करोड़ का सीमा शुल्क नुकसान

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच 24 जुलाई को हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पहले वर्ष में भारत को 4,060 करोड़ का सीमा शुल्क राजस्व नुकसान होने की संभावना है. यह जानकारी थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने दी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समझौते के तहत कई वस्तुओं पर टैरिफ (शुल्क) या तो कम कर दिया गया है या पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जिससे राजस्व में गिरावट आएगी.

### आरबीआई ने 36,000 करोड़ की प्रतिभूतियां बेचीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 36,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की. इस नीलामी में दो अलग-अलग अवधि की प्रतिभूतियों को शामिल किया गया था. पहली, 5.91% कूपन दर वाली जी-सेक जो 2028 में परिपक्व होगी, के लिए 6,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि तय की गई थी. दूसरी, 6.33% कूपन दर वाली जी-सेक जो 2035 में परिपक्व होगी, के लिए 30,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि थी. दोनों ही नीलामियां पूरी तरह सब्सक्राइब हो गईं, जिससे सरकारी बॉन्ड में निवेशकों की मजबूत रुचि सामने आई.

## भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में नरमी के संकेत

# निवेश नीति पर फिर भी भारत सख्त

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में हाल के दिनों में कुछ नरमी देखी गई है, लेकिन मोदी सरकार फिलहाल चीन से आने वाले निवेश पर लगी पाबंदी हटाने के मूड में नहीं है. सूत्रों के मुताबिक, सरकार की तरफ से प्रेस नोट 3 की समीक्षा करने की कोई योजना नहीं है. यह कदम स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं को दर्शाता है. अप्रैल 2020 में लाए गए प्रेस नोट 3 के तहत भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों — विशेष रूप से चीन — से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए भारत सरकार की मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी. उस वक्त इस नीति का उद्देश्य कोविड-19 महामारी के दौरान घरेलू कंपनियों को विदेशी अधिग्रहण से बचाना था, लेकिन अब यह नीति राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से और अधिक महत्वपूर्ण बन गई है.

सूत्रों ने बताया कि अभी यह बहुत शुरुआती दौर है और नीति में ढील देने को लेकर किसी स्तर पर कोई गंभीर विचार-विमर्श नहीं हुआ है. फिलहाल इस नीति में बदलाव की संभावना भी कम है. सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि चीन के साथ किसी भी तरह की आर्थिक साझेदारी से पहले पूरी सतर्कता बरती जाए. हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों देशों के बीच अधिक आर्थिक संवाद की जरूरत पर ज़ोर दिया, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया में ₹सावधानी₹ बरतने की भी बात कही. उन्होंने कहा कि भारत और चीन, दोनों ही देश व्यापार बढ़ाने में रुचि रखते हैं, लेकिन यह कदम सोच-समझकर उठाना होगा ताकि भारत के हितों की रक्षा हो सके. गौरतलब है कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन के रिश्तों में खटास आ गई थी. तभी से भारत ने चीन के साथ निवेश और व्यापार के मोर्चे पर सतर्क रुख अपनाया है. अब जबकि कुछ राजनयिक संकेत सकारात्मक दिख रहे हैं — जैसे चीनी नागरिकों को वीजा देने में नरमी — फिर भी सरकार निवेश नीति जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जल्दबाज़ी नहीं करना चाहती.

भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश को आकर्षित करना चाहता है, और यह क्षेत्र चीन की मौजूदगी के बिना आगे नहीं बढ़ सकता. लेकिन सरकार भू-रणनीतिक जोखिमों को समझते हुए दीर्घकालिक रणनीति के तहत काम कर रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश नीति में कोई भी ढील एक बड़ा भू-राजनीतिक निर्णय होगा, जिसका सीधा असर भारत के घरेलू उद्योगों और संवेदनशील क्षेत्रों पर पड़ सकता है. ऐसे में सरकार संबंधों में किसी भी बदलाव को लेकर बेहद सतर्क रुख अपना रही है और आगे के किसी भी फैसले से पहले व्यापक विचार-विमर्श की प्रक्रिया अपनाएगी. भारत और चीन के बीच रिश्तों में हल्की नरमी जरूर आई है, लेकिन प्रेस नोट 3 फिलहाल बना रहेगा. सरकार इस नीति को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक संप्रभुता के संतुलन के तौर पर देख रही है.

### डेडलाइन के दबाव में यूरोपीय संघ को झुकना पड़ा

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच एक नया व्यापार समझौता हुआ है, जिसकी घोषणा रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की. यह समझौता स्कॉटलैंड में यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ हुई बातचीत के बाद सामने आया. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते के तहत ईयू से अमेरिका में आयातित अधिकांश वस्तुओं पर अब 15% टैरिफ लगाया जाएगा. समझौते में यह भी तय हुआ है कि यूरोपीय संघ अमेरिका से 750 अरब डॉलर की ऊर्जा खरीदेगा और अमेरिका में अपने मौजूदा निवेश से 600 अरब डॉलर अधिक निवेश करने के लिए सहमत हुआ है. यह समझौता उस डेडलाइन से ठीक पहले हुआ है जब अमेरिका ने 1 अगस्त से यूरोपीय आयात पर 30% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी. हालांकि यह समझौता सतही रूप से बड़ी उपलब्धि नजर आता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार, यह यूरोपीय संघ के लिए घाटे की डील साबित हो सकती है. ट्रंप की टैरिफ धमकी ने ईयू को अपेक्षाकृत कम अनुकूल शर्तों पर समझौते के लिए मजबूर किया.

## यूरोपीय संघ — यूएस व ईयू के बीच हुआ व्यापार समझौता वैश्विक बाजारों के लिए राहत

# भारत के लिए इसके असर सकारात्मक नहीं हैं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में हुआ व्यापार समझौता वैश्विक बाजारों के लिए राहत लेकर आया है, लेकिन भारत के लिए इसके असर सकारात्मक नहीं रहे हैं. वैश्विक व्यापार में स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है, फिर भी भारत को इस समझौते के बाद रुपये में कमजोरी, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की बिकवाली, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और शेयर बाजार में गिरावट जैसे नकारात्मक संकेत मिले हैं. अमेरिका-ईयू समझौते के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.4% बढ़कर 68.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई. भारत, जो कच्चे तेल का बड़ा आयातक है, उसके लिए यह सीधा झटका है. इससे आयात बिल और व्यापार घाटा बढ़ सकता है. साथ ही, ऊंची तेल कीमतें घरेलू महंगाई में इजाफा कर सकती हैं, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों को लेकर दबाव बढ़ेगा. इस बीच, विदेशी निवेशक भारत से पूंजी निकाल रहे हैं. जुलाई में अब तक भारतीय शेयर बाजारों से लगभग 75 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी हो चुकी है. 24 जुलाई को ही एफपीआई ने 23.11 करोड़ डॉलर के शेयर और 5.52 करोड़ डॉलर के बॉन्ड बेचे. इससे रुपये पर दबाव और बढ़ा है. डॉलर के मुकाबले रुपया 86.48-86.51 के बीच कारोबार करता दिखा, जिसमें गिरावट का रुझान है. शेयर बाजारों में भी निराशा देखी जा रही है. वैश्विक स्तर पर बाजारों में सुधार के बावजूद भारतीय निवेशकों में अनिश्चितता बनी हुई है. इसका कारण यह भी है कि निवेशक अब अमेरिका और ईयू जैसे स्थिर और बड़े बाजारों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी का पलायन बढ़ सकता है. इसके साथ ही, इस हफ्ते अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक भी बाजारों की नजर में है. यदि सितंबर में ब्याज दर कटौती के संकेत मिलते हैं, तो अमेरिका विदेशी निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बन सकता है. इससे भारत पर और दबाव आ सकता है. अमेरिका-ईयू समझौता वैश्विक व्यापार युद्ध की संभावनाओं को टालता है और जोखिम को कम करता है, लेकिन यह संकेत भी देता है कि वैश्विक व्यापार अब बड़े ब्लॉकों के बीच द्विपक्षीय समझौतों की दिशा में बढ़ रहा है.

### मिराए एसेट एग्रेसिव हाइब्रिड फंड के 10 वर्ष पूरे, मना जश्न

# बरियातू में पीएमपीके वेल्थ प्राइवेट लि. के नए कार्यालय में केक कटा



मिराए एसेट म्यूचुअल फंड ऑफिस.

**शुभम संदेश। रांची**

मिराए एसेट म्यूचुअल फंड की प्रमुख योजना, मिराए एसेट एग्रेसिव हाइब्रिड फंड ने अपने 10 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं. यह योजना अपने शानदार प्रदर्शन के लिए निवेशकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही है. इस अवसर पर सोमवार को बरियातू मेडिकल चौक स्थित पीएमपीके वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के नए कार्यालय में केक काटा गया. इस अवसर को सेलिब्रेट करते हुए पीएमपीके वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रदीप जैन ने बताया कि इस योजना में 10,000 प्रति माह की एसआईपी करने वाले निवेशकों का इस योजना से पिछले 5 वर्ष में 8.52 लाख और 10 वर्ष में 24.15 लाख की रकम बन गई है. इसी प्रकार 1,00000 रुपए एकमुश्त रकम का निवेश करने वाले निवेशकों ने पिछले 5 वर्ष में 2.15 लाख और 10 वर्ष में 3.25 लाख के धन का निर्माण किया है.

मिराए एसेट म्युचुअल फंड के रीजनल मैनेजर राजेश कुमार ने कहा कि इस योजना के तहत 65 से 80 प्रतिशत रकम को इक्विटी में निवेश किया जाता है और 20-35 प्रतिशत रकम को फिक्स्ड इनकम वाली प्रतिभूतियों में निवेशित किया जाता है. पीएमपीके वेल्थ के निदेशक देवेश जैन ने बताया कि यदि 10 साल पहले किसी निवेशक ने इस योजना में 15 लाख रुपए का निवेश करके 10,000 रुपए प्रति माह सिस्टमेटिक निकासी का लाभ 120 महीनों से लेता चला आ रहा है. आज कुल 12 लाख की निकासी करने के बाद भी उसका निवेश बढ़ कर 24.50 लाख रुपया हो गया है. ऐसी अनेक लाभदायी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा निवेशकों तक पहुंचाने के लिए पीएमपीके वेल्थ ने अपनी एक शाखा बरियातू रोड के मेडिकल चौक पर खोली है. यहां म्युचुअल फंड के जोखिम एवं लाभ के बारे में प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बीमा निवेश के माध्यम से कैसे आर्थिक नियोजन किया जाता है, इसका भी उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा. पीएमपीके वेल्थ के कमलेश कुमार ने बताया कि मिराए एसेट म्युचुअल फंड निवेशकों का 2 लाख करोड़ से अधिक के धन का प्रबंधन कर रही है और पिछले 15 वर्षों में स्वरूप मोहंती के नेतृत्व में और निलेश सुराना के कुशल धन प्रबंधन के कारण कंपनी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रही है.

### एम्बर ग्रुप ने यूनिट्रोनिक्स में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एम्बर ग्रुप ने इजराइल की ऑटोमेशन और स्मार्ट टेक्नोलॉजी कंपनी यूनिट्रोनिक्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है. यह अधिग्रहण 400 करोड़ रुपये से अधिक की ऑल-कैश डील में किया गया है. कंपनी ने सोमवार को इस सौदे की जानकारी दी. एम्बर ग्रुप की सहायक कंपनी आईएलजेआईएन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने यूनिट्रोनिक्स के साथ एक निश्चित समझौता किया है. इस समझौते के तहत आईएलजेआईएन, यूनिट्रोनिक्स की लगभग 40.24% हिस्सेदारी खरीदेगी.

# देश-विदेश

## न्यूज अपडेट

### 65 लाख फर्जी वोटरों का पर्दाफाश लोकतंत्र की जीत : शांता कुमार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची संशोधन को लेकर छिड़े विवाद पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का विपक्ष बिहार में वोट चोरी के नाम पर आंदोलन खड़ा कर रहा है, लेकिन इसकी सच्चाई कुछ और ही है. शांताकुमार ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. बिहार की मतदाता सूची में कुल 7 करोड़ 89 लाख मतदाता दर्ज हैं. चुनाव आयोग के घर-घर सर्वेक्षण में पाया गया कि 36 लाख मतदाता घर पर नहीं मिले और उनका कोई पता नहीं चला.

### धर्मांतरण कानून को और सख़्त बनाने की जरूरत : मुख्यमंत्री

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में धर्मांतरण कानून को और सख्त बनाने की जरूरत बताते हुए इसके लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण के जाल में फंसे लोगों को परामर्श देने की भी बात कही है. मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन कालनेमी की निगरानी के लिए एक एसआईटी गठित करने के निर्देश दिये. मुख्यमंत्री धामी सोमवार को सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की. बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सीमांत प्रदेश होने के साथ ही सनातन की पुण्य भूमि भी है. इसलिए यहां डेमोग्राफी में बदलाव की किसी भी कोशिश को सख्ती से रोका जाए. उन्होंने धर्मांतरण कानून को और सख्त बनाते हुए जरूरी कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिये.

### हमास के बंधक नेपाली छात्र विपिन के बारे में इजरायल को जानकारी नहीं

**काठमांडू।** हमास द्वारा इजरायल पर हमले कर बंधक बनाए गए नेपाली छात्र विपिन जोशी की अवस्था के बारे में इजरायल के विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है कि उनकी अवस्था को लेकर अब तक कुछ भी पता नहीं लग पाया है. इजरायल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि नेपाली छात्र विपिन जोशी सहित 50 लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं है. मंत्रालय के महानिदेशक इडन वार ताल ने कहा कि विपिन जोशी को लेकर अब तक इजरायल सरकार को कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई है. उन्होंने कहा कि हमास के साथ बंधकों की अदला बदली के समय भी उनके बारे में हमास की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया.

### पाकिस्तान में टीटीपी के तीन आतंकियों को मार गिराने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अधिकारियों ने पिछले साल नवंबर में चीन के इंजीनियरों पर हुए हमले में शामिल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के तीन आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है. तीनों को आज सुबह कराची के मंघोपीर इलाके में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान मार गिराया गया. डान अखबार के अनुसार आतंकवाद निरोधी विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक आजाद खान ने कहा कि चीन के इंजीनियरों पर हमले का मास्टर माइंड जफरान अपने दो साथियों के साथ कराची के मंघोपीर इलाके के एक घर में छुपा था. खुफिया एजेंसियों के कर्मियों और आतंकवाद-रोधी अभियान में शामिल जवानों ने तीनों को घेरकर मौत के घाट उतार दिया.

### पाकिस्तान में मानसून की मार अब तक 279 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान के कई हिस्सों में हुई मानसूनी बारिश के कारण आठ और लोगों की मौत हो गई. इसी के साथ देशभर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 279 हो गई. मौसम की मार सबसे अधिकार पंजाब प्रांत झेल रहा है. यहां पिछले 24 घंटों में छह और लोगों मौत हो गए. खैबर पख्तूनख्वा एक और गिलगित-बाल्तिस्तान में एक व्यक्ति की जान चली गई. जियो न्यूज के अनुसार, एनडीएमए ने आज से 31 जुलाई तक गिलगित-बाल्तिस्तान और पीओके में बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी दी है.

### ईरान को चीन से 40 जे-10 सी फाइटर जेट मिलने का दावा

**तेहरान।** इजरायल के भीषण हवाई हमलों के बाद से ही यह अटकलें तेज हो गई थीं कि ईरान अब चीन से फाइटर जेट खरीद सकता है. इस बीच, चीनी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया है कि ईरान को चीन से 40 जे-10 सी फाइटर जेट का पहला जत्था मिल चुका है. यह वीडियो 'वार रिसर्च सोसायटी' के नाम से खुद को पेश करने वाले यूजर किन लिनताओ ने शेयर किया है. वीडियो में दावा किया गया है कि चीनी जे-10 सी विमान पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल, स्टील्थ तकनीक, शक्तिशाली रडार और उन्नत युद्धक क्षमताओं से लैस है. जे-10 विमान पाकिस्तान वायुसेना द्वारा भी उपयोग किया जाता है, जो भारत के राफेल फाइटर जेट के खिलाफ मुकाबले में देखा गया था.



## श्री बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को उपराज्यपाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जम्मू ।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को भगवती नगर यात्री निवास से पवित्र श्री बूढ़ा अमरनाथ जी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उपराज्यपाल ने सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण यात्रा की शुभकामनाएं दीं. उपराज्यपाल ने कहा कि महादेव के निवास की पवित्र यात्रा एक ज्ञानवर्धक अनुभव है. मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह भक्तों के सामने जीवन के रहस्यों को उजागर करती है. उपराज्यपाल ने बाबा अमरनाथ और बूढ़ा अमरनाथ यात्री न्यास, पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, अन्य हितधारकों और लंगर सेवा प्रदान करने वाले संगठनों द्वारा किए गए सावधानीपूर्वक कार्य की सराहना की. वार्षिक तीर्थयात्रा और बूढ़ा अमरनाथ जी मेले, वार्षिक उत्सव के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं. उपराज्यपाल ने कहा कि पहले जत्थे में देश भर से 1000 से अधिक तीर्थयात्री श्री बूढ़ा अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए. वहीं दूसरी ओर कल तक 3.77 लाख तीर्थयात्री श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं. मुझे आशा है कि देश भर से तीर्थयात्री श्री बूढ़ा अमरनाथ जी के दर्शन करने आएंगे और भोलेनाथ से जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र की शांति और प्रगति के लिए प्रार्थना करेंगे.

### तुर्की ने हाइपरसोनिक मिसाइल तायफुन ब्लॉक-4 का सफल परीक्षण किया

# मिसाइल टेस्ट से मिडिल ईस्ट में हलचल

एजेंसी। अंकारा



तुर्की ने चीन और रूस के बाद हाइपरसोनिक मिसाइल रखने वाले देशों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया है. हाल ही में इस्तांबुल में आयोजित इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (आईडीईएफ) में तुर्की ने अपनी नई हाइपरसोनिक मिसाइल तायफुन ब्लॉक-4 का सफल परीक्षण किया है. इस मिसाइल को तुर्की की सरकारी रक्षा कंपनी रोकेटनस ने विकसित किया है, जो करीब 280 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है और हाई-वैल्यू टारगेट्स जैसे एयर डिफेंस सिस्टम और कमांड सेंटर्स को निशाना बना सकती है. तुर्की के इस कदम के बाद मिडिल ईस्ट के अन्य शक्तिशाली देश सुरक्षा चिंताओं से घबराए हुए हैं और माना जा रहा है कि अब इस क्षेत्र में लंबी दूरी की मिसाइलों की होड़ तेज हो सकती है.

तुर्की की नई हाइपरसोनिक मिसाइल तायफुन ब्लॉक-4 एक एडवांस्ड बैलिस्टिक मिसाइल है जिसे जमीन से लॉन्च किया जाता है. यह मिसाइल सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से गाइड होती है, जिससे इसका निशाना लगाना बेहद सटीक होता है. मिसाइल का वजन लगभग 7 टन है और फिलहाल इसे बेचा नहीं जाएगा, बल्कि तुर्की इसे अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए रख रहा है. यह मिसाइल तुर्की के सैन्य विस्तार की योजना का हिस्सा है, जिसमें पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, एयरक्राफ्ट कैरियर और मल्टी लेयर एयर डिफेंस सिस्टम 'स्टील जोम' का विकास शामिल है. तुर्की ने रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी खरीदा है, जो उसकी सैन्य ताकत को और मजबूती देता है. इस मिसाइल के माध्यम से तुर्की मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाकर क्षेत्रीय वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है. इसके साथ ही तुर्की की योजना है कि भविष्य में तायफुन ब्लॉक-4 की मारक क्षमता को 1000 किलोमीटर तक बढ़ाया जाए, जिससे उसकी रणनीतिक स्थिति और मजबूत हो सके. तुर्की के इस सैन्य कदम के बाद मिडिल ईस्ट के अन्य देशों में सुरक्षा की नई दौड़ शुरू होने की संभावना है. विशेषज्ञों का मानना है कि तुर्की की हाइपरसोनिक मिसाइलों से इस्लामिक देशों में उसकी प्रभाव क्षमता बढ़ेगी, जिसके चलते सऊदी अरब और अन्य क्षेत्रीय देश भी लंबी दूरी की मिसाइलों के विकास में तेजी ला सकते हैं. यह क्षेत्र पहले से ही मिसाइल और वायु शक्ति के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में लगा हुआ है. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज के डिफेंस एक्सपर्ट जॉन शेल्डन ने दिसंबर 2024 की रिपोर्ट में बताया है कि क्षेत्रीय देश अपनी वायुशक्ति की बजाय लंबी दूरी की बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को तेजी से अपनाकर पायलट और महंगे लड़ाकू विमान बचाने की रणनीति अपना रहे हैं. इससे सटीक हमले संभव हो रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरण बदल रहे हैं.

एनटीआई में अक्टूबर 2021 में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, मिडिल ईस्ट के 11 देशों के पास मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रेजीम कैटेगरी-I या उससे ऊपर की लंबी दूरी की मिसाइलें हैं. इन देशों में बहरीन, ईरान, मिस्र, इजरायल, सऊदी अरब, सीरिया, यमन, यूएई और तुर्की शामिल हैं. यह क्षेत्र पहले से ही मिसाइल और रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है, और तुर्की के हाइपरसोनिक मिसाइल टेस्ट ने इस दौड़ को और तेज कर दिया है. हाइपरसोनिक मिसाइल तायफुन ब्लॉक-4 की सफलता तुर्की की भूमध्यसागरीय रणनीति को भी मजबूत करेगी. यह मिसाइल तुर्की को सीरिया, लीबिया जैसे देशों में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत करने में मदद कर सकती है. इसके अलावा, तुर्की अपने ड्रोन, स्टील्थ फाइटर जेट और एयरक्राफ्ट कैरियर के विकास से भी क्षेत्र में अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है. तुर्की की हाइपरसोनिक मिसाइल तायफुन ब्लॉक-4 ने मिडिल ईस्ट के सैन्य संतुलन को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है. इससे इस क्षेत्र में मिसाइलों की रेस और सुरक्षा तनाव बढ़ सकते हैं. क्षेत्रीय शक्तियां अब अपनी मिसाइल क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कदम उठाएंगी, जिससे मिडिल ईस्ट में सुरक्षा का माहौल और जटिल हो सकता है. तुर्की की यह नई मिसाइल केवल उसकी सैन्य क्षमता को नहीं बढ़ाएगी, बल्कि उसकी भू-राजनीतिक महत्वता को भी काफी हद तक बढ़ावा देगी.

## बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से ग्राहक का 50 लाख से अधिक का सोना गायब



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला के भिलाई स्थित इंदिरा प्लेस सिविक सेंटर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के लॉकर से एक ग्राहक का 50 लाख रुपये से अधिक का सोना गायब हो गया. पुलिस ने खाताधारक की शिकायत पर मामला दर्ज कर इसकी छानबीन में जुट गई है. हालांकि बैंक प्रबंधन इस मामले में खाताधारक को ही जिम्मेदार ठहरा रहा है. जबकि खाताधारक का कहना है कि उसने या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने लॉकर से सोना नहीं निकाला. इस मामले में भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने खाताधारक सेक्टर-5 निवासी दरोगा सिंह की शिकायत पर बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन के खिलाफ धारा 316(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है. पीड़ित खाताधारक दरोगा सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा में उसे 1991 से लॉकर न 697 आवंटित हुआ था. लॉकर में अपने परिवार का 40 तोला सोना तीन अलग-अलग पोटलियां बनाकर रखा था. लॉकर रूम में सीपेज के कारण लॉकर खोलने में परेशानी होना बताया और इसकी शिकायत करने पर लॉकर की देखरेख करने वाली अनिता कोरेटी एक अस्थाई लॉकर नंबर 547 दिया. इस दौरान पुराना लॉकर ठीक करने के लिए चाबी अपने पास रख लिया. दरोगा सिंह ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को अनिता कोरेटी ने फोन पर बताया कि पुराने लॉकर का सामान अस्थाई लॉकर में रख दिया गया है. पुराना लॉकर ठीक होने के बाद फिर से उसे दे दिया जाएगा. 22 अप्रैल को जब दरोगा सिंह ने अस्थायी लॉकर खोला, तो उसमें से दो पोटलियां गायब थीं. केवल बहू की एक पोटली ही सुरक्षित मिली. दरोगा सिंह ने पुलिस को बताया कि लॉकर केवल वे और उनकी पत्नी ही संचालित करते थे. उनकी बेटी आराधना सिंह ने कभी लॉकर नहीं खोला, इसकी पुष्टि पुलिस को दिए बयान में भी हुई. केवल एक पोटली जो उसकी बहु की थी वही लॉकर में पाया गया.

दारोगा सिंह ने बताया कि लॉकर का संचालन वे स्वयं करते हैं और उनके साथ उनकी पत्नी श्यामा सिंह जाती है. उनकी बेटी अराधना सिंह ने कभी भी लॉकर नहीं खोला.

## नेपाल में एक ही परिवार के 16 सदस्य तीन दिनों से लापता, पुलिस जांच में जुटी

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिला के दुर्गम क्षेत्र में एक ही परिवार के 16 सदस्य तीन दिनों से लापता हैं. शनिवार से लापता हुए इन लोगों के बारे में सोमवार को सुबह जानकारी मिल पाई. मौके पर पहुंची पुलिस की एक टीम अनुसंधान में जुट गई है. गांव के मुखिया शंकर राज बराल ने बताया कि घर की अवस्था देखने के बाद आशंका है कि शुक्रवार या शनिवार से ही इस परिवार के लोग लापता हैं.

उन्होंने कहा कि जंगल के एकांत में यह घर होने के कारण ही हमें सोमवार की सुबह इस बात की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया. सिंधुली के एसपी लालध्वज सुवेदी ने बताया कि एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस की टीम को भेजा गया है. मौके पर पहुंची पुलिस की एक टीम अनुसंधान में जुट गई है. एसपी सुवेदी का कहना है कि सिंधुली जिले के गोलोंजर गांव के जंगल में रह रहे एक घर के 16 सदस्यों के लापता होने की जानकारी मिली है.नेपाल में लोप हो रहे और कुछ दर्जन की संख्या में रहे हायू जाति के इस परिवार का घर जंगल में था. उनकी बोली भाषा और पहनावा अलग ही था. इसलिए ये सभी एकांत जंगल में अपना घर बना कर रह रहे थे.

सरकार ने इस जाति को संरक्षित जाति की सूची में रखा है. इसी कारण इस परिवार को सरकार से मासिक गुजारा भत्ता मिलता है. उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते ही यह भत्ता लेने के लिए उनका परिवार अपने वार्ड कमिश्नर के दफ्तर में आया हुआ था. एसपी को आशंका है कि हो सकता है कि पैसे मिलने के बाद वो सभी एक साथ कहीं घूमने चले गए हों.

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने इंफाल ईस्ट, वेस्ट और थौबल जिलों में कार्रवाई करते हुए पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. ये सभी प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं और इन पर वसूली, धमकाने व अपहरण जैसे मामलों में संलिप्त होने का आरोप है. इंफाल ईस्ट जिले के हुइद्रोम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (अपुनबा सिटी मैतेई) से जुड़े फीजम जोइचंद्र मैतेई (35) और ओइनम नित्रंजीत सिंह (21) को पकड़ा. पूछताछ के दौरान उनके सहयोगी सोरम अबुंगचा मैतेई (39) को काइरंग मानिंग लाइकै से गिरफ्तार किया गया.

## पुणे में धर्म परिवर्तन करा रहे अमेरिकन नागरिक सहित तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिला स्थित पिंपरी चिंचवड़ में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने वाले अमेरिकन नागरिक सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पिंपरी पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है. पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि पिंपरी कैंप स्थित वैष्णो देवी मंदिर के पास रहने वाले शिकायतकर्ता सनी बंसीलाल दानानी (27) की शिकायत के आधार पर पिंपरी पुलिस ने धर्म परिवर्तन के प्रयास का मामला दर्ज किया है. शिकायतकर्ता के अनुसार उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया जा रहा था. मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए उसे कहा गया था कि अगर तुम ईसा मसीह को भगवान मानोगे, तो तुम्हें सुख, शांति, धन और मानसिक स्वास्थ्य मिलेगा. बाकी सभी भगवान और धर्म सिर्फ़ कहानियाँ हैं. इसके अलावा, धर्म परिवर्तन करने पर भविष्य में आर्थिक मदद का वादा करके उनकी धार्मिक मान्यताओं का अपमान किया गया. इसके बाद शिकायतकर्ता पिंपरी पुलिस स्टेशन पहुँचा. उसने आरोपितों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई. पिंपरी पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार शेफ़र जेविन जैकब (उम्र 41, मूल रूप से कैलिफ़ोर्निया, अमेरिका निवासी, वर्तमान में मुकाई चौक, पुणे के पास रहता है), स्टीवन विजय कदम (उम्र 46, उद्यमनगर, अजमेरा, पिंपरी, पुणे निवासी) और एक अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 299, 3(5) और विदेशी अधिनियम की धारा 14 (बी)(ए) के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनसे दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं.

## चीन में भूस्खलन से चार की मौत, आठ लापता



**बीजिंग।** चीन में मूसलाधार बरसात ने बड़े हिस्से में तबाही मचाई है. अधिकांश नदी-नाले उफान पर हैं. इस बीच उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के एक गांव में सोमवार तड़के हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लापता हैं. ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि चेंगडे शहर के लुआनपिंग काउंटी स्थित गांव में भारी बारिश के बीच भूस्खलन हुआ. बचाव कार्य जारी है. इसके अलावा राजधानी बीजिंग और हेबेई प्रांत सहित उत्तरी चीन के कई क्षेत्र मूसलाधार बारिश और बाढ़ की चपेट में हैं. नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार, बीजिंग में सोमवार को बाढ़ का रेड अलर्ट जारी किया गया है. चेतावनी दी गई कि यानकिंग, हुआइरौ और मियुन आदि जिलों के पहाड़ी इलाकों में सोमवार सुबह से मंगलवार सुबह तक भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है. राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग ने हेबेई प्रांत में स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय बजट से 50 मिलियन युआन (6.97 मिलियन डॉलर) का आवंटन किया है. बीजिंग में आज खेलकूद गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है. बीजिंग आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने कहा कि चाओबाई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. मंगलवार सुबह 10 बजे तक शहर के अधिकांश इलाकों में भारी बारिश होगी. इससे पहाड़ी क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन खतरा बहुत अधिक है. देश में शनिवार से रविवार तक हुई लगातार बारिश के कारण हेबेई, बीजिंग, इनर मंगोलिया, शांक्सी, शानक्सी, युन्नान और शिनजियांग की 31 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं.

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व पीएम से मिले नेता विपक्ष जयराम ठाकुर, मांगी एरिया स्पेसिफिक राहत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए भारी नुकसान की विस्तृत जानकारी दी. प्रधानमंत्री ने हालिया आपदा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है. जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि इस आपदा में न केवल लोगों के घर तबाह हुए, बल्कि कई जगहों पर जमीनें भी बह गईं, जिससे प्रभावितों के पास पुनः घर बनाने के लिए भी स्थान नहीं बचा है. उन्होंने मांग की कि ऐसे लोगों के पुनर्वास के लिए 'वन संरक्षण कानून' में रियायत दी जाए ताकि उन्हें सुरक्षित स्थलों पर बसाया जा सके. जयराम ठाकुर ने हिमाचल के भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को 'एरिया स्पेसिफिक' राहत पैकेज देने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लक्षित मदद से प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से पुनर्निर्माण संभव हो सकेगा. ठाकुर ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से राज्य में कुल 1200 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है, जिसमें केवल सराज विधानसभा क्षेत्र में ही 1000 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति आंकी गई है.

**सुरक्षा**

### शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण, 475 किलोमीटर दूर था निशाना

# चीन व पाक सीमा पर तैनात होगी 'प्रलय' मिसाइल

- मिसाइल ने उच्च डिग्री की सटीकता के साथ निर्दिष्ट लक्ष्य को निशाना बनाया.
- भारत इस बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' को भी अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार कर रहा है.

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत ने सोमवार को सुबह 9:35 बजे ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का सफल परीक्षण किया. इस मिसाइल की परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक थी. यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 500 किमी. तक है. इस मिसाइल को पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किये जाने की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है. मिसाइल की जद में पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस और महत्वपूर्ण चीनी ठिकाने आएंगे. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल 'प्रलय' का उड़ान परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया. बैलिस्टिक मिसाइल ने 475 किलोमीटर तक की रेंज में अपने सभी उद्देश्यों को पूरा किया. इस दौरान कई उपकरणों के जरिए तट रेखा से इसके प्रक्षेपण की निगरानी की गई. मिसाइल ने उच्च डिग्री की सटीकता के साथ निर्दिष्ट लक्ष्य को निशाना बनाया. मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया. सभी सेंसर ने मिसाइल प्रक्षेपवक्र को ट्रैक करके सभी घटनाओं को कैप्चर किया. मिसाइल को उच्च-स्तरीय दुश्मन ठिकानों, जैसे हवाई अड्डे, आपूर्ति डिपो और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले के लिए डिजाइन किया गया है. रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की मारक क्षमता को बड़ा बढ़ावा देते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनाती के लिए 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइलों की एक रेजिमेंट की खरीद को मंजूरी दे दी है. चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती करने के लिए यह भारतीय सेना के लिए एक बड़ा निर्णय है, क्योंकि प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल 150-500 किलोमीटर के बीच लक्ष्य को मार सकती है.मिसाइल में एक निश्चित दूरी तय करने के बाद अपना रास्ता बदलने की क्षमता है. सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 500-1000 किलोग्राम का भार वहन करने में सक्षम है. इसे मोबाइल लॉन्चर से भी लॉन्च किया जा सकता है. इसकी तैनाती का उद्देश्य पश्चिमी (पाकिस्तान) और उत्तरी (चीन) दोनों सीमाओं पर विश्वसनीय प्रतिरोध और त्वरित पारंपरिक प्रतिक्रिया प्रदान करना है.

इस मिसाइल की जद में पाकिस्तान के मुशफ, नूर खान, रफीकी और मसरूर एयरबेस के साथ-साथ शिनजियांग में महत्वपूर्ण चीनी ठिकाने आएंगे.मिसाइल को पहले भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद भारतीय सेना में शामिल किए जाने की संभावना है. इस मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल लंबी दूरी की दुश्मन वायु रक्षा प्रणालियों और अन्य उच्च-मूल्य वाले मिसाइलों को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है. इन मिसाइलों को सशस्त्र बलों में शामिल करने के प्रस्ताव को ऐसे समय में मंजूरी दी गई है, जब भारत अपनी रॉकेट फोर्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जो लंबी दूरी से दुश्मन के ठिकानों को मार गिरा सके. चीनी सेना के पास पहले से ही रॉकेट फोर्स है. भारत इस बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' को भी अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार कर रहा है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेल: shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.